आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी 07:19 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 21 जून 2025
वर्ष 6, अंक 211, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



2024 में बच्चों के खिलाफ अभूतपूर्व स्तर पर पहुंची हिंसा 14

सरकार ने स्वास्थ्य समस्याओं पर दिया ध्यान 12

## एक्सिओम-4 मिशन के लिए प्रक्षेपण फिर टला

नई दिल्ली, एजेंसी

- कई बार टलने के बाद रविवार को किया गया था निर्धारित

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन के लिए रविवार को निर्धारित प्रक्षेपण स्थगित करते हुए कहा कि हाल में रूसी खंड में मरम्मत कार्यों के बाद कक्षीय प्रयोगशाला के संचालन का आकलन करने के लिए उसे अतिरिक्त समय की आवश्यकता है।

स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के बूस्टर में रिसाव, प्रक्षेपण पथ में खराब मौसम और ज्वेज्दा सर्विस मॉड्यूल के सबसे पीछे वाले भाग में रिसाव के कारण कई बार टाले जाने के बाद एक्सिओम-4 मिशन के तहत प्रक्षेपण 22 जून को करने का लक्ष्य रखा गया था।

एक्सिओम स्पेस ने एक बयान में कहा कि नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) ने रविवार यानी 22 जून की निर्धारित तारीख पर प्रक्षेपण नहीं करने का निर्णय लिया है तथा प्रक्षेपण की नई तारीख आगामी दिनों में तय की जाएगी।

## देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में बिहार की होगी बड़ी भूमिका: मोदी

सिवान (बिहार), एजेंसी

- सिवान में 5,900 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- राजद पर निशाना, कहा- बिहार दलितों के आदर्श का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने में बिहार की बड़ी भूमिका होगी। दुनिया भारत की प्रगति से बहुत प्रभावित है। वे देख रहे हैं कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है। इसमें बिहार निश्चित रूप से बड़ी भूमिका निभाएगा।

प्रधानमंत्री ने सिवान में 5,900 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करने और वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद लगभग 45 मिनट के संबोधन में आगामी विधानसभा



लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

चुनावों में राजद नीत विपक्ष द्वारा बिहार के आर्थिक संसाधनों पर फिर से कब्जा करने के प्रयासों के प्रति लोगों को आगाह किया। बाबा साहब भीम राव आंबेडकर का कथित रूप से अपमान करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की आलोचना की और कहा कि बिहार के लोग दलितों के इस आदर्श का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। सिवान पहुंचे मोदी ने कहा कि आंबेडकर वंशवाद के खिलाफ थे, लेकिन उन्हें (राजद और उसके सहयोगियों को) यह पसंद नहीं है। इसलिए उन्होंने अपने पैरों के पास उनकी तस्वीर रख ली है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे दलितों का तिरस्कार करते हैं। इसके विपरीत, मोदी बाबासाहेब को अपने दिल में रखता है और उनकी तस्वीर को अपने सीने से लगाकर रखना चाहता है। मोदी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद का नाम लिए बगैर कहा कि 70 वर्षीय बीमार व्यक्ति के पैरों के पास आंबेडकर का चित्र रखा गया था, जिसका विरोध राजग कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद-कांग्रेस के लोगों में वंचित जातियों, दलितों, ओबीसी के लोगों के प्रति कोई सम्मान नहीं है। वे खुद को बाबासाहेब आंबेडकर से ऊपर समझते हैं।

### ओडिशा में की 18,600 करोड़ के 105 प्रोजेक्ट की शुरुआत

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा की अपनी यात्रा के दौरान 18,600 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 105 विकास परियोजनाओं की शुरूआत की, ओडिशा दृष्टि दस्तावेज का अनावरण किया और नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। लखपति दीदी सहित कई लोगों को सम्मानित भी किया। जून 2024 में राज्य में भाजपा नीत सरकार बनने के बाद से छठी बार ओडिशा आए मोदी ने यहां जनता मैदान में सरकार के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में परियोजनाओं की शुरुआत की, तिरंगा यात्रा में शामिल हुए, रोड शो किया।

## एक नजर

### तटरक्षक बल ने पांच घुसपैठियों को पकड़ा

**विशाखापत्तनम।** भारतीय तटरक्षक बल ने आंध्रप्रदेश में एक जहाज में अवैध रूप से सवार होकर घुसपैठ वाले पांच लोगों को काकीनाड़ा तट से गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने शुक्रवार को बताया कि घुसपैठिए कथित तौर पर मछली पकड़ने वाली नाव से आए थे और काकीनाडा के पास वकालपुडी लाइट हाउस से करीब 2.5 समुद्री मील दूर सहायक जहाज एमवी जीएच पाथफाइंडर में घुस गए थे। उन्होंने बताया कि जहाज के नाविकों ने काकीनाडा स्थित तटरक्षक स्टेशन से सहायता मांगने के लिए एक संदेश भेजा। स्टेशन ने अपनी नियमित गश्ती इंटरसेप्टर नाव को भेजा गया। तटरक्षक बल को आते देख घुसपैठियों ने अपनी नाव से भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया।

### मदुरै के मंदिर तोड़ने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के मदुरै में विस्तारा रेजीडेंसी अपार्टमेंट परिसर में बिना अनुमति के बनाए गए मंदिर को तोड़ने पर शुक्रवार को रोक लगा दी और मदुरै निगम को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने विस्तारा वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर यह अंतरिम आदेश पारित किया। याचिका में मंदिर को गिराने का निर्देश देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## डी-कंपनी से साझेदारी करती थीं पिछली सरकारें : मुख्यमंत्री

### योगी ने आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों साइड से किया लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

- कहा-पहचान के संकट से जूझने वाला आजमगढ़ आज बन गया अदम्य साहस का गढ़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों तरफ से 7,283 करोड़ की लागत से बने 91.352 किलोमीटर गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया। इस मौके पर अपने संबोधन में पिछली सरकारों पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे विकास कार्य करने की बजाय डी-कंपनी (दाऊद गिरोह) के साथ साझेदारी करती थीं। कहा कि कभी पहचान के संकट से जूझने वाला आजमगढ़ जिला आज अदम्य साहस का गढ़ बन गया है। प्रदेश में आम आदमी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले के लिए यमलोक का टिकट कट जाता है।

लोकार्पण के बाद आजमगढ़ के सलारपुर, फूलपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा



आजमगढ़ के सलारपुर में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री।

### भर्ती में वसूली पर निकलते थे चाचा-भतीजा

गोरखपुर की तरफ से लोकार्पण समारोह में भगवानपुर टोल प्लाजा पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब प्रदेश में सरकारी नियुक्तियों पर प्रश्न नहीं उठते हैं। अब जाति, क्षेत्र का भेद नहीं होता बल्कि भर्तियां मेरिट के आधार पर और आरक्षण के नियमों के अनुरूप होती हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि भर्तियां 2017 के पूर्व में होती तो चाचा-भतीजा की जोड़ी वसूली पर निकल गई होती।

कि यह एक्सप्रेसवे आजमगढ़ के साथ अंबेडकर नगर, संत कबीर नगर और गोरखपुर को विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसके बनने से नेपाल समेत पटना से दिल्ली की यात्रा आसान होगी। कहा कि 2017 में केवल दो एक्सप्रेसवे (यमुना और आगरा-लखनऊ) थे, जिसमें आगरा-लखनऊ अधूरा था, जिसे डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया। अब 340 किलोमीटर का पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, 300 किलोमीटर का बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और 91 किलोमीटर का गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे चालू हो चुके हैं। इसके अलावा, गंगा एक्सप्रेसवे (600 किलोमीटर), लखनऊ-कानपुर, बलिया लिंक सहित छह एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन हैं। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे ने 3 घंटे की दूरी को 40-45 मिनट में सिमटने का गौरव हासिल किया है।

योगी ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण प्रधानमंत्री करेंगे। उन्होंने आठ साल के कार्यकाल की तमाम उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि यूपी बीमारू और जंगलराज से बाहर निकल कर अब सुरक्षा-सुशासन समेत एक्सप्रेसवे से लेकर प्रगति के हर क्षेत्र में नई इबारत गढ़ रहा है। सपा सरकार के घोटाले गिनाते हुए कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के नाम पर भी करीब 4 हजार करोड़ की डकैती की योजना थी। 15,200 करोड़ में 110 मीटर चौड़ा एक्सप्रेसवे बनाना चाहते थे, हमने उसे 120 मीटर चौड़ा करके 11,800 करोड़ में बनवाया।

## एयर इंडिया की दिल्ली-पुणे उड़ान से टकराया पक्षी



- कंपनी ने रद्द की वापसी की फ्लाइट

**मुंबई।** दिल्ली से पुणे के लिए रवाना हुए एयर इंडिया के विमान से शुक्रवार को एक पक्षी के टकरा जाने के बाद विमानन कंपनी को इसकी वापसी की यात्रा रद्द करनी पड़ी।

विमानन कंपनी ने कहा कि विमान पुणे में सुरक्षित उतर गया और उसके बाद ही पक्षी के टकराने की बात पता चली। एयर इंडिया ने कहा कि विमान को खड़ा कर दिया गया है और इंजीनियरिंग टीम विस्तृत जांच कर रही है। विमानन कंपनी ने कहा कि 20 जून को पुणे से दिल्ली की उड़ान संख्या एआई2470 को पक्षी के टकराने के कारण रद्द कर दिया गया है। फंसे हुए यात्रियों को ठहराने की सुविधा प्रदान करने समेत समस्त इंतजाम कर रही है। यात्रा रद्द करने या पुनर्निर्धारण का विकल्प चुनने वाले यात्रियों को राशि वापस करने की पेशकश भी की जा रही है, वहीं यात्रियों को दिल्ली ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

## केंद्र सरकार कराएगी प्रवेश परीक्षाओं की निष्पक्षता की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने गठित की 9 सदस्यीय समिति
- कोचिंग पर छात्रों की निर्भरता की भी होगी पड़ताल

कोचिंग संस्थानों और 'डमी स्कूलों' के बढ़ते चलन के साथ-साथ प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता की जांच के लिए शिक्षा मंत्रालय ने नौ सदस्यीय समिति गठित की है। अधिकारियों ने बताया कि उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी की अध्यक्षता वाली समिति उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए कोचिंग सेंटरों पर छात्रों की निर्भरता कम करने के उपाय सुझाएगा।

शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि समिति मौजूदा स्कूल शिक्षा प्रणाली में मौजूद उन खामियों की जांच करेगी, जिनके कारण छात्र कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हो जाते हैं। विशेष रूप से यह समिति इस



बात पर गौर करेगी कि किस तरह रटने की प्रवृत्ति हावी है और आलोचनात्मक सोच, तार्किक विवेक, विश्लेषणात्मक क्षमता और नवाचार पर सीमित ध्यान दिया जा रहा है।

### पता लगाएंगे डमी स्कूलों के उभरने के कारण

अधिकारी ने कहा कि 'डमी स्कूलों' के उभरने के पीछे के कारणों की जांच की जाएगी और समिति औपचारिक स्कूली शिक्षा की कीमत पर पूर्णकालिक कोचिंग को प्रोत्साहित करने में उनकी भूमिका का अध्ययन करेगी तथा उन्हें कम करने के उपाय सुझाएगी। समिति स्कूल शिक्षा प्रणाली के संदर्भ में प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता तथा कोचिंग उद्योग के विकास पर उनके प्रभाव का अध्ययन करेगी।

## प्रदेश में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी



लखनऊ में शुक्रवार की सुबह हुई बरसात के चलते केजीएमयू के मुख्य गेट पर भरा पानी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्वी-दक्षिणी 58 जिलों में वज्रपात का अलर्ट जारी
- प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर व भदोही में भारी बारिश का अलर्ट

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मानसून ने तेजी पकड़ ली है। राज्य के दक्षिणी भाग से शुरू होकर मानसून का प्रभाव शुक्रवार को तराई, मध्य और पश्चिमी इलाकों में भी नजर आया। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मध्यम से अच्छी बारिश हुई। प्रयागराज, मिर्जापुर, अमेठी, उन्नाव आदि में बादल जमकर बरसे। राजधानी लखनऊ में भी बारिश हुई।

इस बीच मौसम विभाग ने शनिवार के लिए प्रदेश के 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। जबकि, चार जिलों प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर और भदोही में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। लगभग 58 जिलों में गरज चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है। शनिवार से प्रदेश के दक्षिणी इलाकों समेत विंध्य क्षेत्र और बुंदेलखंड में भी अच्छी बारिश देखने को मिलेगी। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मानसून उत्तर-पश्चिम के कुछ जिलों और एनसीआर को छोड़कर पूरे राज्य में फैल गया है।

## ईडी ने बंगाल, दिल्ली में जब्त किए बैंक खाते और दस्तावेज

कोलकाता, एजेंसी

- ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले में की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी की जांच करते हुए पश्चिम बंगाल और दिल्ली में तलाशी अभियान चलाकर 12 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक खाते और दस्तावेज जब्त किए।


ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी से संबंधित धन शोधन जांच के मामले में पश्चिम बंगाल और नई दिल्ली में सात स्थानों पर छापेमारी की, जहां भोले-भाले निवेशकों को उच्च रिटर्न के झूठे वादों के साथ पैसा निवेश करने के लिए गुमराह किया गया। तलाशी के दौरान, इन गतिविधियों से जुड़े लगभग 203 बैंक खातों को बंद कर दिया गया और 12 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। ईडी ने कहा कि अब तक बंद किए गए 147 बैंक खातों में 4.5 करोड़ रुपये राशि जमा हैं। प्रमुख जांच एजेंसी ने रिकॉर्ड, मोबाइल फोन और लैपटॉप भी जब्त किए। एक परिसर से 4.5 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की।

## ईरान ने भारतीयों की निकासी को हवाई क्षेत्र प्रतिबंध हटाया

**नई दिल्ली।** ईरान ने मशहद से लगभग 1,000 भारतीय नागरिकों को निकालने के वास्ते तीन विशेष उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र प्रतिबंध हटा दिए हैं। ईरानी दूतावास में मिशन के उप प्रमुख मोहम्मद जावेद हुसैनी ने कहा कि जरूरत हुई तो भारतीयों को वापस लाने के लिए आने वाले दिनों में और अधिक उड़ानें संचालित की जा सकती हैं। ईरान की राजधानी तेहरान पर इजराइली हमलों के बाद भारतीयों को मशहद शहर ले जाया गया। निकासी उड़ानों का संचालन ईरानी एयरलाइन द्वारा किया जाएगा, जिसका प्रबंध भारत कर रहा है।

## एसीबी की सिसोदिया से 3 घंटे तक पूछताछ

नई दिल्ली, एजेंसी



- दिल्ली के सरकारी स्कूलों के कक्षा निर्माण में भ्रष्टाचार का मामला

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से यहां सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने शुक्रवार को तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

एसीबी ने सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को तलब किया था। जैन 6 जून को एजेंसी के समक्ष पेश हुए थे। मामला दिल्ली के सरकारी स्कूलों में कक्षाओं और भवन का निर्माण अत्यधिक लागत में करने से संबंधित कथित अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (एसीबी), मधुर वर्मा ने कहा कि सिसोदिया पूर्वाह्न 11 बजे एजेंसी के समक्ष पेश हुए। वर्मा ने कहा कि सिसोदिया से पंच गवाह की मौजूदगी में पूछताछ की गई और उनके जवाब दर्ज किए गए। पूछताछ के बाद वह अपराह्न 2.30 बजे एसीबी कार्यालय से चले गए। दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ की वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के आधार पर 30 अप्रैल को एसीबी द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद समन जारी किए गए।

### 300 से अधिक पासबुक व सरकारी फाइलें जब्त

**नई दिल्ली।** कक्षा निर्माण घोटाले के संदर्भ में ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने मजदूरों के नाम पर खोले गए बैंक खातों (म्यूल) से जुड़ी 300 से अधिक पासबुक जब्त की हैं, जिनके जरिए पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान कक्षा निर्माण 'घोटाले' से प्राप्त राशि की 'हेराफेरी' की गई थी। जांच एजेंसी ने इस सिलसिले में 18 जून को दिल्ली में 37 स्थानों पर तलाशी ली थी। जिसमें कई फाईलें भी जब्त की थी।

## शहर बनेंगे ग्रीन सिटी, भवन निर्माण पर लागू होंगे हरित मानक

### शहरी हरित नीति को कैबिनेट की मिली मंजूरी, स्मार्ट ग्रीन शहरों में बनेंगे वर्टिकल गार्डन, पार्क और मियावाकी फॉरेस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शहरी निकायों में पर्यावरण संरक्षण के प्रयास होंगे तेज

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को शहरी हरित नीति को मंजूरी दे दी है। नगर विकास विभाग से प्रस्तावित इस नीति का मुख्य उद्देश्य राज्य में निरंतर और संपोषणीय विकास को बढ़ावा देना है। जिसके तहत शहरी निकायों में पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को आगे बढ़ाया जाएगा।

साथ ही ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग प्रणाली को विकसित किया जाएगा, जो शहरों को उनकी हरित पहलों के आधार पर ग्रीन स्टार रैंकिंग प्रदान करेगा। इस कड़ी में शहरों में जलवायु



परिवर्तन के प्रभावों को कम करने को वर्टिकल और रूफटॉफ गार्डेन के अलावा मियावाकी जंगलों को भी विकसित किया जाना है। शहरी हरित नीति के तहत तीन-स्तरीय रणनीति अपनाई जाएगी, जिसमें शहर, मोहल्ला और भवन स्तर पर हरित पहलों को बढ़ावा दिया जाएगा। एक ओर शहरी क्षेत्र में मियावाकी पद्धति का उपयोग करते हुए तीव्र विकास वाले घने मिनी-वनों का निर्माण किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर ग्रीन बेल्ट, निम्न-उत्सर्जन क्षेत्र, स्पॉन्ज पार्क और शहरी हरित मेले आयोजित किए जाएंगे। मोहल्ला स्तर पर, पॉकिट पार्क, सामुदायिक बग़ीचे और पार्क गोद लेने की योजनाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही नए निर्माणों के लिए हरित भवन मानकों को अनिवार्य किया जाएगा। शहरी हरित नीति को तीन चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में ये नीति 2025–2027 तक स्मार्ट शहरों और प्रमुख महानगरों पर ध्यान केंद्रित करेगी। दूसरे चरण में 2027–2030 तक उन शहरों को शामिल किया जाएगा जिनकी जनसंख्या एक लाख से अधिक है। जबकि तीसरे चरण में वर्ष 2030 के बाद ये नीति पूरे राज्य की नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में भी लागू की जाएगी।

### कई योजनाओं से धनराशि एकत्रित की जाएगी

प्रदेश में शहरी हरित नीति के संचालन के लिए विभिन्न केंद्र और राज्य की योजनाओं के माध्यम से धनराशि एकत्रित करने का प्रावधान है। जिसमें अमृत 2.0, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, केंद्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग शामिल हैं। शहरी स्थानीय निकाय अपनी आय, सीएसआर फंड और अन्य स्रोतों से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है। शहरी हरित नीति के तहत सामुदायिक भागीदारी को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। जिसमें स्कूलों, कार्यालयों और संगठनों के माध्यम से वृक्षारोपण अभियान चलाए जाएंगे। रूफटॉफ और वर्टिकल गार्डन को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### शहरों को मिलेंगी ग्रीन सिटी की विविध रैंकिंग

शहरी हरित नीति के तहत ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग फ्रेमवर्क स्थापित करने का प्रावधान है। जिसके तहत शहरों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें शहरों को उनके ग्रीन कवर और हरित पहलों के आधार पर रैंक किया जाएगा। इसके तहत शहरों को ग्रीन सिटी, ग्रीन , ग्रीन और ग्रीन की रैंक प्रदान की जाएगी। प्रत्येक शहर की निगरानी स्थानीय, राज्य और तीसरे पक्ष की एजेंसियों द्वारा की जाएगी। सर्वाधिक रैंकिंग प्राप्त करने वाले शहर अल्टीमेट ग्रीन सिटी का पुरूस्कार प्राप्त करेंगे।


YOGA
DAY


अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल कुमार मिश्रा
एडीओ पंचायत विकास खंड सदर लखीमपुर


Happy YOGA DAY
जलालाबाद फोर्स ट्रेक्टर्स एण्ड ई-रिक्शा
फर्रुखाबाद रोड याकूबपुर जलालाबाद, शाहजहाँपुर
मो0-9651453238


INTERNATIONAL YOGA
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
पी एम श्री
कंपोजिट विद्यालय
गोनेरीबदी ब्लाक ललौरीखेड़ा (पीलीभीत)
प्रकाश चन्द्र (इ.प्र.अ)
9412329655


अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल गुप्ता
प्रधान प्रतिनिधि
पसगवां जनपद खीरी


करें योग
रहें निरोग
विश्व योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. आई.एस. तोमर
पूर्व महापौर, बरेली
धन्वन्तरि तोमर हॉस्पिटल
रामपुर गार्डन, बरेली

करें योग, रहें निरोग


INTERNATIONAL YOGA
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. कय्यूम
चेयरमैन
नगर पंचायत सिंगाही
भिड़ौरी जिला खीरी


अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत
डड़िया राझे
विकास खंड
बरखेड़ा कला
पीलीभीत
दयाशंकर राजपूत
ग्राम प्रधान
भुवनेश कुमार
ग्राम पंचायत सचिव


आप सभी को
अंतरराष्ट्रीय
योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
100% BEST QUALITY
KUnj Print
PRINTERS & ADVERTISING
+91 9358523339, 8923501314
Add.: Near Indra Chowk, Civil Line, Budaun- 243601
फ्लैक्स प्रिन्टिंग | वन–वे–विजन स्टीकर
विनायल होडिंग | रेट्रो प्रिन्टिंग | शादी कार्ड | विजिटिंग कार्ड | बिल–बुक
Sachin Rawat

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# ढाई साल से ऊबड़-खाबड़ सड़कों का दंश झेल रहे नगर वासी

## सीवर लाइन खुदाई के बाद नहीं हुई ठीक से मरम्मत, अनियोजित तरीके से डाली गई सीवर लाइन में बार-बार हुई लीकेज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


बहादुरगंज में सड़क के गड्ढे में भरा पानी। ● अमृत विचार


आर्य महिला डिग्री कॉलेज रोड पर सड़क में गड्ढा।


शाहबाद नगर रोड के गड्ढों में भरा पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** महानगर के लोग सालों से ऊबड़-खाबड़ सड़कों का दंश झेल रहे हैं। धीरे-धीरे जनता को टूटी-फूटी और ऊबड़-खाबड़ सड़कों की आदत सी होती जा रही है। सीवर लाइन खुदाई के बाद लगभग ढाई साल पहले सीवर लाइन का काम पूरा किया जाना था। काम पूरा होने के बाद जनता को बदहाल सड़कों से छुटकारा मिल जाना था, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

समय पर सीवर लाइन का काम पूरा नहीं हुआ। विलंब भी ऐसा हुआ कि शहर परेशानी से त्राहि-त्राहि करने लगा। महीने-15 दिन की देरी को काम देर से पूरा होना कहा जा सकता है, लेकिन यहां तो ढाई साल की देरी हो गई है। जो काम जून 2023 में पूरा होना था वह काम जून 2025 में जाकर पूरा हुआ है। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभी भी महानगर का हाल यह है कि कहीं सड़कें टूटी पड़ी हैं, कहीं ऊबड़-खाबड़ हैं तो कहीं अब भी जमीन में धंसी हुई देखी जा रही हैं।

खराब सड़कों से लगातार छुटकारा चाहते हैं, लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है। सीवर लाइन का काम पूरा होने के बाद भी यह सिर दर्द बनी हुई है। अनियोजित खुदाई के चलते लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सीवर लाइन में बार-बार लीकेज हुई, जिसके चलते बार-बार सड़कों को खोदना पड़ा। जिसके चलते सड़कें लंबे समय तक खराब रहीं। कुछ सड़कों को अब तक सही कर लिया गया है, लेकिन कुछ सड़कें आज भी हैं, जो पूरी तरह से सही नहीं हो पाई हैं। तमाम सड़कों में गड्ढे दिखाई दे रहे हैं।

खराब सड़कों के चलते आए दिन छोटे-मोटे हादसे हो रहे हैं और अब तक न जाने कितने लोग गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं।

राज्य सेक्टर कार्यक्रम के तहत शहर में 186 किमी सीवर लाइन बिछाई जानी थी। जिसका काम वर्ष 2021 में शुरू किया गया था। कार्य जून 2023 तक पूरा कराया जाना था लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इसके बाद कार्यदायी संस्था को 31 दिसंबर तक समय दिया गया, फिर भी काम पूरा नहीं हुआ। अब जाकर कहीं काम पूरा हुआ है। इसके बाद भी तमाम सवाल उठ रहे हैं। इस परियोजना को पूरा कराने के लिए 377 करोड़ रुपये प्रस्तावित थे। टेक्नोक्राफ्ट के पक्ष में 248 करोड़ रुपये का टेंडर हुआ। काम का उद्देश्य शहर में सीवर की समस्या और नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाना है। इसके लिए घरों के किचन और शौचालय से निकलने वाला पानी सीवर लाइन से होकर मघई टोला में बनाए गए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में जाएगा। जहां पर जल शोधन होगा। उसके बाद शोधित पानी को नदियों में छोड़ दिया जाएगा। यह प्रक्रिया शुरू भी हो चुकी है।

● **आए दिन होते हैं हादसे, अनगिनत लोग हो चुके चोटिल**

> सीवर लाइन डालने का काम पूरा हो गया है। जहां भी लीकेज की वजह से सड़क धंस रहीं हैं, उनकी मरम्मत कराई जा रही है।
> – **कपिल एम सिंह**, अधिशासी अभियंता, जल निगम।

### लीकेज से धंस रही सड़कें

शहर में सीवर लाइन डालने के लिए अधिकतर सड़कों की खोदाई की गई थी। सीवर लाइन का काम पूरा होने के बाद सड़कों की मरम्मत कर दी गई। अब सीवर लाइन या पाइप लाइन में लीकेज होने की वजह से सड़कें धंस जाती हैं। इसकी वजह से सड़कों पर गड्ढे हो जाते हैं। इनकी ओर को जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं। इसका खमियाजा आम राहगीरों को भुगतना पड़ता है। राहगीरों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। आए दिन लोग गड्ढे की चपेट में आकर चोटिल हो जाते हैं। जाम की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है।

# राष्ट्रहित के कामों में अपनी ऊर्जा खर्च करें युवा : इदरीसी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सामाजिक संस्था अंजुमन इदरीसिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोईन इदरीसी कानपुरी शुक्रवार को निजी काम से शहीदों की नगरी शाहजहांपुर में आए थे। मोईन से मरहूम महबूब हुसैन इदरीसी के बेटे फैजान इदरीसी की शॉप पर हुई मुलाकात में संगठन को मजबूत बनाने, जनपद में सामाजिक संस्था अन्जुमन इदरीसिया की नई टीम के गठन पर चर्चा हुई। साथ ही उन्होंने कहा कि युवा वर्ग राष्ट्रहित के कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मो. नफीस इदरीसी के आह्वान पर राष्ट्र के गौरव परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के जन्मदिन 1 जुलाई पर सभी यूनिट रक्तदान शिविर व वृक्षारोपण आयोजित करें। मुलाकात में अंजुमन इदरीसिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोईन इदरीसी ने संस्था प्रदेश कार्यकारिणी पर चर्चा की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उनकी प्रदेश अध्यक्ष नूर इदरीसी से चर्चा हुई है। आज भी लोगों के अंदर समाज के शैक्षिक और सामाजिक उत्थान का जज्बा है। इस मौके पर संस्था जिला कोषाध्यक्ष नौशाद हुसैन इदरीसी, इंजीनियर अहमद मुबीन इदरीसी ने अंजुमन इदरीसिया के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मोईन इदरीसी को अंग वस्त्र भेंट करके उनका इस्तकबाल किया।


वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोईन इदरीसी स्वागत करते हुए लोग। ● अमृत विचार

## पीस कमेटी की बैठक में ताजिया 8 फीट का निकालने के निर्देश

**खुटार, अमृत विचार:** शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक खुटार थाना में आयोजित की गई। जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र कुमार रावत ने कहा कि मोहर्रम को पूर्व की परंपरा के अनुसार ही मनाने और ताजिया की ऊंचाई 8 फिट तक रखने के निर्देश दिए। साथ ही अप्रिय घटना से बचने के लिए हर ताजिया के साथ एक हेड और पांच वॉलंटियर्स नियुक्त करने की बात कही। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैलाता है या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसएसआई सुभाष चंद्र, उपनिरीक्षक महिपाल सिंह, सरताज बरकाती, पूर्व प्रधान राम प्रकाश मिश्रा पुजारी, राम शंकर मिश्रा, कबीर अहमद, राशिद अली, हनीफ, रफीक आदि मौजूद रहे।

## तिलहर में रोजगार मेला 23 को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से 23 जून को कौशल विकास केंद्र तिलहर परिसर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में 18 वर्ष से 40 वर्ष तक के हाईस्कूल इंटर स्नातक आईटीआई तथा डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। मेला में निजी क्षेत्र की नौ कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। इच्छुक पंजीकृत अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक तकनीकी प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां अपने बायोडाटा एवं फोटोग्राफ के साथ सुबह 10.30 बजे उपस्थित होकर मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# नदी खुदाई में व्यवधान डाला तो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने भैंसी नदी खुदाई कार्यों का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए। एडीएम वित्त को लोकभारती पदाधिकारी और वहां के लोगों ने बताया कि सकरापुर के कुछ लोगों की ओर से नदी खुदाई में व्यवधान कर रहे हैं, जिस पर एडीएम वित्त ने तहसीलदार को तत्काल लेखपाल, कानूनगो, पुलिस राजस्व टीम बुलाकर पैमाइश कराकर कार्यवाही का निर्देश दिया। चेतावनी दी कि यदि नदी को दुबारा अस्तित्व में लाने में कोई भी व्यवधान करेगा तो वह जेल जाएगा। तत्पश्चात एडीएम ने भैंसी नदी खुदाई में लगे जेसीबी मशीन की समीक्षा की। मौके पर 15 जेसीबी चल रही है।


एडीएम वित्त अरविंद कुमार भैंसी नदी खुदाई कार्य का निरीक्षण करते हुए।

● **एडीएम बोले- 25 जून तक भैंसी नदी खुदाई कार्य पूर्ण कराएं**

बंडा बीडीओ को 10 और जेसीबी और बढ़ाकर कार्य कराने का निर्देश दिया गया। चूंकि मानसून प्रारंभ हो गया है, ऐसे में बारिश से खुदाई कार्य में बाधा आएगी। ग्राम करनापुर, सकरापुर, बंडा आदि कई जगहों पर भैंसी नदी किनारे पौधरोपण किया। एडीएम ने भैंसी नदी के पुनरुद्धार में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे लोकभारती पदाधिकारी के उनके मेहनत और जज्बे की सराहना की। इस दौरान तहसीलदार राघवेश, बीडीओ पुवायां, बीडीओ बंडा व लोकभारती पदाधिकारी बिपिन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

# संजीव भारद्वाज ग्राम विकास संगठन के जिला अध्यक्ष बने


संजीव भारद्वाज ग्राम विकास संगठन के जिला अध्यक्ष बने। ● अमृत विचार

**कांट, अमृत विचार:** ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन शाहजहांपुर का वार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को होटल द आर्क में हुआ। अधिवेशन में संवर्ग की समस्याओं पर चर्चा के साथ ही नई कार्यकारिणी का गठन किया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश महामंत्री ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन प्रताप सिंह यादव ने अधिवेशन का शुभारंभ करते हुए कहा के ग्राम विकास अधिकारी गांवों के विकास की रीढ़ हैं। कार्मिकों को गांवों के लिए विकास के लिए पूरे समर्पित भाव से कार्य करना होगा। पहले सत्र में ग्राम विकास अधिकारियों से संवर्ग की तमाम समस्याओं पर चर्चा की। ग्राम विकास अधिकारी संगठन संघर्ष व समन्वय समिति का भी गठन सर्वसम्मति से होटल द आर्क में किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष संजीव भारद्वाज एवं जिला मंत्री शिवसिंह, जिला उपाध्यक्ष कीन्स राजपूत व सत्यप्रकाश शर्मा को सर्वसम्मति से चुना गया।

## सार-संक्षेप

### योग सप्ताह के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित




**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शीर्षक ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ के लिए योग'' रहा। प्रतियोगिता में एनएसएस के स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया, जिसमें प्रथम स्थान निकिता यादव, द्वितीय स्थान अतुल वर्मा, तृतीय स्थान उरूज फातिमा ने प्राप्त किया। प्रकृति संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। संचालन प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कौसर जमाल, डॉ. समन जहरा ज़ैदी, डॉ. रजा रसूल द्वारा आयोजित किया गया। शैलेंद्र, विवेक, उरूज, अलवीरा, अब्दुल रहमान, अतुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

### पुलिस लाइन में योगा शिविर का किया गया आयोजन



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी राजेश द्विवेदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में योगा शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं सूर्य नमस्कार से हुआ। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित जनों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम एवं भ्रामणी प्राणायाम, का अभ्यास किया। एसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग न केवल मानसिक तनाव को दूर करता है, अपितु शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाता है। उन्होंने योग को पुलिस बल की कार्यक्षमता एवं जीवन शैली सुधारने के लिए जरूरी बताया है। इस आयोजन में सीओ लाइन, प्रतिसार निरीक्षक आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### आपातकालीन स्थिति से निपटने को कराया अभ्यास



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान क्षेत्र में वाई टीटी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड पटना देवकली में आपातकालीन रिस्पांस ड्रिल का आयोजन किया गया। अग्निशमन अधिकारी डॉ. बीएन पटेल ने प्लांट में उपस्थित अधिकारियों, सुरक्षा कर्मचारियों एवं समस्त स्टाफ को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपायों, अग्नि सुरक्षा प्रक्रियाओं तथा त्वरित प्रतिक्रिया के पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। इस ड्रिल के माध्यम से कर्मचारियों में आपात स्थिति से निपटने की क्षमता का मूल्यांकन किया गया। उन्होंने सभी को नियमित रूप से सुरक्षा अभ्यास करने तथा आपदा प्रबंधन की दृष्टि से सदैव सजग रहने की सलाह दी। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग का स्टाफ मौजूद रहा।

### एसपी कॉलेज में सहज योग आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी कॉलेज में शनिवार को विश्व योग दिवस पर शाम 6 से 7 बजे तक सहज योग का महायोग आयोजित किया जाएगा। इसमें लोगों को सहज योग परिवार की ओर से योगाभ्यास के माध्यम से योग के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### ओ लेवल व सीसीसी कंप्यूटर के लिए मांगे गए आवदेन पत्र

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवाओं को ओ लेवल व सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए 7 संस्थाओं का चयन किया गया और पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। इन संस्थाओं में ऐम कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट, पुलिस लाइन गेट नंबर एक रोडवेज, कैरियर शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान रामनगर कॉलोनी, दक्ष इंस्टीट्यूट, निकट मंडी गेट रूस्तमपुर जलालाबाद, ई–पायनियर कम्प्यूवेयर आवास विकास बरेली मोड़, मल्होत्रा कॉलेज ऑफ आईटी एंड मैनेजमेंट, स्टेशन रोड तिलहर, जेजे एजुकेशन एकेडमी खुटार रोड, बंडा व यूनिक कॉलेज ऑफ कंप्यूटरिंग मैनेजमेंट, लाल इमली चौराहा का नाम शामिल है। प्रशिक्षण के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर जाकर संस्था का चयन कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट एवं सभी अभिलेखों सहित आवेदन पत्र 14 जुलाई तक अनिवार्य रूप से विकास भवन कक्ष संख्या 307 में जमा करना होगा। इसके लिए विभाग द्वारहे न्यूनतम पात्रता में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण, आयु सीमा अधिकतम 35 वर्ष वार्षिक पारिवारिक आय अधिकतम 1,00,000, जाति प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

## एक नजर

### दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**तिलहर, अमृत विचार :** सैलून मलिक के पिता अबरार ने दो लोगों के खिलाफ गोली मारने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला नजरपुर निवासी अबरार ने शुक्रवार को पुलिस के लिए तहरीर देकर बताया कि 28 वर्षीय पुत्र तस्लीम बरखेड़ा जयपाल मार्ग पर बारह पत्थर मोहल्ले में किराए की दुकान लेकर हेयर सैलून चलाता है। गुरुवार की शाम लगभग 4 बजे गांव टहा बनारस निवासी विजय और रिंकू ने गोली मार दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया पिता कि तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला सैनिक कालोनी निवासी जुगुल किशोर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 01 जून को मकान में ताला बंद करके परिवार के साथ भांजे की शादी में हरदोई जिले के शाहाबाद गए थे। 04 जून की शाम सात बजे शाहाबाद से लौटकर आए तो देखा कि घर का ताला टूटा था और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। चोर अलमारी से सोने का हार, झाले, टॉप्स, सोने का दो फूल, मांग टीका, तीन जोड़ी पायलें, कमर बिछुआ, 40 हजार रुपये ले गए। पुलिस विवेचना कर रही है।

### अभियुक्त गिरफ्तार

**तिलहर।** उप निरीक्षक देवेश कुशवाह ने बताया कि अभियुक्त प्रिंस निवासी बहादुरगंज थाना तिलहर एक मुकदमें फरार चल रहा था। उसके ऊपर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर अभियुक्त प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

# एक पक्षीय कार्रवाई पर कोतवाली का घेराव

## रिपोर्ट दर्ज न होने से नाराज लोगों की पुलिस से नोकझोंक, एक घंटा लगा जाम, बाद में पुलिस ने कराया धरना समाप्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वृंदावन गार्डन में क्लब को लेकर भाजपा नेता व उद्यमी विनय अग्रवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो जाने और एकतरफा कार्रवाई को लेकर भाजपा नेता अपने समर्थकों के साथ चौक कोतवाली पहुंच गए। भाजपा नेता की रिपोर्ट दर्ज न होने पर अपने समर्थकों के साथ चौक कोतवाली का घेराव किया और गेट पर धरने पर बैठ गए। इस दौरान एक घंटे तक जाम लगा रहा।



कोतवाली गेट पर प्रदर्शन करते भाजपा नेता विनय अग्रवाल व वृंदावन गार्डन कालोनी के लोग। ● अमृत विचार

चौक कोतवाली के मोहल्ला अजीजगंज में स्थित वृंदावन गार्डन कालोनी में गुरुवार की दोपहर बाद क्लब को लेकर भाजपा नेता व उद्यमी विनय अग्रवाल व कालोनाइजर सुरेश सिंघल से विवाद हो गया था। कालोनी के बाशिंदे क्लब में योग करने के लिए गए थे। आरोप था कि कर्मचारियों ने क्लब में जाने से मना कर दिया था। कॉलोनाइजर ने बताया कि उनकी निजी जमीन पर क्लब बना है, निर्माण में धनराशि की मांग की तो लोगों ने देने से बंद कर दिया। भाजपा नेता का कहना था कि नक्शे में क्लब दिखाया गया था। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में काफी कहासुनी हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह सिपाहियों के साथ कालोनी पहुंचे थे और दोनों पक्षों को समझाकर तहरीर देने के लिए कहा गया था।

● **कालोनाइजर द्वारा वृंदावन गार्डन कालोनी के क्लब में निवासियों को जाने से रोकने का मामला**

शुक्रवार की देर रात शहर के मोहल्ला बक्सरिया निवासी व वृंदावन गार्डन के सुपरवाइजर शिब्बू रस्तोगी ने कोतवाली में भाजपा नेता व उद्यमी विनय अग्रवाल और पांच अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उद्योगपति विनय अग्रवाल को शुक्रवार को सुबह पता चला की उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो गई है। वह व्यापारियों और कालोनी के बाशिंदों के साथ चौक कोतवाली पहुंच गए। पुलिस द्वारा एक पक्षीय कार्रवाई किए जाने के विरोध में भाजपा नेता अपने समर्थकों के साथ चौक कोतवाली का घेराव करके गेट पर धरने पर बैठ गए। पुलिस के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सिपाहियों के साथ थाना गेट पर आए और विनय अग्रवाल को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि उनकी भी रिपोर्ट कॉलोनाइजर के खिलाफ दर्ज की जाए। उन्होंने भाजपा नेता विनय अग्रवाल से कहा कि तहरीर दे और जांच कराके आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस पर भाजपा नेता व उनके समर्थक राजी हो गए। करीब एक घंटे बाद धरना समाप्त हुआ। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

### कॉलोनाइजर के खिलाफ दी तहरीर

भाजपा नेता विनय अग्रवाल ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार को क्लब को लेकर कालोनाइजर सुरेश सिंघल व उनके पुत्र अमित सिंघल से विवाद हो गया था। पुलिस ने मध्यस्थता कराके शांत करा दिया था। उनका आरोप है कि कॉलोनाइजर ने रात में पौने 11 बजे गेट पर ताला डलवा दिया। उन्होंने ताला डालने का विरोध किया। उनका आरोप है कि सुबह कालोनाइजर सुरेश सिंघल, अमित सिंघल, शिब्बू रस्तोगी आदि उसके मकान में घुस आए और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी धमकी देकर चले गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### भाजपा नेता व पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शहर के मोहल्ला खलीलशर्की निवासी व वृंदावन गार्डन कालोनी के सुपरवाइजर शिब्बू रस्तोगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गुरुवार की सुबह ऑफिस में था। भाजपा नेता विनय अग्रवाल अपने पांच साथियों के साथ तमंचा लेकर जबरन ऑफिस में घुस आए। आरोप है कि सुपरवाइजर को गाली देते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने कहा कि दोबारा यह दिख गए तो जान से मार डालेंगे। आरोप है कि ऑफिस में रखे कागजात फाड़कर चले गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि भाजपा नेता विनय अग्रवाल और अन्य पांच के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### अमित सिंघल समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर :** चौक कोतवाली के मोहल्ला अजीजगंज स्थित वृंदावन गार्डन कालोनी निवासी भाजपा नेता व उद्योगपति विनय अग्रवाल ने चौक कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार की सुबह सवा 8 बजे कालोनी वासियों के साथ वृंदावन गार्डन स्थित राज क्लब गया था। वहां मौजूद अमित सिंघल, रोहित सिंघल, रवि गोयल निवासी वृंदावन गार्डन कालोनी ने गाली गलौज व मारपीट करने लगे। आरोपियों ने उनको जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि तीनों के खिलाफ विभिन्न धारा में रिपोर्ट देर शाम दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# दो किलो अफीम बरामद तस्कर को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



पुलिस हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत चौक कोतवाली पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 2 किलो 14 ग्राम अफीम और एक बाइक बरामद की है। बाइक पर फर्जी प्रेस लिखा रखा था, जिससे कोई पुलिस वाला न रोक सके। बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में छह लाख रुपये है।

चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह को शुक्रवार की सुबह सूचना मिली कि कांट रोड पर साउथ सिटी के सामने एक मादक पदार्थ तस्कर खड़ा है, जो किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़ा गया तस्कर बल्लू निवासी जलालनगर थाना सदर बाजार है। पुलिस ने उसके कब्जे से 02 किलो 14 ग्राम अफीम बाइक की डिग्गी और दो सौ रुपये बरामद किए है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अफीम की कीमत 06 लाख रुपये है। उसकी बाइक पर प्रेस लिखा हुआ है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि बाइक पर प्रेस इस लिए लिखा रखा है कि कोई पुलिस वाला रोक नहीं सकता है। प्रेस लिखा देखकर रोकता नहीं था, जिससे अफीम एक स्थान से दूसरी स्थान पर आसानी से पहुंचा सकूं। पुलिस अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक सुंशात रावत, मुख्य आरक्षी तैयब अली, सिपाही सुमित कुमार, रोहित कुमार थे।




## सार-संक्षेप

### भावी पति के आरोपों से आहत युवती ने किया आत्महत्या का प्रयास

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** होने वाले पति और सास के आरोपों से आहत होकर युवती ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। गांव बिसाफ कलां निवासी सुरेश कुमार की पुत्री कुसुमा देवी की शादी मां बेलावती ने गांव ऐंठापुर निवासी व्यक्ति के पुत्र के साथ तय करने के बाद गोद भराई और वरीक्षा का कार्यक्रम धूमधाम से किया था। सभी कार्यक्रम होने के बाद एकतरफा प्यार में पागल किसी युवक ने युवती का का फोटो शेयर करते हुए उसके चरित्र पर सवाल उठाए। इसके बाद होने वाले पति और सास ने गुरुवार की रात युवती को फोन कर खरी खोटी सुनाई। आरोप है कि इसके चलते शुक्रवार की सुबह करीब सवा 7 बजे गांव में बने रेलवे फाटक से कुछ दूरी पर युवती ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिसे रेलवे फाटक पर खड़े कुछ लोगों ने देखा और युवती को बचा लिया। साथ ही सरकारी एंबुलेंस तथा पुलिस को सूचना दी। मेडिकल कॉलेज में भर्ती युवती की हालत में अब सुधार बताया जा रहा है।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

**तिलहर/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर थाना क्षेत्र के गांव नौगाई निवासी 25 वर्षीय श्रीकांत कबाड़ इक्ट्ठा करके परिवार का पालन पोषण करते थे। उन्होंने कबाड़ घर पर एकत्रित कर रखा था। गुरुवार शाम वह कबाड़ बेचने के लिए बाइक से बाजार में दुकान पर जा रहे थे। बिलहरी रोड पर सामने से आ रही बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे श्रीकांत गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी बाइक सवार के मामूली चोट होने पर बाइक लेकर भाग गया। तिलहर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल श्रीकांत को सीएचसी भेज दिया। डॉक्टर ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया, जहां शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### 10 दिन बाद भी लेखपाल पर कार्रवाई नहीं

**बंडा, अमृत विचार :** विरासत कराने के नाम पर लेखपाल की ओर से 36 हजार रुपये की ठगी के मामले में करीब 10 दिन बाद भी कार्यवाही नहीं की गई है जबकि पीड़ित के बयान दर्ज कर उच्चाधिकारियों को सौंप दिए गए हैं। बंडा के सिंगापुर कुरसंडा निवासी मोहित कुमार ने अब से करीब दस दिन पूर्व तहसील दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के पास एक शिकायती प्रार्थना पत्र भेजा था, जिसमें उसने बताया था कि अब से करीब 11 माह पूर्व अगस्त के महीने में उसने एक विरासत कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें हल्का लेखपाल के द्वारा उससे 36 हजार रुपए की मांग की गई थी। आरोप है कि उसने 30 हजार रुपए नगद और 6 हजार रुपए हल्का लेखपाल की पत्नी के खाते में डाले थे, लेकिन तब से अब तक हल्का लेखपाल न तो उसका फोन उठा था है और न ही पैसे वापस कर रहा है। मामले का संज्ञान लेते हुए उच्चाधिकारियों ने पीड़ित के बयान भी दर्ज कर लिए, लेकिन अब तक लेखपाल पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। पीड़ित परेशान होकर दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है।

### झटका मशीन के करंट से किसान की मौत

**सिंधौली/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चंदपई गांव में एक किसान खेत पर काम कर रहा था। अचानक झटका मशीन से करंट लगने से बेहोश हो गया। परिवार वाले सीएचसी पर ले गए। डॉक्टर ने किसान को मृत घोषित कर दिया। एक पशु भी हादसे का शिकार हो गया है। सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव चंदपई निवासी 66 वर्षीय हरदेश शुक्रवार की सुबह गांव के उत्तर दिशा की तरफ अपने खेत पर यूकेलिप्टिस की जड़ों को साफ कर रहे थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि करंट वाली तार में कहीं पर बिजली की तार टच हो जाने से करंट उतर आया। करंट लगने से हरदेश बेहोश हो गया। परिवार वाले उसे लेकर सीएचसी पर गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान एक पशु की भी मौत हो गई। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### हादसे में दंपती घायल

**निगोही, अमृत विचार :** पीलीभीत जिले के थाना करेली के गांव कलियानपुर निवासी पप्पू, अपनी पत्नी नंदरानी, बेटे नितेश को लेकर निगोही में बेटे की दवा लेने आए थे। शुक्रवार दोपहर वह परिवार के साथ बाइक से अपने गांव वापस जा रहे थे। निगोही-पुवायां रोड पर गनपतपुर गांव के सामने पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार पप्पू, उनकी पत्नी व बेटा घायल हो गए। पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी भेज दिया। सूचना पर परिवार वाले सीएचसी पर पहुंच गए। डॉक्टर ने तीनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### दुर्घटना करने पर ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**पुवायां, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक युवक ने ट्रक नम्बर के आधार पर दुर्घटना कर बेटे को घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के गांव हरना निवासी लाल बहादुर ने शिकायत करते हुए बताया कि 19 जून को उनका पुत्र जयपाल अपनी पत्नी के साथ निगोही रोड पर आ रहा था। रास्ते मे जठियापुर से पहले उसे सामने से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गिरकर घायल हो गए। टक्कर के बाद घायल को अस्पताल भिजवाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित ने ट्रक नम्बर के आधार पर शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

# अग्नि दुर्घटना सहायता के 51 किसानों को दिए चेक

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्नि दुर्घटना सहायता योजना के तहत राज्य मंत्री जेपीएस राठौर ने ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में 51 किसानों को 8 लाख 84 हजार 311 रुपये के चेक वितरित किए।



अग्नि दुर्घटना सहायता के चेक बांटते सहकारी मंत्री जेपीएस राठौर, साथ में सांसद अरुण सागर।

ब्लॉक सभागार में राज्य मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि भाजपा सरकार किसान एवं गरीबों की सरकार है, जिसका नतीजा है कि किसानों के लिए सरकार के द्वारा किसान सम्मान निधि एवं गरीबों के लिए निःशुल्क आवास जैसी सुविधा दी जा रही है। किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य दिलाने का काम केवल भाजपा सरकार ने किया है। मंडी निदेशक इंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य देने के लिए मंडी से कई योजना चलाने का काम कर रही है। मंडी में फसल बेचने वाले किसानों के लिए लकी ड्रा द्वारा कृषि उपकरण भी उपहार स्वरूप सरकार द्वारा दिए जा रहे हैं। अपनी फसल का सही मूल्य लेने के लिए किसान फसल को मंडी में ही बेचें। इसके बाद राज्य मंत्री जेपीएस राठौर एवं मंडी निर्देशक इंद्र विक्रम सिंह ने लाभार्थी 51 किसानों को चेक वितरित किए। सांसद अरुण सागर, डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना, जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक समेत दो गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत चौक कोतवाली पुलिस ने दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से एक चोरी की बाइक बरामद की है। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह को शुक्रवार की सुबह साढ़े 7 बजे सूचना मिली कि हाईवे पर गौशाला रोड पर दो बाइक चोर खड़े है, जो चोरी की बाइक लिए खड़े है। पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर राजू निवासी वाजिद खेल चौक कोतवाली और प्रीतपाल सिंह निवासी ख्वाजा फिरोज थाना रामचंद्र मिशन है। पुलिस ने चोरी की एक बाइक बरामद की है। पकड़े गए चोरों ने बताया कि 27 फरवरी को इंडियन बैंक बरेली मोड़ से एक बाइक चुराई थी, जो दस हजार रुपये में बेच दिया था। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों का चालान कर दिया।



पुलिस हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

### बाइक के पार्ट्स समेत तीन गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर थाना के उपनिरीक्षक उदयवीर सिंह शुक्रवार को वाहनों की चेकिंग मोहम्मद हरा पुलिया के पास कर रहे है। उन्होंने एक बाइक को रोका और बोरे को खोलकर देखा तो बाइक के पार्ट्स थे। पकड़े गए अभियुक्त विकास, विजय व राजेंद्र निवासी चंदोखा थाना मदनापुर हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया 26 मई को बाइक चोरी की थी। राजेंद्र के घर ले जाकर पार्ट्स खोल दिए थे, जिन्हें बोरे में भरकर बेचने जा रहे थे। पुलिस ने अभियुक्तों का चालान कर दिया।

### नवागत डीडीओ का किया स्वागत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने नवागत जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह का उनके कार्यालय में बुके देकर स्वागत किया। डीडीओ ने रायबरेली से उपायुक्त स्वत: रोजगार पद से स्थानांतरित होकर 18 जून को विकास भवन में कार्यभार ग्रहण किया। जिला विकास अधिकारी पवन सिंह का स्थानांतरण पीलीभीत होने से पद रिक्त होने से कार्य परियोजना निदेशक अवधेश राम देख रहे थे।






खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693 9837338306

## एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर आधारित होगा कार्यक्रम, विवि के छात्र, शिक्षक, चिकित्सा विशेषज्ञ और अधिकारी-कर्मचारी करेंगे प्रतिभाग

# वरुण अर्जुन विवि में भव्यता और उल्लास से मनाया जाएगा 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत भव्यता एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर आधारित इस आयोजन में विश्वविद्यालय के छात्र, शिक्षक, चिकित्सा विशेषज्ञ और अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेंगे। योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास और सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा।

इस विशेष कार्यक्रम में योगाचार्य ललित कुमार चौहान के निर्देशन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया जाएगा। उनके वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्व भी समझाए जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य प्रतिभागियों को योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों से परिचित कराना होगा।

सभी प्रतिभागियों की ओर से सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा जो की आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जारी कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुरूप रहेगा। यह आयोजन ओंकार ध्वनि और ध्यान के साथ प्रारंभ होगा, जो पूरे वातावरण को



योग दिवस से पूर्व वरुण अर्जुन विवि के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

शांति और ऊर्जा से भर देगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग दिवस पर दिए जाने वाले विशेष राष्ट्रव्यापी संदेश को विश्वविद्यालय में एलईडी स्क्रीन पर प्रसारित किया जाएगा। प्रधानमंत्री अपने संदेश में योग को भारत की सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए इसके वैश्विक महत्व पर प्रकाश डालेंगे। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी योग दिवस पर अपना विशेष संदेश देंगी। वे सूर्य नमस्कार को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह करेंगी। उनका संदेश विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रेरणास्पद रहेगा। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी भाग लेंगे। वे सभी छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर योग कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लेंगे। कार्यक्रम के बाद पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगा। वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. लेख राज वर्मा योग दिवस पर सभी को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यह आयोजन न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संदेश दे, बल्कि समाज को योग एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरित भी करे। इस प्रकार 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में एक प्रेरणादायी, जागरूकता-प्रद और स्वास्थ्य उन्मुख आयोजन के रूप में होगा। जो आने वाली पीढ़ियों के लिए योग और जीवन शैली में संतुलन का आदर्श प्रस्तुत करेगा।

विवि के अधिकारियों ने बताया कि सारी तैयारियां शुक्रवार को पूरी कर ली गई हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने योग को लेकर विशेष आह्वान किया है कि योग दिवस पर योग करके विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जाए। विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल और कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

# सीतापुर पैसेंजर को दो घंटे रोक देने पर यात्रियों को होती है दिक्कत

## वरतारा रेलवे स्टेशन पर रोकी जाती है ट्रेन, रोजा स्टेशन पर खाली रहते हैं प्लेटफार्म

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सीतापुर ब्रांच लाइन पर सीतापुर से शाहजहांपुर आने वाली पैसेंजर को आए दिन वरतारा रेलवे स्टेशन पर दो-दो घंटे रोक दिया जाता है। रोजा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म खाली होता है। ट्रेन को रोक देने से यात्रियों को काफी दिक्कत होती है। इस संबंध में कई बार रेल अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है।

रोजा रेलवे स्टेशन पर पहले चार प्लेटफार्म थे। अब छह प्लेटफार्म हो गए है। इसी प्रकार सीतापुर ब्रांच लाइन पर सिंगल लाइन थी और दोहरी लाइन हो गयी है। जब सीतापुर ब्रांच लाइन पर एक लाइन थी और रोजा स्टेशन पर चार प्लेटफार्म थे। उस समय ट्रेन संख्या 54327 सीतापुर सिटी-शाहजहांपुर लेट आती थी, क्योंकि रोजा में प्लेटफार्म खाली नहीं रहता था और एक लाइन होने पर विलंब



रोजा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी सीतापुर पैसेंजर ट्रेन। ● अमृत विचार

हो जाती है। रोजा में छह प्लेटफार्म हो गए और सीतापुर ब्रांच लाइन दोहरी लाइन हो गयी। ट्रेन को अब लेट होने का सवाल नहीं उठता है। सीतापुर सिटी-शाहजहांपुर पैसेंजर का रोजा स्टेशन पर आने का समय रात में 08 बजकर 22 मिनट है, जबकि शाहजहांपुर स्टेशन आने का समय 08 बजकर 41 मिनट है। दोहरीकरण रेल लाइन और रोजा में छह प्लेटफार्म होने के बाद भी ट्रेन कई घंटे विलंब से रोजा और शाहजहांपुर पहुंचती है। यह ट्रेन सीतापुर सिटी से वरतारा स्टेशन तक सहीं समय आती है। वरतारा रेलवे स्टेशन पर इसे रोक दिया जाता है।

गुरुवार की रात ट्रेन वरतारा रेलवे स्टेशन पर समय से आ गई और ट्रेन को रोक दिया गया। वरतारा स्टेशन दो घंटे खड़ी होने के बाद ट्रेन रोजा स्टेशन पर रात 10 बजे प्लेटफार्म दो पर आयी। यात्री शाहजहांपुर आने के लिए रोजा स्टेशन पर समय से पहुंच गए थे। ट्रेन के इंतजार में यात्री परेशान हो गए। एमएसटी धारक किशन कुमार, सुनील कुमार, दिलीप कुमार, रामऔतार ने बताया कि रोजा में प्लेटफार्म खाली होने के बाद ट्रेन को वरतारा रेलवे स्टेशन हमेशा रोक दिया जाता है।

### बालामऊ पैसेंजर के साथ भी यही हाल

बालामऊ-शाहजहांपुर पैसेंजर रोजा स्टेशन पर सही समय पौने नौ बजे आकर खड़ी हो जाती है। शाहजहांपुर शटिंग के चक्कर में ट्रेन को रोजा स्टेशन पर रोके रखते हैं। सीतापुर पैसेंजर ट्रेन रोजा से चली नहीं जाती है, तब तक बालामऊ पैसेंजर को रोजा में रोके रखा जाता है, क्योंकि शाहजहांपुर में रेल लाइन पांच दोनों ट्रेनों को लिया जाता है। बालामऊ पैसेंजर ट्रेन शाहजहांपुर से पहले छूटती है, उसके बाद सीतापुर पैसेंजर ट्रेन छूटती है। शटिंग के चक्कर में बालामऊ को रोजा में रोका जाता है।

रोजा रेलवे स्टेशन पर रेल लाइन खाली न होने के कारण सीतापुर पैसेंजर ट्रेन को पीछे स्टेशन पर रोक दिया जाता है। रेल लाइन खाली होने पर ट्रेन को प्लेटफार्म पर ले लिया जाता है। प्रयास होता है कि सही समय ट्रेन जाए। **-एसके यादव,** स्टेशन अधीक्षक, रोजा

## गणमान्य नागरिकों ने नवागत बीडीओ का किया स्वागत

**सिंधौली, अमृत विचार:** नवागत खंड विकास अधिकारी का प्रधान संघ की अध्यक्ष सहित गणमान्य नागरिकों ने हनुमान की प्रतिमा भेंटकर स्वागत किया।

तत्कालीन खंड विकास अधिकारी देव कुमार चतुर्वेदी का जिला विकास अधिकारी पद पर प्रमोशन होने के बाद उनका स्थानांतरण जनपद उन्नाव के लिए हो गया। खुदागंज ब्लॉक में तैनात बीडीओ अरविंद कुमार दुबे को सिंधौली का पूर्णतः चार्ज प्रदान किया गया। शुक्रवार को ग्राम प्रधान संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने कार्यालय पहुंचकर नवागत बीडीओ को हनुमान जी की प्रतिमा भेंटकर स्वागत की। इससे पूर्व प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नवेन्दु मिश्र तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश दीक्षित ने बीडीओ का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान एपीओ भूपराम सरोज, ज्ञानेन्द्र अवस्थी, अतुल कुमार मिश्रा, पंडित प्रमोद कुमार, आलोक कुमार, अभिषेक कुमार, अंबरीश मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

# एमआरएफ सेंटर मार्ग का निर्माण तत्काल कराएं

● एडीएम ने कांट नगर पंचायत में कामकाजों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/कांट

**अमृत विचार:** नगर निकायों में चल रहे निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने एवं नये प्रस्तावों को दिए जाने को लेकर एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में उन्होंने नगर पंचायत कांट में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर ईओ नूरजहां को निर्देशित किया।

एडीएम प्रशासन ने नगर विकास विभाग द्वारा संचालित वंदन योजना के अन्तर्गत कराए जा रहे कार्यों का निकाय क्षेत्रान्तर्गत मां शीतला देवी मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया। कार्य धीमी गति से चलता पाया गया, पूछे जाने पर ठेकेदार व अवर अभियंता ने बताया कि धनराशि विलम्ब से प्राप्त हुई है और कार्य प्रारम्भ कराने पर वर्षा शुरू हो गई है। फिर भी प्रयास रहेगा कि स्वीकृत कार्यों के सापेक्ष समस्त कार्य जल्द ही पूर्ण करा लिया जाएगा। एडीएम ने ईओ को निर्देशित किया कि स्वीकृत समस्त कार्यों को यथाशीघ्र कराकर उपयोगिता प्रमाण-पत्र भिजवाया जाए।

### फटका मशीन बंद, एडीएम ने जताई नाराजगी

एडीएम प्रशासन ने नगर पंचायत कांट स्थित एमआरएफ सेन्टर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि फटका मशीन बंद थी, लेकिन कचरे पृथक्कीकरण का कार्य कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार के कचरे की अलग-अलग बण्डलिंग किये हुये रखे पाये गये, जिनमें से प्लास्टिक कचरा, कागज कचरा, कपड़ा कचरा आदि के साइन बोर्ड लगाकर पृथक-पृथक रखा गया था, पूछे जाने पर ईओ ने बताया कि समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित कर, कचरे की नीलामी की जाती है। एमआरएफ सेंटर तक पहुंच मार्ग सही नहीं पाया गया। मार्ग पर गहरे गड्ढे पाये गये। जिससे कूड़ा वाहनों के आवागमन में कठिनाई होती है। ईओ को निर्देशित किया गया कि एमआरएफ सेन्टर तक पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य नियमानुसार तत्काल कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है



● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# मनरेगा में लगाया जा रहा लाखों का चूना

● ब्लॉक कर्मचारियों की मिलीभगत से लग रही फर्जी हाजिरी

**बंडा, अमृत विचार:** मनरेगा में रोजाना लाखों रुपये का फर्जीवाड़ा कर सरकार को चूना लगाया जा रहा है। यहां बरसात के मौसम में भी कार्य दिखाकर विकास खंड के कर्मचारियों के मिलीभगत से फर्जी हाजिरी का खेल लंबे समय से चलता आ रहा है जिस पर उच्च अधिकारियों के द्वारा अब तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है।

ब्लाक बंडा की कई ग्राम पंचायतों में रोजाना मनरेगा के तहत कराए जाने वालों कार्यों में फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। यहां किसी ग्राम पंचायत में फोटो से फोटो अपलोड कर मनरेगा कार्य दिखाया जा रहा है तो कहीं पुरुषों के नाम दर्ज कर महिलाओं के फोटो अपलोड किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं मजदूरों की वास्तविक संख्या कुछ और है जबकि वेबसाइट पर वास्तविक संख्या से कई गुना अधिक मनरेगा मजदूर दर्शाए जा रहे हैं। बरसात के मौसम में भी रोजाना मजदूरी दिखाकर भुगतान कराने की फिराक में रोजगार सेवक और विकास खंड के कर्मचारी लगातार सरकार को चूना लगा रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड बंडा के कर्मचारियों की अलग अलग परसेंटेज तय है, जहां फर्जी हाजिरी लगाने वाले मजदूर से लेकर विकास खंड में बैठने वाले अधिकारी और कर्मचारी तक शामिल हैं। विकास खंड की ग्राम पंचायत मुड़िगवां, रसूलपुर गढ़िया, कुंवरपुर रत्ती, भांभी, कर्रखेड़ा सहित कई अन्य ग्राम पंचायतों में लगातार फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इसके साथ ही शाम होते ही मनरेगा की वेबसाइट पर रोजाना 40 से 45 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्य दिखाए जा रहे हैं जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। इस संबंध में डीसी मनरेगा यशवर्धन ने बताया कि जांच के लिए बोला गया है। गड़बड़ी पर कार्रवाई की जाएगी।

# वरुण अर्जुन विवि में योग दिवस के उपलक्ष्य में रोपे गए एक हजार पौधे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष हरित योग कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और पर्यावरणीय चेतना के साथ किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 1000 पौधों का रोपण कर धरती को हरा-भरा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रति-उपकुलपति डॉ. लेख राज वर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने पौधा रोपित कर हरित योग अभियान का उद्घाटन किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. वर्मा ने कहा कि योग केवल शरीर की नहीं, बल्कि पृथ्वी की भी शुद्धि का माध्यम है और हर पौधा एक सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत होता है। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रधानाचार्य, अधिकारी और छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में पौधारोपण करते विद्यार्थी व शिक्षक। ● अमृत विचार

● धरती को हरा-भरा बनाने की दिशा में की गई पहल

सभी प्रतिभागियों ने एक-एक पौधा रोपित कर इस अभियान में अपना योगदान दिया और पर्यावरणीय संरक्षण की शपथ ली। विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया जिन्होंने समूहों में मिलकर पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी ली।

इस अवसर पर कुल सचिव डॉ. अनिल पाल, वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ. प्रदीप सिंह, उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित सिंह, योगाचार्य ललित सिंह चौहान, वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी के अध्यापक मो. जुनेद, नागेंद्र सिंह, डॉ. मानसी अग्रवाल सहित विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एवं अन्य शिक्षकगण आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने यह भी बताया कि यह पहल एक धरती, एक स्वास्थ्य की थीम को साकार करती है, जहां शारीरिक, मानसिक और प्राकृतिक संतुलन को प्राथमिकता दी जा रही है। पौधारोपण और योग का यह समन्वय एक समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण को जन्म देता है। समापन पर सभी उपस्थित जनों ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया।

## मनरेगा में काम कर रहे मजदूरों को दौड़ाया

**खुदागंज, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव में मनरेगा में चक मार्ग की खुदाई करने पहुंचे श्रमिकों को कुछ दबंगों की ओर से दौड़ा लिया गया, जिसकी शिकायत उप जिलाधिकारी से की गई।

विकास क्षेत्र खुदागंज के गांव पोसिल में रोजगार सेवक गुड्डू द्वारा नाप कराए जाने के बाद चक मार्ग पर श्रमिकों से काम शुरू कराया गया। आरोप है कि दर्जन भर से अधिक श्रमिक जब चकमार्ग पर मिट्टी डाल रहे थे, तभी गांव नवादा तालुके पलिया निवासी कुछ लोग आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने काम कर रहे श्रमिकों को दौड़ा लिया। जिसकी शिकायत रोजगार सेवक व ग्रामीणों की ओर से उप जिलाधिकारी से की गई। उन्होंने मामले में जांच के निर्देश दिए हैं।

# ईश्वर को पाना है तो उसे अंतःकरण में तलाशें

● रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष दाजी ने दिया साकार से निराकार की ओर बढ़ने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** श्रीरामचंद्र मिशन के संस्थापक महात्मा रामचन्द्र जी महाराज की जन्मस्थली और सहजमार्ग साधना पद्धति और हार्टफुलनेस मेडिटेशन के उद्भव स्थल शाहजहांपुर श्रद्धा भक्ति और साधना का संगम बना। देश विदेश से आए मिशन के सैकड़ो अनुयायियों ने ध्यान साधना कर मानव कल्याण की कामना की।

रामचंद्र मिशन के अध्यक्ष व हार्टफुलनेस मेडिटेशन के ग्लोबल गाइड कमलेश डी पटेल 'दाजी' ने साकार से निराकार की ओर बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि ईश्वर को पाना है तो उसे अपने अंतःकरण में तलाश करो बाहर नहीं। शहर के दि ग्रांड आर्क होटल में आयोजित ध्यान सत्र और ओपन हाउस को संबोधित करते हुए दाजी ने कहा कि जिस तरह भगवान राम और कृष्ण को उस समय लोग नहीं पहचान पाएं वैसे ही हम भी ईश्वर की अनुभूति नहीं कर पा रहे हैं। कहा कि धर्म केवल शिक्षा देता है लेकिन अध्यात्मिकता को जानना होगा। तमाम देवी देवताओं की फोटो और मूर्तियां सिर्फ एक चिन्ह मात्र हैं हमें साकार से निराकार की ओर जाना पड़ेगा, तभी हम आध्यात्मिक प्रगति कर सकते हैं। शाहजहांपुर के प्रथम आगमन को स्मरण करते हुए दाजी ने कहा कि वे पहली बार 1977 में शाहजहांपुर बाबू जी महाराज के पास आये थे। उस जमाने में केवल अधेड़ लोग ही उनके पास आया करते थे। आज मैं देख रहा हूं कि तमाम युवा आध्यात्मिकता की ओर उन्मुख हैं जो एक शुभ संकेत है। कार्यक्रम का संचालन हर्ष अग्रवाल ने किया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र पाल सिंह यादव, उद्यमी सुरेश सिंघल, रामचन्द्र सिंघल, हरगोविन्द मोदी, राधे गोविन्द मोदी, संजीव अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, एसएस कालेज के पूर्व प्राचार्य डा. अवनीश मिश्रा, डा. रवि मोहन, सपा नेता अब्दुल कादिर, शासकीय अधिवक्ता रवि मिश्रा, माधौगोपाल अग्रवाल, जोन प्रभारी दीपक त्यागी, राजगोपाल अग्रवाल, आशीष सिंह, अशोक गर्ग, श्रीगोपाल अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल, सुयश सिन्हा, सुनील अग्रवाल, कृष्णा भारद्वाज, राम निवास गुप्ता, आश्रम प्रबंधक आर रामानाथन, प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा सहित देश विदेश के सैकड़ों अनुयायी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बाबूजी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, किया ध्यान

अपने प्रवास के दौरान श्री रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष और हार्टफुलनेस मेडिटेशन के ग्लोबल गाइड कमलेश डी पटेल 'दाजी' ने शहर के अजीजगंज स्थित सहज मार्ग जंक्शन में स्थित महात्मा रामचन्द्र जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने सहज मार्ग जंक्शन में लगे शिलापट का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां पर उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण भी किया। इसके उपरांत वे मोहल्ला दीवान जोगराज स्थित बाबूजी महाराज के आवास पर भी पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने बाबूजी महाराज के कक्ष में बैठकर ध्यान किया और उन्हें नमन किया।

### दाजी से मिले केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद

पीलीभीत के सांसद और केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने रामचंद्र मिशन के अध्यक्ष और हार्टफुलनेस मेडिटेशन के ग्लोबल गाइड कमलेश डी पटेल दाजी से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा अध्यात्म, समाज, शिक्षा, युवाओं के सर्वांगीण विकास, कृषि के नवाचारों आदि क्षेत्रों में रामचंद्र मिशन की ओर से किये जा रहे कार्य को समझा और उनकी सराहना की।

## एचटी लाइन के तार की चपेट में आया युवक, मौत

**बिसौली, अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव सिद्धपुर कैथोली निवासी धर्मेंद्र (28) पुत्र महेंद्र पाल खेती करते थे। वह फसल देखने के लिए खेत पर जा रहे थे। इस दौरान वह रास्ते में झूल रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गए। उनका सिर तार से छू गया। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि उन्होंने बिजली का तार सही करने के लिए कई बार बिसौली विद्युत उपकेंद्र पर शिकायत की थी, लेकिन अधिकारियों ने लगातार अनदेखा किया। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पुलिस की जांच में फर्जी निकली लूट की सूचना

**बिल्सी, अमृत विचार :** कस्बा सैदपुर के पशु व्यापारी मुजाहिद के नौकर कलीम और डीसीएम चालक अकरम से साढ़े तीन लाख रुपये लूट की घटना की सूचना पुलिस को दी थी, जो जांच में फर्जी निकली। सूचना पर पुलिस पहुंची थी और जांच की तो गाड़ी में ही रकम मिली। लूट की झूठी खबर देकर परेशान करने वाले व्यापारी को पुलिस ने कड़ी चेतावनी दी।

## थैली में डाला हाथ, सांप के डसने से युवक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** कछला कस्बा के वार्ड दो निवासी अशोक पुत्र कल्लू भागीरथी घाट पर चाय की दुकान चलाते थे। उन्होंने दुकान पर चाय बनाने को चीनी निकालने के लिए दुकान पर टंगे थैले में हाथ डाला था। थैले में पहले से मौजूद सांप ने उन्हें डस लिया। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए। यहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। चिकित्सक ने युवक की मौत की पुष्टि की। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने कहा लेकिन परिजनों ने इंकार कर दिया और शव अपने साथ घर ले गए। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलती है तो जांच की जाएगी।

## गांव वालों के साथ धरने पर बैठे कांग्रेसी

**बदायूं, अमृत विचार :** उझानी नगर पालिका का पानी समीप के गांव नरुउ, अचौरा, मलिकपुर और मिलल नगला के तालाबों में पहुंच रहा है। जिसके चलते इन गांव के लोग संक्रमित बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। साथ ही उनकी फसलें खराब हो रही हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी गांव वालों के साथ जिला मुख्यालय पर धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने समस्या का समाधान करने की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर कांग्रेस पदाधिकारी ओमकार सिंह, योगेंद्र सोलंकी, तेजेंद्र पाल कश्यप, राजाराम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ग्राम समाज की जगह पर कब्जा, विधायक से की शिकायत

**बिल्सी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम बागरपुर सागरपुर के ग्रामीणों ने एक शिकायती पत्र विधायक हरीश शाक्य को सौंपा है। इसमें कहा कि गांव के तीन लोग ग्राम में घुरे की जगह पर कब्जा कर अपना गेट निकालने का प्रयास कर रहे है। खड़ंजे की ईंटें उखाड़ कर नींव में लगा दी हैं। विधायक हरीश शाक्य ने तुरंत उप जिलाधिकारी रिपुदमन सिंह को अवगत कराया और कार्रवाई करने को कहा।

## युवक को पीटा, थाने के चक्कर लगा रहा पीड़ित

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव काजी सहोरा निवासी मुकेश पुत्र नेतराम ने तहरीर देकर बताया कि 18 जून की शाम लगभग छह बजे गांव निवासी चार लोगों ने उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। लात घूसों से जमकर पीटा। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हंगामा होने पर मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल साइट्स पर वायरल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि दो दिन तक थाने के चक्कर लगाने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की है।

## सड़क पर मक्का सुखाने वाले पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

**दबतोरी, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया सतासी निवासी दीपक सिंह पुत्र बच्चू सिंह ने तहरीर देकर बताया कि 13 जून की शाम लगभग साढ़े सात बजे उनके भाई संदीप सिंह अपने साले अनेक पाल सिंह के साथ बाइक से बगरैन जा रहे थे। सामने से तेज रफ्तार से ई-रिक्शा आया। उससे बचने को अनेकपाल ने बाइक बचाई। बाइक का पिछला हिस्सा ई-रिक्शा से टकरा गया। बाइक सड़क पर सूख रही मक्का पर फिसल गई। हादसे में संदीप की मौत हो गई थी। दीपक ने कहा कि उसकी मौत सड़क पर मक्का सुखाने की वजह से हुई है। जिसकी रिपोर्ट दर्ज की जाए।

# बिजली का शेड्यूल बदलने से ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही परेशानी

### दोपहर में दी जाती है सप्लाई, चार घंटे की कटौती से दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गुरुवार रात को गुल रही बिजली शहरी क्षेत्र में ट्रिपिंग रही जारी

**अमृत विचार :** देहात क्षेत्र में बिजली सप्लाई का शेड्यूल बदल जाने और कटौती बढ़ जाने से किसानों को भारी परेशानी हो रही है। उनका कहना है कि चार-चार घंटे की कटौती ने जनजीवन त्रस्त कर दिया है। गर्मी और उमस के कारण सभी का बुरा हाल है।

ग्रामीण इलाकों में बिजली सप्लाई का शेड्यूल बदल गया है। इसके अनुसार अब दोपहर 12 बजे सप्लाई शुरू होती है, जो सुबह आठ बजे तक चलती है। जबकि इससे पहले शाम को पांच बजे सप्लाई दी जाती थी और सुबह पांच बजे तक जारी रहती थी। अब बदले शेड्यूल के चलते लोगों को भारी परेशानी हो रही है। सुबह आठ बजे से तेज धूप शुरू हो जाती है जो 12 बजे तक लोगों को बेहाल कर देती है। बिजली कटौती भी बेहिसाब हो रही है। गुरुवार की शाम छह बजे ढाक बाली जियारत स्थित फीडर से सप्लाई बंद हुई जो रात 11 बजे शुरू हुई। पांच घंटे की कटौती के चलते गांव देहात में भारी परेशानी हुई।

शहरी क्षेत्र में पनबड़िया बिजली घर से रात आठ बजे सप्लाई अचानक गुल हो गई, जो दस बजे शुरू हुई। तेज हवा के चलते बिजली आपूर्ति रोक दी गई। गर्मी और उमस के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मीरा सराय क्षेत्र में शुक्रवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रही। इससे 10 हजार से अधिक लोग परेशान रहे। शहरी क्षेत्र के मंडी समिति क्षेत्र में सुबह आठ से 10 बजे तक सप्लाई बाधित रही। इससे करीब 50 हजार से अधिक उपभोक्ता परेशान रहे। रात को बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी होती है। शुक्रवार को दिन में सिविल लाइन क्षेत्र में ट्रिपिंग के चलते लोग परेशान रहे। हर घंटा पर बिजली गुल होती रही। बार बार बिजली गुल होने से कई तरह की परेशानियां सामने आई।

> गुरुवार की देर शाम तेज हवा के चलते सप्लाई रोकी गई थी, जो कुछ देर बाद ही शुरू कर दी गई। देहात में भी कुछ समय को सप्लाई बंद की गई, लेकिन अब कहीं से भी शिकायत नहीं मिली है। हर जगह शेड्यूल के अनुसार बिजली दी जा रही है। - संजीव कुमार, अधिशासी अभियंता प्रथम

## महिला की जान गई हत्या का आरोप

**बदायूं, अमृत विचार :** मुजरिया क्षेत्र के गांव निवासी कामिनी (20) की पति सचिन से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। वह अपने कमरे में चली गईं। कुछ देर के बाद कमरे में फंदे पर उनका शव लटका मिला। यह देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर महिला का रामपुर के थाना शाहबाद क्षेत्र के गांव भौरकी निवासी मायका पक्ष और पुलिस मौके पर पहुंची।

महिला की मां और नाना ने ससुरालीजनों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया। मृतका की मां मीना देवी ने बताया कि उन्होंने ही कामिनी की शादी 7 जुलाई 2024 को की थी। महिला का पति और सास आए दिन उसे अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए परेशान करते थे। इसके चलते उन्होंने गला दबाकर हत्या की है। मीना देवी ने मृतक के पति सचिन, सास गीता और रिश्तेदार राजवीर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## शादी का झांसा देकर बनाए संबंध, पुलिस से शिकायत

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर एक युवक युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। युवती एक महीने की गर्भवती हो गई। युवती ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस की कार्रवाई के डर से आरोपी युवक शादी करने को राजी हो गया है।

थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती अपने पिता के साथ थाने पहुंची। बताया कि एक गांव निवासी युवक से उसका प्रेम प्रसंग हो गया था। वह दोनों एक-दूसरे मिलते रहे। युवक ने उसके साथ तीन साल तक शारीरिक संबंध बनाता रहा। युवती एक महीने की गर्भवती है। युवती ने युवक से शादी करने की इच्छा जताई तो युवक टालमटोल करता रहा। बाद में शादी करने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद युवती ने अपने परिजनों को उसके बारे में बताया। तहरीर आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। युवक ने खुद का फंसता देखा तो रिश्तेदारों को एकत्र किया। दोनों पक्ष में राजीनामा हो गया है। पुलिस से कार्रवाई करने को मना कर दिया।

# किशोरी नहीं हुई बरामद, हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, कादरचौक



थाना कादरचौक के गेट पर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

- किशोरी का अपहरण कर ले गया गांव भमुइया का मुज्जकिर
- पुलिस ने बरामद नहीं किया तो फूटा गुस्सा, की नारेबाजी

**अमृत विचार :** कादरचौक क्षेत्र का युवक 13 दिन पहले किशोरी का अपहरण कर ले गया था। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस किशोरी को बरामद नहीं कर सकी। इससे नाराज परिजन, ग्रामीण, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को थाना कादरचौक के गेट पर प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

थाना कादरचौक क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि गांव भमुइया निवासी मुज्जकिर उनकी नाबालिग बेटी का 9 जून को अपहरण करके ले गया है। घर से रुपये और जेवर भी गायब हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले की जांच शुरू की गई थी, लेकिन अभी तक किशोरी की तलाश नहीं हो सकी है। पुलिस ने किशोरी को बरामद किया और न ही आरोपियों को गिरफ्तार किया है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया था, लेकिन स्थानीय नेता के हस्तक्षेप के बाद उन्हें छोड़ दिया गया था। इसके चलते परिजनों ने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों को सूचना दी। पदाधिकारी व कार्यकर्ता, परिजन और ग्रामीण शुक्रवार को थाने पर पहुंचे और हंगामा किया।

### 45 मिनट तक थाने में रही अफरा-तफरी

थाने के गेट पर जमीन पर बैठकर नारेबाजी की। कहा कि जब तक किशोरी को सकुशल बरामद नहीं कर लिया जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। तकरीबन 45 मिनट तक थाना परिसर में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के समझाने पर शांत हुए। उन्होंने कहा कि जल्द किशोरी को बरामद नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि किशोरी और आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद करके और आरोपी को जेल भेजा जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के संजीव कुमार प्रजापति, ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र राजपूत, श्याम सुंदर उपाध्याय, उमेश चंद्र गुप्ता, जगदीश राजपूत, हिमांशु गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**आवश्यकता है**
कक्षा N.C. से VIIIth हेतु अनुभवी फीमेल टीचर्स की
(सैलरी योग्यतानुसार)
Interview
23 और 24 जून 2025
समय सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
एल.बी.एस. कॉन्वेंट स्कूल
निकट होली चौराहा, संजय नगर, बरेली।
7060189500, 8533037097

**हरि चन्द्रा महाविद्यालय**
हंडेला, गोला रोड, अलीगंज लखीमपुर खीरी
सम्बद्ध- लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ
**आवश्यकता है**
महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला संकाय विषयों में एक-एक पद के लिए चित्रकला, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं विज्ञान वर्ग के लिए, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान के इन सभी विषयों में सहायक आचार्यों की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र अपने मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ डाक द्वारा या स्वयं महाविद्यालय में 10 दिनों के अन्दर जमा कर सकते हैं। शैक्षिक योग्यता यू.जी.सी. के अनुसार या लखनऊ विश्वविद्यालय के अनुसार वांछनीय है।
प्रबन्धक
पता- हरि चन्द्रा महाविद्यालय
हंडेला, गोला रोड,
अलीगंज लखीमपुर खीरी
मो.- 9452016953, 9450175793

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति Army No.15440162N Rank SEP Name Govind Singh के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम Ladali Devi अंकित हो गया है जोकि गलत है जबकि मेरा वास्तविक नाम Ladli Devi है। लाडली देवी पत्नी श्री Army No. 15440162N Rank SEP Name Govind Singh वर्तमान निवासी एम एच बरेली।

**मनोहर लाल गीता देवी महाविद्यालय**
कोरैया पुरवा-रवहीं, लखीमपुर खीरी
(सम्बद्धता- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)
**आवश्यकता है**
स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में सहायक आचार्य हेतु- 1. जन्तु विज्ञान- पांच पद 2. वनस्पति विज्ञान- पांच पद 3. रसायन विज्ञान- पांच पद 4. भौतिक विज्ञान- पांच पद 5. गणित- पांच पद
स्नातक स्तर पर कला संकाय में सहायक आचार्य हेतु- 1. हिन्दी- दो पद 2. भूगोल- दो पद
**योग्यता एवं वेतनमान-** यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
नोट:- इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन महाविद्यालय में पंजीकृत डाक अथवा सीधे महाविद्यालय में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर भेज सकते हैं।
प्रबन्धक
डॉ. घनश्याम लाल
मो. 7499792149




अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रियो भवति दानेन प्रियवादेन चापर :।
मन्त्रमूलबलेनान्यो य : प्रिय : प्रिय एव स : ॥

कोई पुरुष दान देकर प्रिय होता है, कोई मीठा बोलकर प्रिय होता है, कोई अपनी बुद्धिमानी से प्रिय होता है ; लेकिन जो वास्तव में प्रिय होता है ,वह बिना प्रयास के प्रिय होता है।

## संपादकीय

# शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय

वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इस संकट से निपटने के लिए वैश्विक और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर एक समन्वित और बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। यूनेस्को द्वारा प्रकाशित वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) रिपोर्ट से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या अब 27.2 करोड़ होने का अनुमान है, जो पिछले अनुमान से 2.1 करोड़ अधिक है। निश्चित रूप से स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या बहुत बड़ी है, जिन्हें साक्षर और उच्च तकनीक के युग में जीवन-यापन करने में कठिनाई होगी। यह संकट स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों को प्रभावित करता है, तथा बच्चों के बड़े होने के साथ-साथ यह चुनौती भी बढ़ती जाती है। जीईएम दुनिया भर में शिक्षा में प्रगति, चुनौतियों और रुझानों का एक आधिकारिक और साक्ष्य-आधारित मूल्यांकन है। इसका प्राथमिक उद्देश्य वैश्विक शिक्षा रुझानों की निगरानी और विश्लेषण करना और शिक्षा प्रणालियों और परिणामों को बेहतर बनाने के लिए सरकारों और हितधारकों को नीतिगत सिफारिशें प्रदान करना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस वर्ष के अंत तक देश अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों के सापेक्ष 75 मिलियन से अधिक पिछड़ जाएंगे। हालांकि अगर सभी देश अपने लक्ष्य को पूरा कर लेते हैं तो वे 2030 तक स्कूल न जाने वाली अपनी आबादी में 16.5 करोड़ की कमी ला सकेंगे।

भारत में यह एक बड़ी समस्या है। सरकार ने पिछले दिनों लोकसभा में बताया था कि 1.17 मिलियन बच्चे स्कूल से बाहर हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार भारत का लक्ष्य 2030 तक 100 प्रतिशत नामांकन है। भारत वर्तमान में प्रतिकूल शिक्षण परिणामों और विद्यालयों की कमजोर नेतृत्व क्षमता जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। भारत में वर्ष 2023-24 में स्कूल नामांकन में 1 करोड़ से अधिक की गिरावट आई। रिपोर्ट के अनुसार नए नामांकन और उपस्थिति के आंकड़ों के कारण स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की संख्या में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि भारत में स्कूल छोड़ने वालों की संख्या में कमी लाने के लिए समग्र शिक्षा अभियान व मध्याह्न भोजन योजना जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय सहायता को उन देशों की ओर निर्देशित किया जाना चाहिए जहां स्कूल न जाने वाली आबादी सबसे अधिक है। सबसे कमज़ोर समूहों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए तथा सरकारों को शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय बढ़ाना चाहिए।

# योग के प्रभावों के पीछे वैज्ञानिक आधार



डॉ.कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

योगासन से पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं की सुग्राह्यता ग्लूकोज़ सिग्नल के प्रति बेहतर हो जाती है। और इंसुलिन की सुग्राह्यता भी बेहतर हो जाती है। इन सभी स्थितियों में योगासनों के मिले-जुले प्रभावों की भूमिका हो सकती है।

योग प्राचीन भारतीय दर्शन की एक प्रणाली है जो मन, शरीर और आत्मा को एकीकृत करने का अभ्यास है। इसका शाब्दिक अर्थ है "जुड़ना" या "एकजुट होना", और यह शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग करता है। योग एक साइकोसोमेटिक स्पिरिचुअल यानी मनोदैहिक आध्यात्मिक पद्धति है।

आज विश्व के अनेक देशों में 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जिसके माध्यम से सामूहिक योगाभ्यास के आयोजनों के साथ साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में इसके महत्व के विषय में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। भारत में लोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए योग और ध्यान का नियमित अभ्यास करते रहे हैं। वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा के निर्वहन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण में विश्व समुदाय से एक 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' को अपनाने की संकल्पना व्यक्त की थी। प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून, 2015 को किया गया था।

योग के मुख्य पहलुओं में आसान और प्राणायाम शामिल है। जहां आसन शरीर को मजबूत, लचीला और स्वस्थ बनाने में सक्षम शारीरिक मुद्राएं हैं। वहीं प्राणायाम श्वांस नियंत्रण की तकनीकें हैं जो ऊर्जा को विनियमित करने और मन को शांत करने में मदद करती हैं। ध्यान यानी मेडीटेशन मन को एकाग्र करने और चेतना को बढ़ाने की प्रक्रिया है जो मानसिक स्पष्टता और शांति को बढ़ावा देती है। योग वह अंतिम लक्ष्य है जहां व्यक्ति पूर्ण एकता और जागरूकता की स्थिति प्राप्त करता है। योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, तनाव और चिंता को कमी आने, एकाग्रता और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ने आत्म-जागरूकता और आत्म-स्वीकृति को बढ़ावा मिलने, भावनात्मक संतुलन और कल्याण में बढ़ावा होने जैसे लाभकारी स्थितियां सम्मिलित हैं। योग का अभ्यास किसी भी उम्र में और व्यक्ति शारीरिक

योग के मुख्य पहलुओं में आसान और प्राणायाम शामिल है। जहां आसन शरीर को मजबूत, लचीला और स्वस्थ बनाने में सक्षम शारीरिक मुद्राएं हैं। वहीं प्राणायाम श्वांस नियंत्रण की तकनीकें हैं जो ऊर्जा को विनियमित करने और मन को शांत करने में मदद करती हैं। ध्यान यानी मेडीटेशन मन को एकाग्र करने और चेतना को बढ़ाने की प्रक्रिया है।

स्थिति के अनुसार किया जा सकता है। नियमित योगाभ्यास जीवन के सभी पहलुओं में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

प्राणायाम संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है, प्रथम प्राण जिसका मतलब जीवन ऊर्जा अथवा जीवन शक्ति से है, जबकि याम का तात्पर्य दीर्घायु होने से होता है। ट्रांसेडेंटल मेडिटेशन यानी भावातीत ध्यान एक प्रकार का ध्यान है जिसमें व्यक्ति अपने मन को शांत करने के लिए एक मंत्र का जाप करते हुए अपनी चेतना को गहरे स्तर तक पहुंचाने का प्रयास करता है। भावातीत ध्यान में व्यक्ति अपनी आंखें बंद कर बैठे हुए एक प्रमाणित शिक्षक की सहायता से एक मंत्र का जाप करता है। भावातीत ध्यान तनाव कम करने, चिंता को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और समग्र कल्याण में सुधार लाने जैसी स्थितियों में सहायक होता है। दुनिया के अनेक देशों में लाखों व्यक्तियों द्वारा किया जाने वाला यह अभ्यास एक सरल, प्रभावी और सहज तकनीक का प्रतीक बन गया है।

योगासन, प्राणायाम और भावातीत ध्यान के दौरान शारीरिक क्रियाएंः नॉर्थ अमेरिकन जर्नल ऑफ़ मेडिकल साइंसेज के अंक 4 (2012) में प्रकाशित एक शोधपत्र के अनुसार योगाभ्यास के दौरान पेट में खिंचाव के कारण पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की कोशिकाएं नवीन/पुनर्जीवित हो जाती हैं, जिसके कारण एंज़ाइम संबंधी प्रक्रियाओं के माध्यम से पेरीफेरल टिशूज़, लीवर यानी यकृत और एडीपोज़ टिशूज़ में ग्लूकोज़ का उपयोग और चयापचय बढ़ सकता है। बेंगलुरु शहर के समीप स्थित 'स्वामी विवेकानंद योग शोध फाउंडेशन' द्वारा संपन्न शोध के अनुसार सक्रिय योगाभ्यास के पश्चात आराम करने की प्रक्रिया में न्युरोप्लास्टिसिटी की संभावना होती है। न्युरोप्लास्टिसिटी का मतलब व्यक्ति के अनुभवों, सीखने और चोटों के जवाब में उसका मस्तिष्क अपनी संरचना और कार्यों को बदल सकता है। इस प्रक्रिया में हाइपर-पिट्यूटरी-पैंक्रिएटिक एक्सिस में परिवर्तन आने की संभावना होती है। इसके अलावा योगाभ्यास के दौरान मांसपेशियों के ढीला पड़ने तथा उनमें रक्त प्रवाह बेहतर होने से इंसुलिन रिसेप्टर की अभिव्यक्ति बढ़ सकती है। इसके परिणामस्वरूप पेशियों में ग्लूकोज़ का अंतर्ग्रहण बढ़ने के कारण रक्त में शर्करा का स्तर गिर जाता है। योग अभ्यास के पश्चात कोशिकाओं के स्तर पर हिपैटिक लाइपेज़ और लाइपोप्रोटीन लाइपेज़ के स्तरों में वृद्धि हो जाने से लिपिड के स्तरों में सुधार आ जाता है। जिसके कारण लाइपोप्रोटीन का चयापचय प्रभावित होने के परिणामस्वरूप एडीपोज़ टिशूज़ द्वारा ट्राइग्लिसराइड्स का अंतर्ग्रहण बढ़ जाता है।

योगासन से पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं की सुग्राह्यता ग्लूकोज़ सिग्नल के प्रति बेहतर हो जाती है। और इंसुलिन की सुग्राह्यता भी बेहतर हो जाती है। इन सभी स्थितियों में योगासनों के मिले-जुले प्रभावों की भूमिका हो सकती है। शोधों से पता चला है कि योगासनों द्वारा पैंक्रियाज के सीधे प्रेरित होने से उसमें इंसुलिन उत्पन्न करने की क्षमता पुनर्जीवित हो सकती है। प्राणायाम के दौरान फेफड़ों में होने वाली अनैच्छिक, स्वचालित प्रतिक्रियाएं श्वास को नियंत्रित करती हैं। ये प्रतिक्रियाएं फेफड़े और वायु मार्ग में मौजूद रिसेप्टरों द्वारा शुरू होती हैं जो विभिन्न प्रेरकों के माध्यम से श्वास की दर और गहराई को समायोजित करने के लिए केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को संकेत भेजते हैं। प्राणायाम के दौरान केंद्रीय तंत्रिका प्रणाली की पारस्परिक क्रिया से शरीर में एक नई समस्थिति (होमियोस्टैसिस) पैदा होती है। भावातीत ध्यान यानी ट्रांसेडेंटल मेडिटेशन के दौरान संभवतः एसेंडिंग (आरोही) रेटिकुलर एक्टीवेटिंग सिस्टम में बदलाव आता है, जिसके कारण मस्तिष्क के तने में मौजूद ऑटोनॉमिक केंद्रों के साथ पारस्परिक क्रिया होती है जो हृदय श्वसनी (कार्डियो रेस्पिरेटरी) और चयापचय (मेटाबॉलिज्म) के पैरामीटरों को प्रभावित करती हैं। रेटिकुलर एक्टीवेटिंग सिस्टम मस्तिष्क के तने में स्थित तंत्रिका मार्गों का एक नेटवर्क है जो चेतना, जागृति, ध्यान और संवेदी जानकारी को छानने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मस्तिष्क का यह हिस्सा यह निर्धारित करता है कि कौन सी जानकारी हमारे ध्यान में लानी है और किस जानकारी की अनदेखी करनी है। दीर्घकालिक भावातीत ध्यान से पड़ने वाले प्रभाव पर संपन्न एक अध्ययन से पता चला है कि इसके नियमित अभ्यास के परिणामस्वरूप मस्तिष्क के विभिन्न भागों जैसे कि दाहिने आर्बिटो फ्रंटल कॉर्टेक्स, दाएं थैलेमस और बाएं इनफीरियर टेंपोरल गाइरस में ग्रे मैटर की मात्रा काफी बढ़ जाती है। एक अन्य अध्ययन में अवसाद यानी डिप्रेशन से पीड़ित रोगियों द्वारा दो माह के सहज योग ध्यान के परिणामस्वरूप उनके इलेक्ट्रोसिफैलोग्राम यानी ईईजी के परीक्षणों में अल्फा क्रियाशीलता में वृद्धि देखी गई थी।

संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़ यानी सीओपीडी से पीड़ित 22 रोगियों पर संपन्न एक अध्ययन में उनके द्वारा 6 सप्ताह तक सप्ताह में तीन दिन एक-एक घंटे योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया गया। जिसके परिणामस्वरूप उनके फेफड़ों के कार्य तथा उनके जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया।

21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाने का औचित्यः 21 जून को विश्व योग दिवस मनाने के पीछे कारण है कि यह दिन उत्तरी गोलार्ध का सबसे लंबा दिन होता है। 21 जून के दिन को ग्रीष्म संक्रांति (समर सोल्सटाइस) भी कहते हैं। भारतीय परंपरा के अनुसार ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य का दक्षिणायन होना आध्यात्मिक सीढ़ियां को प्राप्त करने के लिए उपयुक्त होता है। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए 21 जून को चयन किया गया।

## प्रसंगवश

# वेट-बल्ब तापमान और शुष्क-बल्ब तापमान

मानव एक वार्म-ब्लडेड जीव है, जिसके शरीर को निरंतर 37 डिग्री का तापमान मेंटेन करना पड़ता है। इवोल्यूशनरी नजरिये से ये एक मुश्किल बात है। इस तापमान को निरंतर मेंटेन करने के लिए रोज खाने की अनिवार्यता हो जाती है।

आजकल तो जोमैटो-स्विगी का युग है पर एक समय ऐसा भी था, जब खाना ढूंढना और जिंदा बचे रहना भी हमारे पूर्वजों के लिए बड़ी मुश्किल बात होती थी। उसके बावजूद प्रकृति ने यही तापमान हमारे लिए चुना, उसका कारण है-हमारा अपने आसपास फंगी-वायरस-बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्मजीवों से घिरा होना। 37 डिग्री तापमान पर ज्यादातर सूक्ष्म जीव न्यूट्रलाइज हो जाते हैं। जो नहीं होते, और बदमाशी दिखाएं -उनसे लड़ने के लिए शरीर सबसे पहले तापमान की सेटिंग बदल कर देखता है-आपको बुखार देकर!



विजय राज शर्मा
विज्ञान लेखक

अब अगर हमारे शरीर से बाहर का तापमान 37 डिग्री से ज्यादा हो जाए तो ये हमारे लिए चिंता की बात है। इस स्थिति में शरीर कितना भी कोशिश कर ले, खुद को ठंडा नहीं रख सकता। बायोलॉजिकल फंक्शन ठप होने लगते हैं। मौत भी हो सकती है।

अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसा है, तो हम 40-45 डिग्री के तापमान में जिंदा क्यों हैं? वो इसलिए क्योंकि आजकल जो 40 डिग्री चल रहा है, वह ड्राई टेंपरेचर है, यानी बाहरी क्षेत्र का तापमान। जैसे मैंने कहा कि बॉडी पसीने के सहारे और दूसरे कुछ मेथड्स के सहारे अपना टेंपरेचर रेगुलेट करना जानती है। इसलिए बाहरी तापमान कुछ भी हो, मनुष्य का शरीर जिस तापमान को महसूस करता है, उसे वेट-बल्व टेंपरेचर कहते हैं।

यही हमारे काम की चीज है। वेट-बल्ब 25 डिग्री से नीचे हो तो अच्छा है। 26 से 31 के बीच हो तो खतरा है, पर जीने लायक है जी। 31 से जितना ऊपर, उतना ही तबियत खराब और 35 से ऊपर जाते ही-टॉय टॉय फिश अब फिलहाल ऐसी कोई ऑनलाइन संस्था या पोर्टल नहीं है, जो वेट-बल्ब का रियल टाइम अपडेट देती हो। इसलिए सारे एटमोस्फेरिक कंडीशन संज्ञान में लेकर ग्रोक से

साल दर साल गर्मी का लेवल बढ़ता जा रहा है। कारण-सबसे पहले तो एसी... आज हर घर मे 2-4 एसी होना आम बात है। अब एसी आपका कमरा ठंडा करेगा तो कमरे की गर्मी भी कहीं न कहीं डंप करेगा ही।

जून महीने में दिल्ली का वेट-बल्ब निकालने को कहा, जो कि "30-31 डिग्री" आया-मतलब रेड मार्क की दहलीज पर।

साल दर साल गर्मी का लेवल बढ़ता जा रहा है। कारण-सबसे पहले तो एसी... आज हर घर में 2-4 एसी होना आम बात है। अब एसी आपका कमरा ठंडा करेगा तो कमरे की गर्मी भी कहीं न कहीं डंप करेगा ही। इसलिए आज आउटडोर एरिया गर्म से गर्म होते जा रहे हैं। उसके बाद पेड़ों का कटना, पॉल्यूशन बगैरह है ही। एक और बड़ा कारण-जुगाली करने वाले जानवर, जैसे गाय, भैंस, बकरी इत्यादि।

इन जीवों का डाइजेस्टिव सिस्टम अनेरोबिक होता है। अर्थात इनके पेट का खाना वो सूक्ष्म जीव ब्रेकडाउन करते हैं, जो ऑक्सीजन का इस्तेमाल नहीं करते। ऐसे जीवों द्वारा भोजन ब्रेकडाउन करने पर एंड प्रोडक्ट्स में से एक होती है-मीथेन-जो कार्बन डाइआक्साइड के मुक़ाबले 25 गुना गर्मी होल्ड करने में सक्षम होती है। आज विश्व में 5 अरब से ज्यादा जुगाली करने वाले जीवों की संख्या ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने का एक बड़ा कारण है। बताने की जरूरत नहीं कि इनमें से 90 प्रतिशत जीवों की जनसंख्या का एकमात्र कारण "मांस-उद्योग" है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इसी तरह चलता रहा तो अगले 50-70 सालों में भूमध्य रेखा से 30 डिग्री उत्तर और दक्षिण के बीच में पड़ने वाले क्षेत्रों में रहना असंभव हो जाएगा-अपना भारत भी इसी क्रॉस-सेक्शन में पड़ता है। ऐसा न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम आज से ही उठाना शुरू करें। हमारे वंशजों का पृथ्वी पर क्या भविष्य होगा, ये हमारा आज ही तय करेगा।

# सीरिया फिर अराजकता की ओर



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया की स्थिति पर चिंता तो जताई है, लेकिन ठोस कदम उठाने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। जब यूक्रेन पर हमला होता है, तब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी सक्रिय हो जाती है।

गत दिसंबर की शुरुआत में जैसे ही बशर अल-असद की सत्ता का अंत हुआ तो उम्मीद जगी थी कि देश में लोकतंत्र और स्थायित्व आएगा। एक नए दौर की शुरुआत होगी। लेकिन अब साफ होता जा रहा है कि यह सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं था, बल्कि एक और भयंकर संक्रमण काल का प्रवेश द्वार था। असद के जाने के बाद सीरिया में जो सत्ता का शून्य पैदा हुआ, वह तेजी से अराजकता में बदलता जा रहा है और इसी अराजकता की दरारों से झांक रहा है वही पुराना डरावना चेहरा-इस्लामिक स्टेट यानी आईएसआईएस।

सीरिया में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी अब नाम मात्र की रह गई है। उत्तर-पूर्वी सीरिया में अमेरिका ने अपने दो प्रमुख सैन्य अड्डों-अल-ओमर और ताल बायदर-से सैनिकों को हटा लिया है। अब इन ठिकानों पर न निगरानी कैमरे हैं, न गश्ती दस्ते। बस बची हैं सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एसडीएफ) की कुछ छोटी टुकड़ियां, जो खुद को निहत्था और असहाय पा रही हैं। इन अड्डों पर कभी अमेरिका का स्पष्ट दबदबा था। इन्हीं से आईएसआईएस की कमर तोड़ी गई थी। अब जब ये लगभग खाली पड़े हैं, तो सवाल उठता है-क्या आईएसआईएस की वापसी का रास्ता खुद अमेरिका ने खोल दिया है?

यह सवाल अब और तीव्रता से पूछा जा रहा है-क्या अमेरिका ने एसडीएफ को बीच रास्ते में छोड़ दिया? वही एसडीएफ जिसे अमेरिका ने खड़ा किया था, प्रशिक्षित किया था और आईएसआईएस के खिलाफ सबसे आगे रखा था। एसडीएफ आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। इसके कमांडर मजलूम अब्दी का कहना है-हमने अमेरिका पर विश्वास किया, उनके निर्देशों पर युद्ध लड़ा, लेकिन अब वही अमेरिका हमें अधर में छोड़कर जा रहा है।

यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका पर ऐसा आरोप लगा हो। अफगानिस्तान, यूक्रेन और अब सीरिया-तीनों ही उदाहरण हैं जहां अमेरिका ने रणनीतिक जरूरत के समय साथ निभाया और फिर अपने हित सधते ही कदम पीछे खींच लिए। दुनिया अब सवाल कर रही है कि क्या अमेरिका सिर्फ तब तक साथ देता है, जब तक उसे राजनीतिक और सैन्य लाभ मिलता है?

सीरिया में अमेरिका की वापसी से जो खालीपन पैदा हुआ है, उसे भरने के लिए अब रूस, ईरान और तुर्की जैसे देश तैयार बैठे हैं। रूस असद शासन का पुराना समर्थक रहा है और अब वहां की स्थिति पर अपनी पकड़ और मजबूत कर रहा है। ईरान समर्थित मिलिशिया समूह भी अब फिर से उत्तर-पूर्वी सीरिया में सक्रिय होने लगे हैं।

वहीं तुर्की, जो शुरू से एसडीएफ को कुर्द विद्रोहियों के रूप में देखता है और लगातार उनकी गतिविधियों को सीमित करने की कोशिश में जुटा है। बहरहाल एसडीएफ तीन दिशाओं से प्रेशर में है-आईएसआईएस की वापसी, तुर्की का सैन्य दबाव और अमेरिका का साथ छोड़ना। ऐसे में यह सवाल लाजमी है कि क्या एसडीएफ इस सबके बीच अकेले टिक पाएगा?

इतिहास गवाह है कि जब-जब सुरक्षा बल किसी संकटग्रस्त क्षेत्र से हटे हैं, वहां चरमपंथी संगठनों ने अपनी जड़ें और मजबूत की हैं। सीरिया की वर्तमान स्थिति उसी दोहराव की ओर इशारा कर रही है। इस्लामिक स्टेट, जो कभी ख़त्म मान लिया गया था, अब फिर से दमिश्क, रक्का, हामा और डेर-एज़-ज़ोर जैसे शहरों में सक्रिय होता दिख रहा है। उसने सीरियाई शासन के पतन के बाद सरकारी हथियार डिपो से गोला-बारूद लूट लिए थे। एसडीएफ कमांडर अब्दी ने चेताया है कि आईएसआईएस अब फिर से हथियारों से लैस है और आतंक के पुराने नेटवर्क दोबारा सक्रिय किए जा रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया की स्थिति पर चिंता तो जताई है, लेकिन ठोस कदम उठाने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। जब यूक्रेन पर हमला होता है, तब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी सक्रिय हो जाती है। लेकिन सीरिया जैसे देशों में जब मानवीय संकट लौटता है, तो सिर्फ 'चिंता' जताई जाती है, कार्रवाई नहीं होती। वहां के आम नागरिक इसकी कीमत चुकाते हैं। बीते दो महीनों में ही सीरिया में 1 लाख से ज्यादा लोग फिर से विस्थापित हुए हैं। स्कूल बंद हैं, अस्पतालों में दवा नहीं है, बिजली और पानी की आपूर्ति ठप पड़ी है।

## सोशल फोरम

# हमारे ही किए धरे का हासिल

हमारे आने के पहले भी दुनिया थी और हमारे जाने के बाद भी रहेगी। हमारे आने के पहले कालक्रम से असंख्य लोग आए और चले गए। उसी तरह हमारे जाने के बाद भी असंख्य लोग आएंगे और चले जाएंगे। यह भी स्पष्ट है कि जो दुनिया हम छोड़कर जाएंगे उससे बहुत भिन्न होगी जो हमें मिली थी। पहले आए-गए लोगों के साथ भी कम-ज़्यादा ऐसा ही हुआ होगा और आगे आने-जानेवालों के साथ भी ऐसा ही होगा।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

मतलब, दुनिया क्षण-प्रतिक्षण बदलती रही है, बदल रही है और बदलती रहेगी। इस बदलाव के पीछे मानव निर्मित कारण अहम हैं। असंख्य लोगों द्वारा जाने-अनजाने किए गए का प्रतिफल। हमारी समस्या यह है कि हम तनहा तनहा व्यक्ति के रूप में मनमाफ़िक बदलाव चाहते हैं। आपस में लड़ने-भिड़ने लगते हैं। आजकल लड़ने-भिड़ने का दौर कुछ ज़्यादा ही भयानक हो गया है। आगे और भी हो सकता है।

कारण क्या हो सकता है? दरअसल हम भूल जाते हैं कि किसी न किसी रूप में परस्पर भिन्न, दुनिया का हर व्यक्ति, मनमाफ़िक बदलाव चाहता है। आज हम जहां हैं, जो हैं, हममें से प्रत्येक के बदलाव की आकांक्षाओं और प्रयासों की भिन्न भिन्न दिशा का ही समंजित योग है। बदलाव की हमारी चाहत इस परिप्रेक्ष्य का कितना ध्यान रख पाती है?

बदलाव की चाहत में मोटी-मोटी एकरूपता न हो, एकरूपता की कोशिश तक न हो, तो स्वाभाविक परिणति यही है। एकरूपता कैसे आ सकती है? उपाय तो है, कठिन भले हो। सही है कि हम परस्पर भिन्न हैं किन्तु एक चीज़ की संभावना हममें सामान्य है। मनुष्यता, इंसानियत। यानी सार्वभौम नैतिकता।

एक समस्या है। जो स्वभावतः नैतिक नहीं हैं, वे नैतिक बनने की बड़ी कड़ी शर्त रखते हैं। कहते हैं, मेरे अकेले के नैतिक बनने से क्या होगा? मैं अकेले बन भी गया तो अनैतिक लोग मेरा जीना हराम कर देंगे। कोई गारंटी दे दे कि अन्य लोग भी नैतिक बन जाएंगे तो मैं सबसे पहले नैतिक बनने को तैयार हूं। यह उनका शातिर बचाव है, जो उनके अनैतिक होने की सबसे कारगर पहचान है। कुछ मानवेतर प्राकृतिक आपदाओं को छोड़ दें तो बाकी सब इसी का परिणाम है।

**-फेसबुक वॉल से**

# सूचना के पेशेवर योद्धा बनाते हैं असल नैरेटिव



डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में सरकारों को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। अंदरूनी विपक्ष और विपक्षी मीडिया नैरेटिव को संभालना, दूसरा, बाहरी प्रोपेगेंडा और विदेशी मीडिया अटैक का जवाब देना।

आज का युग सूचना का युद्धकाल है। किसी भी सरकार की नीतियां कितनी भी अच्छी क्यों न हों, जब तक वह अपने दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से जनता तक नहीं पहुंचा सकती, तब तक उसका असर अधूरा ही रहेगा। यही वजह है कि भारत सरकार की 'भारतीय सूचना सेवा' आज पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

मोदी सरकार, जो स्वयं संचार के महत्व को गहराई से समझती है और जिसने मन की बात से लेकर माय गॉव, डिजिटल इंडिया, और वैश्विक मंचों तक भारतीय नैरेटिव को मजबूती से रखा है, उसे अब अपनी सबसे अहम संचार सेवा यानी सूचना सेवा को भी उतना ही पेशेवर और शक्तिशाली बनाना होगा। सूचना प्रसारण मंत्रालय के अधीन सूचना सेवा के अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है कि वे भारत सरकार की योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों को सही, प्रभावी और सामयिक ढंग से जनता और मीडिया के सामने प्रस्तुत करें। चाहे पीआईबी हो या दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो हो या न्यू मीडिया विंग, सभी की सफलता सूचना सेवा के माध्यम से तय होती है।

आज जब सोशल मीडिया पर मिनटों में अफ़वाहें फैलती हैं, जब फेक न्यूज़ और प्रोपेगेंडा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बन जाते हैं, तब सरकार का संचार और नैरेटिव केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं रह जाता, बल्कि यह रणनीतिक राष्ट्रकार्य बन चुका है। इस काम को अंजाम देने के लिए सिर्फ़ वही लोग सक्षम हैं जो मीडिया के पेशेवर हों-जिन्हें जनसंचार, ब्रांडिंग, डिजिटल माध्यम, और नैरेटिव बिल्डिंग की गहरी समझ हो।

आज से कई दशक पहले, भारतीय सूचना सेवा की कमान ऐसे ही पेशेवरों के हाथों में थी। उदाहरण के तौर पर खुशवंत सिंह, 'योजना' पत्रिका के संपादक रहे। कुलदीप नैयर, प्रधानमंत्री शास्त्री के प्रेस सलाहकार रहे। एचवाई शारदा प्रसाद, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के प्रेस सलाहकार रहे हैं। इनमें से कोई भी भारतीय प्रशासनिक सेवा से नहीं था, लेकिन ये सब संचार के क्षेत्र में सिद्धहस्त पत्रकार, लेखक और रणनीतिकार थे, जो जनता की नब्ज और संचार के माध्यमों को बखूबी समझते थे। मोदी सरकार संचार और मीडिया की ताकत को समझती है। फिर चाहे वह राष्ट्रवाद के नैरेटिव की बात हो, 'न्यू इंडिया' की छवि निर्माण की, या वैश्विक मंचों पर भारत की स्थिति को मज़बूती से रखने की-हर जगह मीडिया ने सरकार की छवि गढ़ने में भूमिका निभाई है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में सरकारों को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। अंदरूनी विपक्ष और विपक्षी मीडिया नैरेटिव को संभालना, दूसरा, बाहरी प्रोपेगेंडा और विदेशी मीडिया अटैक का जवाब देना। ये दोनों ही काम सिर्फ वही व्यक्ति कर सकता है जो मीडिया की भाषा, मनोविज्ञान और उपकरणों को अच्छी तरह समझता हो।

मोदी सरकार ने हाल के वर्षों में विभिन्न मंत्रालयों में लैटरल एंट्री के ज़रिए नीति आयोग, पर्यावरण मंत्रालय, रेलवे, आयुष मंत्रालय में विशेषज्ञों की नियुक्ति की। इसका उद्देश्य यही था कि पेशेवरों के ज़रिए बेहतर नीति और कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। मेडिकल, इंजीनियरिंग, सांख्यिकी सेवा की तरह आईआईएस सेवा में केवल मीडिया अनुभवी प्रोफेशनल को ही प्रवेश की अनुमति हो। इस सेवा के ग्रुप बी के पेशेवर अधिकारियों के लिए विशेष प्रमोशन स्कीम लाई जाए, जिससे वे नीति निर्धारण स्तर तक पहुंच सकें। इसके अलावा एडिटोरियल थिंक टैंक की स्थापना हो, जिसमें सूचना मंत्रालय के अधीन अनुभवी पत्रकारों, रणनीतिकारों और भाषा विशेषज्ञों का थिंक टैंक बने, जो सभी मंत्रालयों को नैरेटिव बिल्डिंग में सहयोग करे। सभी अधिकारियों की संचार दक्षता (फैक्ट-चेकिंग, सोशल मीडिया रिस्पांस, विज़ुअल संचार आदि) का मूल्यांकन किया जाए और उसे प्रमोशन से जोड़ा जाए।

यूजीसी के अनुसार, देश में हर साल 40,000 से ज्यादा मीडिया प्रोफेशनल विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों से निकलते हैं। इनमें आईआईएमसी, माखनलाल, जामिया, दिल्ली विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और अनेक केंद्रीय विश्वविद्यालय शामिल हैं। यदि सरकार चाहे, तो इन प्रतिभाशाली लोगों का उपयोग करके अपने सूचना तंत्र को एक वैश्विक स्तर की शक्ति बना सकती है। यह सच है कि अब युद्ध सिर्फ बंदूक से नहीं, बल्कि सूचना के हथियार से लड़ा जाता है। भारत को इस युद्ध में जीतना है, तो उसे अपने संचार तंत्र में मीडिया प्रोफेशनल्स को महत्व देना होगा। इसी कड़ी में भारतीय सूचना सेवा को अब सिर्फ प्रशासनिक सेवा नहीं, बल्कि एक प्रोफेशनल मीडिया कॉर्प्स के रूप में पुनर्गठित करने की जरूरत है। यह केवल सुधार का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और छवि निर्माण का मामला है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## अमृत विचार आपके साथ....

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।

ईमेल :budaun@amritvichar.com

## शहर में आज

- योग दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में योगाभ्यास सुबह 6 बजे।
- तहसील दातागंज में संपूर्ण समाधान दिवस सुबह 10 बजे।

## एक नजर

### दबंगों ने गोबर डालकर रास्ता किया अवरुद्ध

**दातागंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के नगरिया खुर्द गांव में निकलने वाले रास्ते पर गोबर डालकर रास्ता बंद कर दिया। इससे गांव के लोगों को गोबर पड़े रास्ते में निकलने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत थाने में की गई है। नगरिया खुर्द निवासी अख्तर पुत्र धन्नू ने बताया कि वह 18 अक्टूबर 2024 को ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने रुड़की हरिद्वार गया था। इसी बीच गांव के एक व्यक्ति ने घर की ओर जाने वाले रास्ते में गोबर डालकर बंद कर दिया। साथ ही अपने जानवरों को बांधना शुरू कर दिया। रास्ते पर अतिक्रमण किए जाने की वजह से उसे घर तक आने जाने में दिक्कतों का सामना पड़ता है। शिकायतकर्ता का कहना कि उसने गोबर को हटाने के लिए संबंधित व्यक्ति से कहा तो वह लड़ने के लिए तैयार हो गया। ऐसी स्थिति में पीड़ित ने कोतवाली दातागंज की चौकी बरही पर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है।

### गुमशुदगी कराई दर्ज

**बिल्सी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नगला डल्लू निवासी कैलाश चंद्र पुत्र वंशीधर ने थाना पुलिस को दिए पत्र में बताया कि उसका बेटा 16 जून की शाम को पांच बजे बिल्सी दवा लेने गया था। देर रात तक नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन की गयी। उसका कोई सुराग नहीं लगने पर थाना पुलिस के गुमशुदगी दर्ज करने को पत्र दिया गया है। उपनिरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

# हनुमान जी की मूर्ति का 15वां स्थापना दिवस मनाया, की पूजा

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** मीरा सराय में लिंगेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर शुक्रवार को भगवान राम के अनन्य एवं परमप्रिय भक्त हनुमान जी की मूर्ति का 15वां स्थापना दिवस भक्ति एवं श्रद्धा पूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर के पुजारी पंडित धनीराम मिश्रा ने प्रातः काल 8 बजे हनुमान जी का नवीन वस्त्र आभूषणों के साथ भव्य -दिव्य श्रृंगार किया। मोतीचूर के लड्डुओं का भोग लगाया।

प्रातः 10 बजे हवन एवं पूजन प्रारंभ हुआ। यज्ञ के मुख्य यजमान ज्वेलर्स कपिल रस्तोगी एवं प्रिया रस्तोगी रहे। यज्ञ के पुरोहित पंडित धनीराम मिश्रा एवं अवधेश आचार्य ने हवन पूजन कराया। हनुमान चालीसा का पाठ कराया। तत्पश्चात हनुमान जी की भव्य आरती उतारी गई। भक्तों ने जय श्री राम,जय हनुमान के गगन भेदी उद्घोषों से वातावरण भक्ति मय कर दिया। दोपहर में भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। उज्जवल रस्तोगी, ध्रुव रस्तोगी, नितिश रस्तोगी, तुषार रस्तोगी, रॉबिन रस्तोगी, कशिश रस्तोगी, राहुल रस्तोगी, हेमंत कश्यप, कन्हैया मिश्रा, प्रियांशु मिश्रा एवं राजकुमार सिंह सेंगर आदि उपस्थित रहे।


मंदिर में पूजा करते कपिल रस्तोगी।

### ब्लॉक जगत के ग्राम उदमई के किसान संतोष ने किया एक बीघा में 10 क्विंटल पैदावार होने का दावा

# जिले में पहली बार किसान ने उगाया हाइब्रिड बैंगन

**केपी शर्मा, बदायूं**

**अमृत विचार :** अनाज के बाद अब हाइब्रिड सब्जियां भी तैयार हो रही हैं। इससे किसानों को अनाज से अधिक लाभ हो रहा है। पहली बार जिले में एक किसान ने अपने पांच बीघा खेत में इस बार हाइब्रिड बैंगन लगाया है। किसान का दावा है कि प्रति बीघा 10 क्विंटल की पैदावार देगा। हाइब्रिड बैंगन दूसरे जिलों की मंडियों में जाएगा। यहां बेहतर दाम मिलने से किसान मालामाल होगा। हाइब्रिड बैंगन का पौधा 60 दिन में तैयार होकर तीन महीने तक फसल देगा।


हाइब्रिड बैंगन लगाने वाले किसान संतोष मौर्य।


खेत में तैयार हो रहा हाइब्रिड बैगन। ● अमृत विचार

खेती-किसानी में नित नए प्रयोग किए जा रहे हैं। इससे उन्नतशील बीज तैयार किए जा रहे हैं। हाइब्रिड मक्का, बाजरा और धान के बाद अब हाइब्रिड बैंगन भी तैयार किया जा रहा है। ब्लॉक जगत के ग्राम उदमई निवासी किसान संतोष मौर्य ने अप्रैल के दूसरे सप्ताह में अपने पांच बीघा खेत में हाइब्रिड बैंगन की पौध लगाई है। अभी बैगन तैयार हो रहा है। इस समय बैंगन प्रत्येक पौधे पर लगा है जो 10 से 15 दिन में 200 से 300 ग्राम का हो जाएगा तभी बैंगन तोड़ कर दूसरे जनपदों की मंडियों में सप्लाई किया जाएगा। संतोष ने बताया कि एक बीघा में एक बार में 10 क्विंटल बैगन निकलता है। पांच बीघा में 50 क्विंटल बैगन निकलेगा, जो बाहर की मंडियों में पहुंचेगा। इस बैगन की कीमत थोक में 10 से 15 रुपये किलो होती है, जबकि मंडियों से खरीदने वाले छोटे दुकानदार 20 से 25 रुपये किलो के हिसाब से बेचते हैं। इससे उन्हें भारी मुनाफा होता है। हाइब्रिड बैंगन देखने में अति सुंदर और हल्का होता है। इसकी सब्जी भी स्वादिष्ट होती है। लेकिन पेड़ से टूटने के बाद 36 घंटे तक ही इसकी सुंदरता रहती है, उसके बाद मुलायम पड़ जाता है जो फिर बिक्री लायक नहीं रहती है। इसलिए बड़े व्यापारी किसान के खेत से उठा कर सीधे मंडियों में पहुंचाते हैं। इससे ग्राहकों तक इसकी पहुंच जल्द हो सके।

- थोक में कीमत 10 से 15 रुपये किलो, मंडियों में 20 से 25 तक
- 60 दिनों में तैयार हो जाएगी पौध तीन महीने में तैयार होगी फसल

### खेत की रखवाली करने का झंझट भी नहीं

हाइब्रिड बैंगन को गोवंश से बचने का भी झंझट नहीं है। गोवंश इसके पौधे को नहीं खाते हैं फिर भी खेत में गोवंश न घुसें इसलिए चारों ओर तार लगा कर सुरक्षा की जाती है। कम पानी खाद से तैयार होने वाली हाइब्रिड बैंगन तैयार करने में अधिक लागत नहीं लगती है। हाइब्रिड बैंगन लगाने से पहले जैविक खाद डाली जाती है। खेत में रासायनिक खाद की मात्रा बहुत कम लगाई जाती है। यूरिया खाद से पौधे की ग्रोथ अधिक नहीं होती है, जबकि जबकि खाद से पौधे जल्द ग्रोथ करता है। इसलिए हाइब्रिड बैंगन लगाने से पहले जैविक खाद का प्रयोग करने की सलाह दी जाती है।

# रासायनिक उर्वरकों का इतना उपयोग कि बंजर हो गई सैकड़ों हेक्टेयर भूमि

### चिंताजनक : सबसे अधिक अंबियापुर ब्लॉक में एक हजार हेक्टेयर बंजर हुई भूमि

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- आसफपुर ब्लॉक में 500 हेक्टेयर भूमि बंजर होने की मिली जानकारी
- किसानों से जैविक खाद का उपयोग करने की अपील कर रहा कृषि विभाग

**अमृत विचार :** फसल उत्पादन की दौड़ में किसान इतना आगे निकल चुका कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति इतनी तेजी से कम हो रही है कि वह इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। अच्छे उत्पादन के चक्कर में रासायनिक उर्वरकों का इस कदर उपयोग किया कि सैकड़ों हेक्टेयर से अधिक भूमि बंजर हो गई है। इसकी जानकारी होते ही कृषि विभाग की नींद उड़ गई। भूमि को उपजाऊ बनाने के लिए उपाय खोजे जा रहे हैं।

रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अंधाधुंध इस्तेमाल से उपजाऊ जमीन बंजर हुई है। मिट्टी में जीवांश कार्बन और अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों की भारी कमी पाई है। यह सब किसान के द्वारा चार साल फसल उत्पादन के चलते हुआ है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कृषि विभाग के आंकड़े बताते हैं कि रबी सीजन में करीब चार लाख हेक्टेयर पर फसल की बुवाई हुई थी। इसमें आठ हजार मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक की आवश्यकता थी। लेकिन किसानों के द्वारा 14 हजार मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों की खरीदारी कर फसलों में उपयोग किया था। इसकी वजह से मिट्टी में जहर घुल गया है और मिट्टी बंजर हो गई है। कृषि विभाग के अनुसार ढाई हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि योग्य भूमि बंजर का पता चला है। इसमें अकेले अंबियापुर ब्लॉक में कृषि योग्य एक हजार हेक्टेयर और आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र में 500 हेक्टेयर भूमि बंजर पाई गई है। करीब एक हजार हेक्टेयर भूमि अन्य ब्लॉकों में कृषि योग्य भूमि बंजर होने की जानकारी कृषि विभाग को मिली है। इसकी जानकारी होते कृषि विभाग की नींद उड़ गई। बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने के लिए कृषि विभाग उपाय कर रहा है। कृषि वैज्ञानिक आलोक सिंह ने बताया कि पोषक तत्व की भारी कमी है। बिना परीक्षण के भूमि बंजर की तरफ परिवर्तित हो रही हैं। समय पर परीक्षण नहीं कराने से जैविक, अजैविक तत्वों की पूर्ति नहीं करने से इसकी गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

### बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने की हो रही कोशिश

कृषि विभाग के अधिकारी कहते हैं कि बंजर भूमि की मेड़बंदी की जा रही है। साथ ही उसमें जैविक खाद का उपयोग किया जा रहा है। फसल चक्र अपनाने के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। इन उपयोगों को चार साल तक करने के बाद बंजर भूमि उपजाऊ हो जाएंगी। जिसमें अब तक करीब पांच सौ हेक्टेयर भूमि को उपजाऊ बनाया जा चुका है। मिट्टी में जीवाश्म कार्बन 0.1 और 0.2 आ गया है, जबकि मिट्टी में कार्बन 1.0 से ज्यादा होना चाहिए। वहीं 0.51 से 0.8 तक होने पर भी मध्यम स्तर होता है। यहां तक स्थिति सामान्य रहती है, पर बंजर हुई भूमि में ये महज 0.20 के आसपास है।

> किसान बहुतायत में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कर रहे है। इस वजह से मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी हो गई है। करीब ढाई हजार से अधिक कृषि योग्य भूमि बंजर होने का पता चला है। इसे कृषि योग्य बनाया जा रहा है। करीब 500 हेक्टेयर से अधिक भूमि विभिन्न उपायों के माध्यम से कृषि योग्य बना ली गई है। शेष में प्रयास किया जा रहा है। साथ ही किसानों से जैविक खाद का उपयोग करने की अपील की जा रही है।
>
> **मनोज कुमार**, उप कृषि निदेशक

# 12 प्रकार की श्रेणियों के पुरस्कारों से नवाजे जाएंगे दिव्यांग

**बदायूं,अमृत विचार:** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये पुरस्कार 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस पर प्रदान किए जाएंगे। आवेदनक 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में जमा करना होगा।

जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी प्रणव पाठक ने बताया कि पुरस्कार 12 विभिन्न श्रेणियों में दिए जाएंगे। इनमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी और स्वनियोजित दिव्यांगजन शामिल हैं। सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता और प्लेसमेंट अधिकारी को भी सम्मानित किया जाएगा। सृजनशील दिव्यांग वयस्क और बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि पिछड़ावर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक व युवतियों को एक वर्षीय ओ लेवल एवं तीन माह का सीसीसी कम्प्यूटर का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 14 जुलाई तक आवेदन मांगे गए हैं।

## सार-संक्षेप

### नेकपुर में खोला जिला कांग्रेस कमेटी का कार्यालय




**बदायूं, अमृत विचार :** कांग्रेस प्रदेश कोऑर्डिनेटर ओमवीर यादव और डॉ. केबी त्रिपाठी ने जिला कांग्रेस कमेटी के मोहल्ला नेकपुर स्थित कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने संगठन सृजन अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत चुनावों में कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ेगी। बैठक में कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्षों और नगर अध्यक्षों के नामों पर भी विचार हुआ। सभी फ्रंटल संगठनों की समीक्षा की गई, जो निष्क्रिय पदाधिकारी हैं। उनकी जगह सक्रिय पदाधिकारी को बनाने का प्रस्ताव पारित हुआ। अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव, अधिवक्ता प्रदीप सिंह, हाजी नुसरत अली, बफाती मियां, राजीव पटेल, हुकुम सिंह, फरियाद अली, आलोक सिंह, सुनीता सिंह, उपासना चौहान, अकरम खान, बन्ने खान, अमित यादव, अमन खान आदि उपस्थित रहे।

### बदायूं क्लब में कराए कई योग आसन, गिनाए फायदे



**बदायूं,अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बदायूं क्लब में चल रहे शिविर में योग प्रशिक्षक रमेश त्रिवेदी ने विभिन्न आसन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार एवं मुद्राओं का अभ्यास कराया। इनके लाभ व सावधानियां को भी विस्तार से बताया। साथ ही ताड़ासन, वृक्षासन, अनुलोम विलोम, कपालभाति, गोमुखासन आदि योगासन प्राणायाम, बन्ध, मुद्रा आदि योगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया। सचिव डॉ. अक्षत अशेष व अन्य पदाधिकारियों ने योग प्रशिक्षक को शील्ड देकर सम्मानित किया। कहा कि पिछले तीन दिनों में बदायूं क्लब के सभी सदस्यों के साथ योगाभ्यास करके अच्छा महसूस हो रहा है। मेशा से यही प्रयास रहा है कि सभी योग साधक निरोगी और स्वस्थ रहे। सचिव ने उनसे दोबारा बदायूं क्लब को सेवाएं देने का आह्वान किया। सांस्कृतिक सचिव रविंद्र मोहन सक्सेना, अंकेक्षक संजय रस्तोगी, जनसंपर्क सचिव मनीष सिंघल, सदस्य नरेश चंद्र शंखधार, अजय सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### गेस्ट हाउस में विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के सिरासौल रोड स्थित मंडी समिति के गेस्ट हाउस में शुक्रवार को भाजपा विधायक हरीश शाक्य ने विधानसभा क्षेत्र के लोगों की जन समस्याओं को सुना। यहां तकरीबन 150 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से 20 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। विधायक ने संबंधित अधिकारी को मोबाइल पर वार्ता कर शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। इसके बाद विधायक ने विधानसभा क्षेत्र में कई कार्यक्रमों में शामिल होकर लोगों की समस्याओं को सुना। पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश सागर, एसडीएम रिपुदमन सिंह, नगराध्यक्ष आदित्य माहेश्वरी, मधुप राठी, प्रखर माहेश्वरी, सुधीर सोमानी, राकेश माहेश्वरी, लोकेश वार्ष्णेय, राहुल देव शाक्य, धर्मेंद्र शाक्य, रक्षपाल सिंह शाक्य, विनय कुमार सिंह चंद्र आदि मौजूद रहे।

### कक्षा टॉपर सम्मान समारोह में बच्चे हुए सम्मानित

**ककराला, अमृत विचार :** कस्बा के हिंदुस्तान मॉडर्न पब्लिक स्कूल के इस वर्ष के टॉपर रहे छात्र छात्राओं को आज सम्मानित किया गया। स्कूल में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टॉपर्स एवं सांस्कृतिक व सहगामी क्रियाओं में विभिन्न स्तरों पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया। उन्हें प्रतीक चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। स्कूल प्रबंधक मुस्लिम खां ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### दिल्ली पहुंच राहुल गांधी को दी जन्मदिन की मुबारकबाद



**ककराला, अमृत विचार :** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अकबर अहमद डम्पी सकलैनी ने दिल्ली पहुंच कर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को जन्मदिन की मुबारकबाद दी। राहुल गांधी ने बदायूं जिले की स्थिति पर बात की और पार्टी को आगे ले जाने पर बल दिया। कांग्रेस मुख्यालय पर पहुंचे अकबर अहमद डम्पी सकलैनी ने राष्ट्रीय महासचिव सांसद मुकुल वासनिक व महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा से भी पार्टी की गतिविधियों के बारे में बातचीत की।

### रास्ते को मिट्टी डालकर किया बंद, शिकायत

**दातागंज , अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव में कुछ लोगों ने रास्ते पर कब्जा कर लिया है। उसे मिट्टी डालकर बंद कर दिया है। साथ ही पक्का निर्माण कर लिया है। जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है। क्षेत्र के गांव लालपुर खादर निवासी उदयवीर सिंह यादव ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि जिस रास्ते पर उनका मकान बना हुआ है। उस रास्ते पर गांव के लोगों ने कब्जा कर लिया है। साथ ही पक्का निर्माण कर लिया है। जिसकी शिकायत तहसील अधिकारियों से की गई। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ता ने रास्ता खुलवाने की मांग की है।

### सोत नदी के संरक्षण की अलख जगाने पहुंचे आंदोलनकारी

**ककराला,अमृत विचार :** सोत नदी को पुनर्जीवित किए जाने का अभियान शुरू हो गया है। जिला प्रशासन ने बीते दिन अधिकारियों के साथ बैठक करके जिम्मेदारियां तय की हैं। इससे सोत नदी का कार्य तेजी से शुरू होगा। सोत नदी बचाओ अभियान से जुड़े आंदोलनकारी शुक्रवार को उपरैला ग्राम पंचायत के सचिवालय पर पहुंचे। यहां गोष्ठी की। इसमें तमाम गांव के लोग शामिल हुए। बीजेपी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और सोत नदी आंदोलन के संरक्षक अशोक भारतीय, मुस्लिम खान, नाज़िम सईद, मखलूस, अशरफ गुलशन, अमित अग्रवाल आदि ने अपने विचार रखे। सुशील गुप्ता चांद खान, इमरान खान, वाहिद खान अनिल गुप्ता, चक्रपाल सिंह, सतीश चंद्र, योगेश यादव, सुधीर यादव, राजेंद्र यादव, मनोज यादव, प्रमोद यादव, इंगलेश यादव, जगदीश यादव मौजूद रहे।

# मोदी ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूत किया

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**


प्रोफेशनल मीट को संबोधित करते भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य।

- भाजपा कार्यालय पर बोले क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य
- मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर हुई प्रोफेशनल मीट

**अमृत विचार :** मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा कार्यालय पर प्रोफेशनल मीट का आयोजन हुआ। जिले के प्रोफेशनल डॉक्टर, अधिवक्ता, चार्टर्ड एकाउंटेंट, व्यापारी, शिक्षक, इंजीनियर, साहित्यकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा पीएम नरेंद्र मोदी ने देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूत किया है।

500 वर्षों का संघर्ष राम मंदिर का भव्य निर्माण मोदी सरकार में पूरा हुआ। जम्मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त हुई। 80 करोड़ परिवारों को निःशुल्क राशन वितरण करके गरीबों को राहत दी है। आयुष्मान कार्ड देकर गरीबों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज दिया है। मुफ्त उज्ज्वला गैस योजना, सौभाग्य योजना से मुफ्त बिजली कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री शौचालय, जनधन खाता, स्टार्टअप व मुद्रा योजना के माध्यम से गरीबों को बिना गारंटी के लोन दे रही है। लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा 2014 में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में एक ऐसा परिवर्तन आया। इससे देश का मस्तिष्क विश्व पटल पर ऊंचा हुआ है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर खड़ा हुआ है। 2014 से पहले भारत की सीमाएं सुरक्षित नहीं थीं। आए दिन भारतीय सैनिकों को मार दिया जाता था, लेकिन अब भारत आतंकियों को मुंह तोड़ जबाव दे रहा है। सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर इसका उदाहरण सामने है। भारत रक्षा उपकरणों का निर्यात भी करता है। भारत अब सशक्त भारत-सुरक्षित भारत-आत्मनिर्भर भारत बन चुका है। ईरान से लोग सुरक्षित देश वापस पहुंचे हैं। यूक्रेन और रूस के युद्ध में लोग तिरंगा ध्वज लेकर खुद को सुरक्षित बचाते थे। भाजपा के प्रवक्ता शैलेंद्र मोहन शर्मा, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, वरिष्ठ नेता डीके भारद्वाज, डॉ. आशीष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# नवागत डीआईओएस ने कार्यालय पहुंचकर ग्रहण किया कार्यभार

**बदायूं, अमृत विचार :** नवागत डीआईओएस लाल जी यादव ने शुक्रवार को विभाग में पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनके कार्यभार ग्रहण करने पर राजकीय शिक्षक संघ के नेताओं ने औपचारिक मुलाकात की और बुके भेंट किया। इस मौके पर राजकीय शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष केहरी सिंह, राज कपूर वर्मा, नावेद खान व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।


डीआईओएस को बुके भेंट करते शिक्षक।

# कमिश्नर ने कछला गंगा घाट का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने शुक्रवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कछला गंगा घाट का निरीक्षण किया। गंगा घाट पर अधिकारियों के साथ बैठक कर कांवड़ यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी तैयारी पूरी करने के आदेश दिए। कहा कि कांवड़ यात्रा को सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त बनाया जाए। कहा हॉट बाजार में भी सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बिल्कुल भी न होने पाए।

कहा कि डीजे की ऊंचाई का विशेष ध्यान रखा जाए। डीजे पर बजने वाले गानों में यह देखा जाए कि कोई भड़काऊ या भद्दे गाने न बजे। गंगा घाट पर पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था की व्यवस्था की जाए।


गंगा घाट का निरीक्षण करतीं कमिश्नर।

- कांवड़ यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी तैयारी पूर्ण करने के आदेश
- गंगा के घाटों को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त कराने को कहा

निगरानी को सीसीटीवी कैमरों के साथ वॉच टावर स्थापित किए जाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# 46 आंगनबाड़ी वर्करों को जारी किया नोटिस

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- 300 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों पर शुरू नहीं किया पोषण ट्रैकर एप

**अमृत विचार :** आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत बच्चों और महिलाओं का फेस कैप्चर और ई-केवाईसी का कार्य चल रहा है, लेकिन अब तक 300 से अधिक केंद्रों पर एप चालू नहीं किया गया है। इनमें से 46 शिक्षक आंगनबाड़ी वर्कर को नोटिस जारी किया है।

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने पोषण से जुड़ी सभी योजनाओं में पारदर्शिता व प्रभावी वितरण सुनिश्चित करने के लिए ई केवाईसी व फेस कैप्चर को अनिवार्य कर दिया है। योजना के अंतर्गत गर्भवती, धात्री व अन्य पंजीकृत लाभार्थियों को आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से ई केवाईसी कराना होगा। इसके साथ ही उनका चेहरा पहचान कर फेस कैप्चर भी किया जाएगा। जिन लाभार्थियों को ओटीपी साझा करने में असुविधा है, उन्हें स्वयं पोषण ट्रैकर एप के बेनिफिशियरी मॉड्यूल में जाकर ई केवाईसी व फेस कैप्चर की सुविधा दी गई है। 300 केंद्रों पर अभी तक पोषण ट्रैकर एप शुरू नहीं हो सका है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने 46 आंगनबाड़ी वर्कर को नोटिस जारी कर दिया है। पोषण ट्रैकर एप शुरू नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

> ई केवाईसी व फेस कैप्चर का काम शुरू हो गया है। करीब तीन सौ केंद्रों पर पोषण ट्रेकर ऐप अभी तक चालू नही किया गया। ऐप चालू न करने वाले वर्कर को नोटिस जारी किया जा रहा है। इस कार्य में लापरवाही करने वाले आंगनबाड़ी वर्कर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। –
>
> **प्रमोद कुमार सिंह**, जिला कार्यक्रम अधिकारी

**पेंशन का मामला** | 1976 में हुई शिक्षक की मौत, स्वीकृति 2006 दिखाते हुए भुगतान को भेजी पत्रावली

# वित्त लेखाधिकारी और बीएसए से मांगे अभिलेख

**प्रदीप सक्सेना, बदायूं**

- वरिष्ठ कोषाधिकारी ने पत्रावली को अवलोकन करने के बाद माना संदिग्ध
- मृतक की पत्नी की वास्तविक पहचान के लिए जांच संबंधी अभिलेख तबल किए

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही कहें या फिर कुछ और जिसके चलते एक शिक्षक की पत्नी को पेंशन पाने के लिए 49 साल तक इंतजार करना पड़ा। इसमें भी झोल करते हुए अधिकारियों ने 20 साल कम कर दिए। मामला वरिष्ठ कोषाधिकारी विभाग में पहुंचा तो वहां के अधिकारियों और कर्मचारी अचंभित रहे गए। मामले को संदिग्ध मानते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त लेखाधिकारी और बीएसए से पेंशनर्स के सत्यापित अभिलेख मांगे हैं। इससे शिक्षा विभाग में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

विकासखंड सालारपुर के प्राथमिक स्कूल में कार्यरत सहायक अध्यापक बुलाकी राम की मृत्यु साल 1976 में हुई थी। शिक्षक की मृत्यु के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने उनकी आश्रित पत्नी की पेंशन स्वीकृत नहीं की। शिक्षक की मृत्यु के 49 साल बाद दो दिन पहले पेंशन की स्वीकृति 2006 से दिखाते हुए भुगतान के लिए पत्रावली वरिष्ठ कोषागार विभाग में भेजी थी। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने पत्रावली को अवलोकन करने के बाद उसे संदिग्ध माना। उन्होंने बेसिक शिक्षा के वित्त लेखाधिकारी और बीएसए को पत्र जारी कर पेंशन विलंब से शुरू किए जाने का कारण पूछा। साथ ही शिक्षक की पत्नी की पात्रता के सत्यापित वारिसान प्रमाण पत्र और मृत्यु प्रमाण तलब किया। पूछा कि उन्होंने जो अभिलेख उपलब्ध कराए हैं उनकी जांच की गई है या नहीं। इसके अलावा वरिष्ठ कोषाधिकारी ने मृतक शिक्षक की पत्नी की वास्तविक पहचान के लिए की गई जांच संबंधी भी अभिलेख तबल किए हैं।

### पत्रावली को लंबित किस आधार पर रखा

सरकारी कर्मचारी की जिस साल और माह में मृत्यु होती है उसी साल से उसकी आश्रित पत्नी की पेंशन स्वीकृत की जाती है, लेकिन इस प्रकरण में तो बेसिक शिक्षा और वित्त लेखा विभाग ने झोल किया है। शिक्षक की मृत्यु 1976 में हुई थी। जबकि पेंशन की स्वीकृति 2006 में की गई है। जब मृत्यु 1976 में हुई है तो फिर 20 साल कम करते हुए 2006 में स्वीकृति किस नियम के तहत की गई। साथ ही पत्रावली को 49 साल तक लंबित किस आधार पर रखा गया था। ऐसे कई प्रश्न है जो बेसिक शिक्षा और वित्त लेखा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। पेंशन स्वीकृत करने में झोलझाल करने वाले जिम्मेदारों से वरिष्ठ कोषाधिकारी ने जवाब मांगा है।

> शिक्षक की पेंशन का प्रकरण संदिग्ध प्रतीत हुआ है। इस संबंध में बीएसए और वित लेखा अधिकारी से मृतक शिक्षक के आश्रित के सत्यापित अभिलेख मांगे हैं। साथ ही जानकारी मांगी है कि इतनी विलंब से पेंशन क्यों स्वीकृत की गई।
>
> – **विकास चौधरी**, वरिष्ठ कोषाधिकारी

# निकाले गए चतुर्थ कर्मचारियों ने फिर किया जमकर हंगामा

- सीएमओ कार्यालय पर लगाया मनमानी का आरोप
- चार दिन बाद भी डाक में नहीं चढ़ा पत्र, जताया रोष

**बदायूं, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में कार्य कर रहे चतुर्थ कर्मचारियों को एक कंपनी ने निकाल दिया। कर्मचारी शुक्रवार को फिर सीएमओ कार्यालय पहुंचे। कर्मचारियों ने उनके पत्र को चार दिन तक रिसीव नहीं करने का आरोप लगाया। आरोप लगाया कि सीएमओ कार्यालय के आदेश पर ही उन्हें निकाला गया है। उनका मानदेय तक नहीं दिया है। स्वास्थ्य विभाग में अविनि परिधि संस्था ने 2018 में करीब 108 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती की गयी थी। विभिन्न पदों पर रखे गए कर्मचारियों ने कोविड काल में कार्य किया। उनको कई माह का मानदेय भी दिया था। सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने बताया कि अवनि परिधि कंपनी ने जिन युवकों को लगाया था उन्हें सीएमओ कार्यालय से नहीं हटाया गया है। यह कंपनी का काम है। उनका मानदेय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। यदि पत्र मिलता है तो कंपनी से मानदेय दिलाने को कहा जाएगा। कंपनी चाहे तो इन लोगों को फिर से लगा सकती है।

**कार्यालय ग्रा.पं. नूरपुर पिनौनी विकास खंड इस्लामनगर बदायूं**

पत्रांक : निविदा/विज्ञाप्ति/2025-26 20.06.2025

**अल्पकालीन निविदा**

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्र वित्त योजना (2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत नूरपुर पिनौनी विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 25.06.2025 को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें व इस दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | शाकिर के घर से लौगेश्वरी के प्लॉट तक नाली सीसी नि. कार्य | प्रा. के अनु. |
| 2. | लौगेश्वरी के प्लॉट से वांगारिया तक नाली सीसी नि. कार्य | प्रा. के अनु. |

सचिव प्रधान

**क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स**
**193-ए, सिविल लाइन्स, बरेली मण्डल, बरेली**

पत्रांक: 4731/पंजी. 2025-26/बरेली दिनांक: 12.06.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री 1008 चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष की हैसियत से पंजीकरण हेतु सोसा. रजि. अधि. 1860 के अन्तर्गत ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन प्राप्त है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है:-

| क्र. | नाम / पिता / पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री म्रगांक कुमार जैन पुत्र श्री प्रेम चंद्र जैन | अध्यक्ष |
| 2 | श्री शरत कुमार जैन पुत्र श्री अमर चंद जैन | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री अनिल कुमार जैन पुत्र श्री ज्ञान चन्द्र जैन | मंत्री |
| 4 | श्री अजीत कुमार जैन पुत्र श्री जयप्रकाश | सहमंत्री |
| 5 | श्री नीरज बाबू पुत्र श्री हिरदेश बाबू | कोषाध्यक्ष |
| 6 | श्री आशीष जैन पुत्र श्री राजेन्द्र जैन | सह कोषाध्यक्ष |
| 7 | श्री दीपक कुमार जैन पुत्र श्री जवाहर लाल | सदस्य |
| 8 | श्री अमित कुमार जैन पुत्र श्री अर्जुन कुमार जैन | सदस्य |
| 9 | श्री विनोद जैन पुत्र श्री सुरेश चन्द्र जैन | सदस्य |
| 10 | श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद | सदस्य |
| 11 | श्री अरूण जैन पुत्र श्री पवन कुमार | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजों साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा. रजि. अधि. 1860 की धारा 3(1) के ''परन्तुक'' के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली**

**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पकड़िया नौगवां पीलीभीत**

पत्रांक: 54/निविदा/न.पं.पक.नौ.पी./2025-26 दिनांक: 19.06.2025

**निविदा सूचना**

समस्त निविदादाताओं/अधिकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि आदर्श नगर पंचायत पकड़िया नौगवां द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में **नगरीय सेवायें और अवस्थापना विकास परियोजनायें (मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना CM-VNY)** योजनान्तर्गत निर्गत की गयी धनराशि से निर्माण/अधिष्ठापन कार्य नगर पंचायत पकड़िया नौगवां द्वारा कराया जाना है, तथा नगर पंचायत पकड़िया नौगवां जनपद पीलीभीत में अस्थाई कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत/बेसहारा पशुओं के चारे, भूसे एवं चोकर इत्यादि की वार्षिक आपूर्ति हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, ई-निविदा प्रपत्र उ.प्र. की ई-प्रक्योरमेंट की वेबसाइट http:etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| | | |
|---|---|---|
| बिड प्रकाशित होने की तिथि | 21.06.2025 | 10:30 AM |
| ऑनलाइन बिड अपलोड करने की तिथि | 21.06.2025 | 10:30 AM |
| बिड अपलोड करने की अंतिम तिथि | 30.06.2025 | 05:00 PM |
| बिड खुलने की तिथि | 01.07.2025 | 10:00 AM |

नोट:- निविदा की नियम व शर्तों की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में नगर पंचायत के कार्यालय में अन्यथा, ई-प्रक्योरमेंट की साइट http:etender.up.nic.in पर देख सकते हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत पकड़िया नौगवां, पीलीभीत**

**हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015,
ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com,
शाखाः प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, करम चारी नगर, बरेली-243001

आरएलएम-ब्रजेश अवस्थी-9918301885, आरआरएम- हरिश चंद यादव, 7060411785
सीएलएम - शान्तनु प्रताप सिंह-9918837339, सीआरएम-दीपक कुमार शर्मा - 9359650607

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।**

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एनपीए हो चुके हैं व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्नवर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभुतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांकों को पंजीकृत डाक पावती सहित /स्पीड पोस्ट/कोरियर द्वारा आप सभी को भेजी गयी थी, जिसकी पावती प्राप्त नही हुई/जो बिना तामील वापस प्राप्त हो गयी है। मांग सूचना निम्नांकित दिनांकों में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शायी राशि 60 दिनों के अन्दर जमा नही करायी गयी तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक सम्पत्तियाँ जो कि निम्नलिखित ऋणियों/जमानतदारो के नाम है, उनका आधिपत्य ले लिया जायेगा और कब्जा सूचना/ई-नीलामी सूचना में कर्जदार व गारंटरों की फोटो प्रकाशित की जायेगी। बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र सं. | खाता सं./कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर के नाम और एनपीए की तारीख | मांग सूचना की तिथि / बकाया राशि | सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | UP/LKN/BRLY/A000001448, श्री अदनान उद्दीन, श्री नाहिद जी, दोनों का पताः 746 रोहिली टोला, बरेली, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243005 **ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः** 03-06-2025 | 14-06-2025 ₹ 1649142/- दिनांक 10.06.2025 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | मकान नंबर 776 (पुराना नंबर 563/489) मौजा मोहल्ला रोहली टोला, तहसील-सदर, जिला-बरेली, यूपी |
| 2 | UP/SHA/SHPR/A000000142, श्री अजय कुमार मैथिल, एमआर. राजेश कुमार, दोनों का पताः ग्राम नवदिया ओरीलाल, पोस्ट खांडेपुर, ग्रामीण, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश, भारत - 242405 **ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः** 03-06-2025 | 14-06-2025 ₹ 1169882/- दिनांक 10.06.2025 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | ग्राम- ओरी लाल, परगना- खुटार, तहसील- पुवायां, जिला- शाहजहाँपुर |
| 3 | UP/LKN/BRLY/A000000996 श्री फैजान खान, श्रीमती सहाना जी, दोनों का पताः 60 बाग ब्रिगटन, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243005 **ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः** 03-06-2025 | 14-06-2025 ₹ 709151/- दिनांक 10.06.2025 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खसरा नंबर 97, स्वाले नगर, नवदिया, तहसील-सदर, जिला-बरेली, यूपी |
| 4 | UP/LKN/BRLY/A000000036 श्री जगदीश सरन भारती और श्रीमती बीना भारती, दोनोंः मोहल्ला तिलक कॉलोनी अंशिक राजीव कॉलोनी पोस्ट सुभाषनगर शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001 **ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः** 03-06-2025 | 14-06-2025 ₹ 209388/- दिनांक 10.06.2025 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खसरा नंबर 754, ग्राम- नेकपुर, बरेली, उ.प्र |
| 5 | UP/LKN/BRLY/A000000850, श्री राहुल पाल, श्रीमती कमला देवी, दोनों का पताः मो. मेवात, मीरगंज, सेमीअर्बन, बरेली, उप्र. भारत-243504 **ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः** 03-06-2025 | 14-06-2025 ₹ 1015232/- दिनांक 10.06.2025 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खसरा नंबर 325 मुगरा परगना सिरौली, तहसील मीरगंज, जिला-बरेली, यूपी |
| 6 | UP/LKN/BRLY/A000001624, श्री राज कुमार एवं श्रीमती रीता जी, दोनोंः अजीजगंज मुमुखासु आश्रम, शहरी, शाजहाँपुर, उप्र.-भारत -242001 **ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः** 03-06-2025 | 14-06-2025 ₹ 1523970/- दिनांक 10.06.2025 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | वाल्मिकी बस्ती रोड, आवासीय मकान मकान नं. 1758/13, अजीजगंज, प्राथमिक विद्यालय, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश,242001 |
| 7 | UP/LKN/BRLY/A000001178 श्री श्योराज सिंह यादव एवं श्रीमती साधना, दोनोंः शिव मंदिर, नेकपुर गली नंबर 05 सिविल लाइन्स, शहरी बदायूँ, यूपी, भारत - 243601 **ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः** 03-06-2025 | 14-06-2025 ₹ 658561/- दिनांक 10.06.2025 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | नेकपुर अंदर चुंगी नगर पालिका शहर तहसील एवं जिला बदायूँ |
| 8 | UP/LKN/BRLY/A000001406 श्री सोनू जी, श्रीमती प्रेमवती, दोनों का पताः 41 नेकपुर, मढ़ीनाथ बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001 **ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः** 03-06-2025 | 14-06-2025 ₹ 971925/- दिनांक 10.06.2025 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | मकान नंबर 962 गांव नेकपुर, तहसील और जिला बरेली |
| 9 | UP/SHA/SHPR/A000000166, श्री वाहिद वाहिद, श्री अलीमान अलीमान, दोनोंः मदीना मस्जिद, मौलागंज देहात हरदोई शाहाबाद, ग्रामीण, शाहाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत - 241124 **ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः** 03-06-2025 | 14-06-2025 ₹ 1649142/- दिनांक 10.06.2025 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | मोहल्ला मैलागंज कस्वा परगना एवं तहसील शाहबाद जिला होर्दोई उ.प्र |
| 10 | UP/LKN/BRLY/A000001996 सुश्री सीमा अग्रवाल श्री विवेक कुमार, दोनों का पताः मुंडिया नबीबक्शा, साकरस रोड, बहेरी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243201 **ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः** 03-06-2025 | 14-06-2025 ₹ 1186634/- दिनांक 10.06.2025 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | गाटा संख्या 184 चौमहला जाजूनगर तहसील बहेड़ी जिला बरेली, उ.प्र |

उक्त वर्णित ऋणियों / जमानतदारों को सलाह है कि (1) अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से मूल नोटिस प्राप्त कर लें (2) मांग सूचना में दर्शायी गयी बकाया राशि ब्याज एवं खर्चे आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

दिनांक : 20.06.2025, स्थान : बरेली प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

**इश्तहार मुजरिया**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी, सदर बरेली**

वाद सं. 5551/2025 T-202512130105551
सुरेन्द्र पाल सिंह पुत्र वेद प्रकाश निवासी मोहल्ला ठाकुरद्वारा, निकट पुलिस चौकी, कस्बा रिठौरा, तहसील व जिला बरेली....वादी बनाम

1. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिलाधिकारी जनपद बरेली 2. अध्यक्ष नगर पंचायत रिठौरा, तहसील व जिला बरेली 3. कृपाशंकर पुत्र श्याम सुन्दर निवासी-मोहल्ला भूड़, तहसील व जिला बरेली... विपक्षीगण

चूंकि वादी द्वारा आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध उपरोक्त वाद वास्ते उद्घोषणा मेरे न्यायालय में योजित किया गया है जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक नियत है। लिहाजा आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध इश्तहार जारी किया जाता है कि आप नियत दिनांक 27.6.25 को असालतन या वकालतन पेश होकर अपना पक्ष न्यायालय में प्रस्तुत करें। नियत दिनांक को उपस्थित न होने की स्थिति में आपके विरूद्ध कार्यवाही अग्रसारित करते हुये वाद का निस्तारण किया जायेगा।

**आदेशानुसार**
**उपजिलाधिकारी, सदर बरेली।**

**न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली**
**पुरानी जेल रोड, सिविल लाइन्स, बरेली।**
**निष्पादन वाद सं. 44/2024 मूलवाद सं. 78/2022**
**चूरामणि राठौर बनाम सहारा प्राइम सिटी लि.**

नोटिस : बनाम कम्पनी प्रतिनिधि, सहारा सिटी होम्स, बरेली

पता : ग्राम मुड़िया अहमदनगर, नियर इस्कॉन मन्दिर, पीलीभीत रोड, बरेली।

चूंकि आपके विरूद्ध इस आयोग द्वारा परिवाद सं. 76/2022, चूरामणि राठौर बनाम सहारा प्राइम सिटी लि. में पारित आदेश दिनांक 21.09.2024 से स्पष्ट निर्देश अनुपालन हेतु दिये गये थे। परिवादी ने इस आयोग को सूचित किया है कि उक्त आदेश का पालन आपके द्वारा नियत तिथि/अवधि तक नहीं किया गया है। इसलिए शिकायतकर्ता ने धारा 72 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत कार्यवाही की प्रार्थना की है।

एतद् द्वारा आपको यह नोटिस दिया जाता है कि आप दिनांक 24.07.2025 को उपस्थित होकर कारण बताये कि क्यों न आपके खिलाफ इस आयोग के आदेश का पालन न करने के कारण उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 72 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाये जिसके लिए आपके विरूद्ध एवार्ड धनराशि की वसूली हेतु वसूली वारंट जारी किया जा सकता है एवं आपको तीन वर्ष के कठोर कारावास तथा रू. 1,00,000/- तक अर्थदण्ड भुगतने के लिए दण्डित किया जा सकता है।

दिनांक 18.06.2025 को जारी हुआ।

आज्ञा से-अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम बिठौराकलां निवासी कुसुमा देवी पत्नी चंद्रपाल की ओर से एसपी के आदेश पर गजरौला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें पीड़िता ने कहा कि 12 जून की सुबह आठ बजे उसके पति चंद्रपाल ने दहेज में बाइक और एक लाख रुपये की मांग को लेकर मारपीट की। जिससे वह घायल हो गई। आरोपी पूर्व में भी उसके ऊपर चाकू से हमला कर चुका है। मारपीट की शिकायत ससुरालियों से की, तो उन्होंने भी उसका पक्ष लेते हुए मारपीट कर घर से धक्का देकर निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## दंपती से मारपीट, एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम उदयपुर माफी निवासी धर्मपाल मौर्य पुत्र रामचरन मौर्य ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 जून को वह अपने घर पर लेटे हुए थे। रात करीब नौ बजे पड़ोस के उमेश उसके घर पर आया और बात करने का बहाना बनाकर बाहर बुलाया। जब वह घर से निकले तो मारपीट की। इसमें दीवार पर सिर लगने से वह घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## बंदर ने बालक को किया घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** बाग की रखवाली कर रहे बालक को बंदर ने हमला कर घायल कर दिया। दियोरिया कलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीरपुर निवासी क्षेत्रपाल का पुत्र छोटू ने बाग में आम की रखवाली कर रहा था। उसके पिता पड़ोस में ही खेत पर थे। इस बीच एक बंदर पेड़ पर आम खाने लगा। इस पर छोटू ने उसे भगाने का प्रयास किया, तभी बंदर ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। घायल को सीएचसी भर्ती कराया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पैगा वि.खं. नवाबगंज, बरेली**

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना 2025-2026 के अन्तर्गत मनरेगा योजना के निम्न कार्यो को कराये जाने हेतु ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, बजरफुट, रेता, बजरी, सरिया, पॉलीथीन, मिक्सर, वाइवेटर आदि सामान की आवश्यकता है। उक्त सामग्री की सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर 18.06.2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से 21.06.2025 को 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जोकि दिनांक 21.06.2025 को 2 बजे खोली जायेगी। निविदा की स्वीकृति का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। विवरण निम्न है :-

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | नत्थू लाल की जगह से देवस्थान होते हुए सुख लाल के घर तक सीसी और नाली निर्माण कार्य | 6.02 लाख |

बबली गंगवार-ग्राम प्रधान पुष्पेन्द्र सिंह-सचिव

**सूचना**

आदर्श पूर्व मा. विद्यालय बेहटा गुसाई (बदायूं) में दिनांक 25.06.2025 को समय प्रात: 11 बजे विद्यालय प्रांगण में प्रतिनिधि/प्रबन्ध समिति की उपस्थिति में विद्यालय की कृषि भूमि की निम्न गाटा सं.- 45, 548, 775, 820, 826, 1085, 1221, 1451, 1634, 827, 1297, 1298, 1299, 1300, 1301, 1302 (कुल रकवा लगभग 6.408 हे.) तथा जरावन गाटा सं. 1374 (कुल रकवा लगभग 2.2760 हे.) व ढंदूमर गाटा सं.- 0.0045 (कुल रकवा लगभग 0.1780 हे.) की नीलामी (01) वर्ष होगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जाफरपुर, वि.खं. शेरगढ़, जिला बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जाफरपुर में वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना से सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य कराये जाने हैं, जिसके लिए रोड़ी, ईट, मौरंग, बजरी, सीमेन्ट, बजरफुट, रेता आदि का क्रय किया जाना है। जिसके लिए सीलबंद निविदायें दिनांक 21.06.2025 अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन ग्राम पंचायत में अपरान्ह 3:00 बजे खोली जायेंगी। ग्राम पंचायत को किसी भी समय बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | दाताराम के घर से बशीर के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | 130 मीटर | 507297 (मनरेगा) |
| 2. | मेन रोड से वीरपाल के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | 93 मीटर | 292070 (मनरेगा) |

फातमा-ग्राम प्रधान इमरान खान-सचिव

शोध निदेशालय
Directorate of Research
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in

**Ph.D. Admission Notice**

Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.

REGISTRAR

### फिट इंडिया मुहिम के तहत बच्चों में खेलों के प्रति रुचि की जाएगी विकसित

# शतरंज, कैरम और क्रिकेट में निपुण होंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जुलाई में खेलों की मिलेगी ग्रांट होंगी खेलकूद प्रतियोगिताएं

> खेलों का आयोजन हर साल किया जाता है। इस बार भी शासन की मंशा के अनुसार खेलों का आयोजन किया जाएगा। खेल सामग्री खरीदने के लिए स्कूलों को ग्रांट जुलाई में भेजी जाएगी। व्यायाम शिक्षक को खेल संबंधी आदेश जारी किए हैं। - वीरेंद्र कुमार सिंह, बीएसए

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस बार बच्चों को शतरंज, कैरम, क्रिकेट, वॉलीबॉल आदि खेलों में निपुण किया जाएगा। बच्चों में फिट इंडिया के तहत खेलों के प्रति रुचि विकसित की जाएगी। खेल सामग्री खरीदने के लिए जुलाई माह में स्कूलों को ग्रांट भेजी जाएगी। इससे खरीदी जाने वाली खेल सामग्री से बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा सके।

बच्चों में खेलों के प्रति रुचि पैदा करने के लिए स्कूलों में खेल सामग्री खरीदी जाती है। खरीदी जाने वाली खेल सामग्री से बच्चे प्रैक्टिस करने के बाद खेलों में प्रतिभाग करते हैं।

खेलों का आयोजन फिट इंडिया के तहत किया जाता है। इसके लिए स्कूलों को हर साल 5 से 10 हजार रुपये की ग्रांट भेजी जाती है। इस बार आयोजित होने वाले खेलों में एथलेटिक्स के साथ, शतरंज, कैरम, क्रिकेट वॉलीबॉल आदि को शामिल किया गया है। इन खेलों में बच्चों को निपुण बनाया जाएगा। इसके बाद परिषदीय स्कूलों में फिट इंडिया के तहत खेल प्रतिभाओं की पहचान के लिए अंतर स्कूल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

स्कूल की ओर से तैयार समय सारिणी के अनुसार खेल के लिए समय निर्धारित किया जाएगा। इसके बाद विकासखंड, जनपद, मंडल और राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा। विजेताओं खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। खेलों में निपुण बनाने के लिए स्कूलों में खरीदी जाने वाली खेल सामग्री के लिए जुलाई माह में ग्रांट भेजी जाएगी। बच्चों के स्कूल आने के बाद खेलों में निपुण बनाने की कवायद शुरू हो जाएगी। जिसके निर्देश बीएसए ने जिला व्यायाम शिक्षक को जारी किए हैं।

# जिला महिला अस्पताल में दोपहर तक नहीं पहुंचे डॉक्टर, भटकते रहे मरीज

### ओपीडी रही खाली, सुबह 8 बजे ही लगना शुरू हो गई मरीजों की भीड़, हुए मायूस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- महिला डॉक्टर का चार घंटे इंतजार करने के बाद लौटे मरीज

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में डॉक्टरों की मनमानी सैकड़ों मरीजों पर भारी पड़ रही है। शुक्रवार की दोपहर 12 बजे तक एक भी महिला डॉक्टर नहीं पहुंची। ओपीडी के बाहर महिलाओं की लाइन लगी रही। बाल रोग विशेषज्ञ भी नदारद रहे। छोटे बच्चों को लेकर पहुंची महिलाओं को तीन तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा। कई महिलाएं बिना डॉक्टर को दिखाए ही वापस लौट गई।

जिला महिला अस्पताल में शुक्रवार को दोपहर तक एक भी डॉक्टर नहीं पहुंचा। महिला मरीज सुबह आठ बजे ही ओपीडी के बाहर पहुंच गए। महिलाएं डॉक्टर के इंतजार में बैठी रहीं। ओपीडी खाली रही। पूछने पर किसी कर्मचारी ने कुछ नहीं बताया। महिलाओं ने बताया कि वह सुबह नौ बजे से पहले से यहां बैठी हैं। कोई डॉक्टर नहीं आया है। इसके साथ ही बाल रोग विशेषज्ञ की ओपीडी भी खाली रही। ओपीडी के बाहर बच्चों को लेकर बैठी महिलाएं परेशान दिखीं। कई महिलाएं परेशान होकर वापस लौट गई। गर्मी और उमस से परेशान छोटे बच्चे रोते बिलखते रहे। मरीजों ने बताया कि यह स्थिति हर रोज देखने को मिलती है।



सुबह से लाइन में बैठी डॉक्टर का इंतजार करतीं महिला मरीज।




बच्चे को दिखाने आए थे। सुबह नौ बजे से बैठे हैं। अभी तक डॉक्टर नहीं आए हैं। बच्चा परेशान है। यहां भीड़ बढ़ती जा रही है। कोई देखने वाला नहीं है। यहां हर तरफ अव्यवस्था है। - **अंजलि**, कबूलपुरा



शुक्रवार सुबह आठ बजे यहां आए हैं। सबसे पहले अपने मरीज को लेकर आगे लाइन में खड़े हुए। दोपहर हो गया। कोई देखने वाला नहीं है। महिला चिकित्सक का पता नहीं हैं। - **पार्वती**, मीरा सराय



कई दिन से बेटा बीमार है। यहां डॉक्टर को दिखाने लाए हैं। 10 बजे से बैठे हैं। डॉक्टर का इंतजार कर रहे हैं। अभी तक कई महिलाएं वापस लौट चुकी हैं। दो दिन पहले भी हम आए थे। - **पूनम, खरखोली**



तीन दिन से रोज आ रहे हैं। गांव से आते हैं इसलिए लेट हो जाते हैं। शुक्रवार सुबह नौ बजे से यहां पर बैठे हैं। महिला डॉक्टर आज भी नहीं हैं। अब नहीं आएंगे। परेशान होना पड़ता है। - **अर्शी**, मूसाझाग

> आज मैं बाहर हूं। कौन डॉक्टर है कौन नहीं है इसकी मुझे जानकारी नहीं है। वापस लौटने के बाद इसके बारे में पता किया जाएगा। मरीज परेशान होते हैं यह ठीक नहीं है। इस तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं है। कार्रवाई की जाएगी। - **डॉ. इंदु कांत वर्मा**, सीएमएस

# इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अन्य पांच जिलों के केंद्रों को राजकीय महाविद्यालय से किया संबद्ध

**अमृत विचार :** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र में जुलाई 2025 सत्र में चल रहे नवीन प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी गई है। जुलाई 2025 सत्र में दोबारा पंजीकरण की अंतिम तिथि भी रही रहेगी।

केंद्र समन्वयक डॉ. संजीव राठौर ने बताया है कि ऑनलाइन आवेदन करने के लिए इग्नू की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर लॉगिन कर क्षेत्रीय केंद अलीगढ़ कोड 47 के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र कोड 47043 पर आवेदन किया जा सकता है।

केंद्र पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों में बीए, बीकॉम सहित साल की अवधि के 6 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हिंदी, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, एमकॉम विषयों में और ग्राम विकास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा जैसे पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। एक साल की अवधि के रोजगारपरक 5 स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में पीजीडीआरडी, पीजीडीटी, पीजीडीईटी, पीजी डीईएमए, पीजीडीआईबीओ, एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम डीबीपीओएफए और छह माह अवधि के बहुआयामी 4 सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम सीटीई, सीबीएस, सीआरडी, सीआजी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन उपलब्ध है। प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार बत्रा ने बताया कि महाविद्यालय अध्ययन केंद्र पर अन्य 5 जिलों के अध्ययन केंद्रों को संबद्ध किया गया है। यहां उपलब्ध 17 पाठ्यक्रमों को बढ़ाकर अब 33 पाठ्यक्रमों की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। केंद्र से जानकारी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश निशुल्क है। वह इग्नू अध्ययन केंद्र पर उपलब्ध कराए गए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेकर अपनी शैक्षिक अभियोग्यता में वृद्धि कर सकते हैं।

## तीसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे मृतक सेल्समैन के परिजन

**बदायूं, अमृत विचार :** शराब की दुकान के सेल्समैन मुकेश यादव हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों का धरना डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में तीसरे दिन भी जारी रहा। कांग्रेस कार्यकर्ता भी परिजनों के साथ बैठे। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व बदायूं कोऑर्डिनेटर ओमवीर यादव सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे और समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा शराब माफिया को बचा रही है। हत्याकांड में नामजद रिपोर्ट होने के बाद भी सत्ता में रसूख के चलते आरोपियों से पूछताछ तक नहीं की गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि भाजपा में दलितों और पिछड़ों पर हमले तेज हुए हैं। पिछड़ों, दलितों और मुसलमानों पर अपराध करने वालों को भाजपा हर जगह बचा रही है। उन्होंने कहा कि मुकेश यादव को न्याय दिलाकर रहेंगे। धरना देने वालों में मुकेश यादव की पत्नी सुनीता यादव आदि मौजूद रहे।

# उगाही करने वाली आशा संगिनियों को फटकार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- निजी अस्पतालों में गर्भवती को ले जाने वाली आशाएं चिन्हित
- सीएमओ ने बैठक में दिखाई सख्ती, कार्रवाई के दिए संकेत

**अमृत विचार :** गर्भवती महिलाओं को प्राइवेट अस्पतालों में ले जाने वाली आशा संगिनियों को चिन्हित करते हुए सीएमओ ने कड़ी फटकार लगाई। कहा कि गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पतालों में ले जाएं। इससे वहां पर प्रसव कराने वाली महिलाओं की संख्या अधिक हो। अवैध वसूली करने वाली आशाओं के खिलाफ कार्रवाई के संकेत दिए गए।

पिछले दिनों सरकारी आंकड़ा जारी किया गया। इसमें दिखाया गया कि सरकारी अस्पतालों की अपेक्षा प्राइवेट अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं को अधिक भर्ती कराया जाता है। इससे वहां पर प्रसव कराने वाली महिलाओं की संख्या अधिक है। इस आंकड़े को चिंताजनक बताते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्र ने शुक्रवार को ब्लॉक उझानी और सलारपुर की आशा संगिनी की बैठक में कहा कि सरकार गर्भवती महिलाओं का निशुल्क चेकअप करती है। निशुल्क दवाएं दी जाती हैं। उनको अस्पताल तक लाने के लिए आशा संगिनी को तैनात किया गया है फिर भी सरकारी अस्पताल में प्रसव कम हो रहे हैं। सीएमओ ने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि आशा संगिनी गर्भवती महिलाओं को जिला अस्पताल से प्राइवेट अस्पतालों में ले जाती हैं। प्राइवेट अस्पतालों तक पहुंचाने के लिए उनके रुपये मिलते हैं। ऐसी आशाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को जिला अस्पताल से बाहर लेकर जाएंगी तो उनका मानदेय रोक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी सुविधा हर स्तर पर दी जाती है फिर भी प्रसव संख्या निजी अस्पतालों में अधिक रहती है, जो चिंताजनक है। इसके लिए उन्होंने आशा संगिनी को निर्देशित किया कि यदि अब इस तरह की शिकायत मिलती है तो आशाओं को हटा दिया जाएगा। शुक्रवार को उझानी और सलारपुर ब्लॉक की 40 आशा संगिनी बैठक में मौजूद रहीं। इसी तरह अब प्रत्येक दिन दो दो ब्लॉकों की आशा संगिनी की बैठक ली जाएगी। उनसे बात की जाएगी। जिन आशाओं की शिकायत मिलती है उनसे जवाब मांगा जाएगा। कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओं का चेकअप कराएं और वहां पर प्रसव कराएं।

## एक नजर

### लेजर शो से दिखाई जाएगी शहीदों की शौर्य गाथा

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश सेवा में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों के बलिदान और पराक्रम को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए डिजिटल व्यवस्था बनायी जाएगी। लखनऊ के कैन्टोनमेंट क्षेत्र स्थित स्मृतिका वॉर मेमोरियल में जल्द ही लेजर लाइट एंड साउंड शो की शुरुआत होगी। उप्र. राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को इसकी जिम्मेदारी दी गयी है। इसका उद्देश्य देश के वीर सपूतों के अदम्य साहस और बलिदान को आधुनिक तकनीक से जन-जन तक पहुंचाना है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी।

# योग दिवस के लिए नगर विकास विभाग ने सजाए 100 पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योग के लिए सभी जरूरी सुविधाओं से युक्त हैं पार्क
- रोजाना स्थानीय लोग पार्कों में कर सकेंगे योग

**अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। नगर विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 100 से अधिक योग पार्क विकसित किए हैं। इन पार्कों में योग और संबंधित गतिविधियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। योग दिवस के बाद भी इसमें लोग रोजाना योग कर सकते हैं।

योग पार्कों का विकास आयुष मंत्रालय के तय मानकों के अनुरूप किया गया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम- एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग निर्धारित की गई है। इस थीम के अंतर्गत नगर विकास विभाग ने पूरे प्रदेश में स्थानीय नगर निकायों के माध्यम से 100 से अधिक योग पार्क स्थापित किए हैं। जहां योग दिवस के बाद भी पूरे वर्ष योग एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियां संचालित की जाएंगी।



नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात के मुताबिक, नगर निगम वाराणसी में शहीद उद्यान, बेनिया बाग पार्क, हरिश्चंद्र पार्क के साथ ही नमो घाट, अस्सी घाट और रविदास घाट पर भी योग किया जाएगा। इसी तरह नगर निगम आगरा में बल्केश्वर पार्क, सेंट्रल पार्क आवास विकास, कालिंदी पार्क और नगर निगम कार्यालय पार्क को योग पार्क के तौर पर विकसित किया गया है।

राजधानी लखनऊ में गुलाब पार्क, स्वर्ण जयंती पार्क, झंडे वाला पार्क, ईडी पार्क जैसे 9 योग पार्कों को विकसित किया गया है। इसी क्रम में कानपुर नगर निगम ने भी नानाराव पार्क, बुद्ध पार्क, संजय वन और परशुराम वाटिका को योग पार्क बनाया है। सबसे ज्यादा योग पार्क झांसी नगर निगम ने लगभग 12 योग पार्क व मथुरा-वृदांवन में लगभग 8 योग पार्क विकसित किये गये हैं। जबकि अयोध्या और फिरोजाबाद में 3-3, गाजियाबाद में 10 योग पार्क विकसित किये गये हैं। सभी जिलाधिकारियों, स्थानीय निकाय निदेशालय और नगर निगमों के आयुक्तों को निर्देश दिये हैं कि अंतर्राष्ट्रीय योग पार्कों में मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वच्छ पेयजल, बैठने की व्यवस्था और योग प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त स्थान को सुनिश्चित करें।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से सभी जुड़ें : योगी



मुख्यमंत्री योगी ने कहा शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। योग भारत की विरासत है और प्रधानमंत्री मोदी ने 11 वर्ष पूर्व इसे वैश्विक मान्यता दिलाई। उन्होंने कहा गांव से लेकर नगर तक के लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हिस्सा बनें। योग से जुड़कर स्वस्थ दिनचर्या की शुरुआत करें, क्योंकि कहा गया है कि धर्म के साधनों के लिए शरीर माध्यम है, इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना जरूरी है।

### सचिवालय में तैनात कंप्यूटर सहायक बर्खास्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** सचिवालय प्रशासन विभाग ने सचिवालय में कंप्यूटर सहायक के पद पर कार्यरत निधि सिंह को नौकरी दिलाने के नाम पर धन उगाही और अनधिकृत अनुपस्थिति के आरोपों के चलते शुक्रवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। आरोपों की जांच में सहयोग नहीं करने पर एकपक्षीय जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है। विशेष सचिव फूल चंद्र ने निधि सिंह को सेवा से पदच्युत किए जाने का आदेश जारी कर दिया है। इस मामले में वर्ष 2022 से विभागीय कार्यवाही शुरू की गई थी।

# घरेलू सेवाओं में युवाओं को दक्ष बनाएगा हुनर हाथ प्रोजेक्ट

## प्रदेश के 5 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में होगी शुरुआत

- भोजन, सफाई, देखभाल जैसे कार्यों में दिया जाएगा प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा जल्द ही 'हुनर हाथ' पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत पांच जिलों में की जाएगी। इसका उद्देश्य कौशल के साथ रोजगार और समाज को विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराना है।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम के समक्ष अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह द्वारा इस महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से प्रस्तुति दी गई। प्रिया सिंह ने बताया कि 'हुनर हाथ' के माध्यम से घरेलू जरूरतों की पूर्ति के लिए प्रशिक्षित युवाओं का एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा, जिससे जनसामान्य को योग्य और कुशल सेवा प्रदाता सरलता से उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में इस योजना को पांच जिलों में लागू किया जाएगा, जहां चयनित युवाओं को घरेलू सहायकों के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन युवाओं को भोजन पकाने, घर की साफ-सफाई, देखभाल सेवाएं, घरेलू उपकरणों का सामान्य रख-रखाव आदि घरेलू आवश्यकताओं से संबंधित विशिष्ट कौशल सिखाए जाएंगे। इस प्रशिक्षण में पब्लिक और प्राइवेट ट्रेनिंग पार्टनर के सहयोग से आवासीय एवं अनावासीय दोनों प्रकार की प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि 'हुनर हाथ' योजना न केवल युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करेगी, बल्कि समाज की घरेलू स्तर की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी एक भरोसेमंद सेवा नेटवर्क तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं की जानकारी एक केंद्रीकृत 'हुनर हाथ' पोर्टल पर अपलोड की जाएगी, जिससे कोई भी नागरिक अपनी आवश्यकतानुसार स्थानीय स्तर पर इन प्रशिक्षित युवाओं की सेवाएं प्राप्त कर सकेगा।



लखनऊ में पायलट प्रोजेक्ट हुनर हाथ का प्रस्तुतिकरण देखते कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम, अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह और मिशन निदेशक पुलकित खरे।

### योजना को मॉडल के तौर पर किया जाएगा स्थापित

प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने निर्देश दिए कि इस योजना में प्रशिक्षित युवाओं का डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जाए और पोर्टल पर सेवाओं को वर्गीकृत करते हुए जनसामान्य के लिए सुलभ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं सेवा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि इस योजना को प्रदेश में एक मॉडल के रूप में स्थापित किया जा सके। बैठक में मिशन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने परियोजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिए अपने सुझाव दिए।

### प्रदेश में धान की 70 प्रतिशत नर्सरी तैयार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य में 2.85 लाख हेक्टेयर से अधिक रकबे में धान की 70 प्रतिशत नर्सरी तैयार हो चुकी हैं। यह पिछले सीजन से 70 हजार हेक्टेयर अधिक है। जबकि 16 हजार हेक्टयर से अधिक में धान की बुवाई हो चुकी है। पिछले सीजन यह आंकड़ा साढ़े पांच हजार रहा था। मानसून की आमद के साथ प्रदेश में खरीफ सीजन की फसलों की बुवाई रफ्तार पकड़ रही है। इस बार धान, मोटे अनाज से लेकर दलहन-तिलहन में भी पिछले सत्र के मुकाबले तेजी दिख रही है। ज्वार, बाजरा, मूंग, अरहर की बुवाई भी पिछले सीजन से ज्यादा रही है। 30 हजार हेक्टेयर में ज्वार और साढ़े पांच हजार हेक्टेयर में बाजरा बोया जा चुका है, जबकि 13 हजार हेक्टेयर से ज्यादा में अरहर की बुवाई हो चुकी है।

# औद्योगिक भूखंडों की होगी मेगा ई-नीलामी

## यूपीसीडा ने शुरू की तैयारी, नई औद्योगिक इकाइयों की होगी स्थापना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ई-नीलामी वाले 16 जिलों में कानपुर, उन्नाव, अमेठी व शाहजहांपुर शामिल

**अमृत विचार :** प्रदेश के 16 जिलों में 144 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए मेगा ई-नीलामी करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश में नए उद्यम लगाने के लिए इच्छुक उद्यमियों को औद्योगिक प्राधिकरणों द्वारा न केवल भूमि उपलब्ध करायी जाए, बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पारदर्शी तरीके से प्रक्रिया पूरी हो।

इस प्रक्रिया के जरिए मथुरा, मैनपुरी, शाहजहांपुर, हमीरपुर, जालौन, झांसी, फतेहपुर, कानपुर, बांदा, बागपत, उन्नाव, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, वाराणसी व अमेठी में औद्योगिक भूखंड आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा। बागपत में चिह्नित 5097.10 वर्ग मीटर का भूखंड उप्र. औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति (यूपीआईआईईपीपी-2022) के अंतर्गत इन्वेस्ट यूपी अनुमोदित मेगा प्रोजेक्ट के लिए आरक्षित है। इन सभी प्लॉट्स के रिजर्व प्राइस तय हैं। इनके लिए 5 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। सभी आवेदनों में से पात्र आवेदनों को चिह्नित कर 11 जुलाई को होने वाली मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। यूपीसीडा द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार, सभी आवेदन की स्क्रीनिंग करने के बाद पात्र आवेदनकर्ताओं को 11 जुलाई को होने वाली मेगा ई-नीलामी में हिस्सा लेकर बोली लगाने का मौका मिलेगा। प्रपत्र डाउनलोड व पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और सारी प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए यूपीसीडा की आधिकारिक वेबसाइट और निवेश मित्र पोर्टल पर लॉगिन किया जा सकता है।

### अमेठी में होगी सर्वाधिक 33 भूखंड की नीलामी

यूपीसीडा द्वारा तैयार की गई मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया में सर्वाधिक 33 भूखंड अमेठी में नीलामी के लिए उपलब्ध होंगे। इसमें आईआईडीसी बंथरा में 300 वर्ग मीटर के भूखंड सबसे छोटे हैं, जिसमें प्रत्येक की रिजर्व प्राइस 16.47 लाख रुपये है। यहां पर लेदर गुड्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना हो सकेगी। जबकि सबसे बड़ा भूखंड 13,197 वर्ग मीटर का है, जो कि कानपुर के मलवां में स्थित है, जिसकी रिजर्व प्राइस 3.74 करोड़ रुपये है और इसका उपयोग सामान्य केटेगरी के औद्योगिक इकाई लगाने में हो सकेगा। प्रक्रिया के जरिए मथुरा में 14, मैनपुरी में 11, शाहजहांपुर में 9, हमीरपुर में 9, जालौन में 8, झांसी में 4, पतेहपुर में 15, कानपुर में 9, बांदा में 3, उन्नाव में 7, सहारनपुर में 8, मुजफ्फरनगर में 4, हापुड़ में 7 तथा वाराणसी में 2 औद्योगिक भूखंड की ई-नीलामी प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा, जिससे नए औद्योगिक इकाइयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा।

# निजीकरण पर सरकार को भेजी अंतरिम रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपभोक्ता परिषद ने रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की

**अमृत विचार :** प्रदेश के 42 जिलों में ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण प्रस्ताव पर नियामक आयोग ने सरकार को जो अंतरिम रिपोर्ट भेजी है, उनमें कई वित्तीय खामियां मिलीं हैं। इसकी भनक लगते ही उपभोक्ता परिषद ने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग उठाई है।

दरअसल, उप्र. विद्युत नियामक आयोग ने सरकार से प्राप्त निजीकरण के मसौदे पर बड़े पैमाने पर वित्तीय व संवैधानिक कर्मियों का खुलासा करते हुए एक भारी भरकम कर्मियों से संबंधित अपनी अंतरिम रिपोर्ट राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग को भेजी है। इसको लेकर उपभोक्ता परिषद ने कहा कि इस मसौदे को तैयार करने वाले सभी उच्च अधिकारियों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच बैठाकर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। परिषद के मुताबिक, जरूरत पड़ने ऐसे उच्च अधिकारियों को बर्खास्त किया जाए, जिनके द्वारा देश के बड़े निजी घरानो के हित में पूरा प्रस्ताव तैयार किया गया। इससे पहले उत्तर प्रदेश के 42 जिलों में निजीकरण के मसौदे पर राज्य सरकार ने सभी संवैधानिक व वित्तीय पहलुओं पर सलाह मांगी थी। इसके विरोध में लगातार उपभोक्ता परिषद विद्युत नियामक आयोग के सामने आधा दर्जन से ज्यादा लोग महत्व प्रस्ताव व आपत्तियां दाखिल की थीं।

### मंत्री और अधिकारियों में चल रहा झगड़ा : अखिलेश



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि एक उप मुख्यमंत्री ने लिखकर मुख्यमंत्री से शिकायत की है कि उनके विभाग के अधिकारी ने उन्हें ट्रांसफर लिस्ट नहीं दिखाई। अधिकारी अपने मन से काम करना चाहते हैं, मंत्री अपने मन से। मंत्री और अधिकारियों का झगड़ा चल रहा है।

सपा प्रमुख शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में अलग झगड़ा चल रहा है। सीएमओ और डीएम के बीच लड़ाई में विधायकों में भी बंटवारा हो गया। शिक्षा विभाग, लोकनिर्माण विभाग समेत हर जगह ट्रांसफर का रेट है।

# दवा सप्लाई में गड़बड़ी के आरोपी पूर्व विधायक की होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन ने ईओडब्ल्यू से तीन माह में रिपोर्ट तलब की
- सीबीआई जांच में अनियमितता के मामले में पाए गए थे दोषी

**अमृत विचार :** प्रदेश के 37 जिलों में दवा सप्लाई में आर्थिक अनियमितता और बहराइच के पयागपुर में 500 बेड के अस्पताल बनवाने में धांधली के आरोपी सपा नेता व पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव के खिलाफ मामलों में जांच होगी। शासन ने ईओडब्ल्यू को मुकेश श्रीवास्तव के विरुद्ध जांच का निर्देश दिया है। शासन द्वारा ईओडब्ल्यू से तीन माह में रिपोर्ट तलब की गई है।

राज्य सरकार में प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री ने धांधली की शिकायत पर मुकेश श्रीवास्तव के विरुद्ध जांच कराए जाने का निर्णय लिया है। मालूम हो कि शिकायत पिछले वर्ष सितंबर माह में की गई थी। इससे पूर्व सीबीआइ ने वर्ष 2012 में पूर्व विधायक के विरुद्ध आर्थिक अनियमितता के मामले में जांच की थी और वह दोषी पाए गए थे। भ्रष्टाचार के मामले में विजिलेंस की खुली जांच में वह आय से अधिक संपत्ति के मामले में भी दोषी पाए गए थे और उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। वर्तमान में मुकेश श्रीवास्तव सपा में हैं। वह व उनकी पत्नी पूजा श्रीवास्तव एनआरएचएम घोटाले में आरोपी थे और दंपति को जेल जाना पड़ा था।

## 30 को नर्सिंग शिक्षक सीखेंगे कार्य की बारीकियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग शिक्षा के उत्तरोत्तर विकास के लिए उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा 30 जून को राइटिंग एजुकेशनल व लर्निंग आब्जेक्टिवस विषयक वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में सभी नर्सिंग कॉलेज के शिक्षक हिस्सा लेंगे, इसमें विषय विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे।

यह जानकारी स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि बेहतर नर्सिंग शिक्षा के लिए शिक्षा की नई तकनीक पर शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए कार्यशाला में एरा नर्सिंग कॉलेज में पीडियाट्रिक नर्सिंग के विभागाध्यक्ष प्रो.एचसीएल रावत व्याख्यान देंगे। उन्होंने बताया कि हर नर्सिंग कॉलेज से छह शिक्षकों का इस वेबिनार में प्रतिभाग करना अनिवार्य होगा।

# छह लेन की एलिवेटेड रोड दिलाएगी जाम से मुक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2219 करोड़ की परियोजना मंजूर हुई
- लखनऊ से अयोध्या, सीतापुर जाने वालों को मिलेगी राहत

**अमृत विचार :** लखनऊ में पॉलिटेक्निक चौराहे से किसान पथ तक छह लेन की एलीवेटेड रोड बनने का रास्ता साफ हो गया है। इस परियोजना से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं समेत बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर व सीतापुर की ओर जाने वाले वाहनों को जाम से मुक्ति मिलेगी। नौ किलोमीटर लंबा यह एलिवेटेड रोड 2219 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। इससे शहर के लगभग 30 लाख लोगों को फायदा होगा।

अयोध्या रोड पर छह लेन की एलीवेटेड रोड पालीटेक्निक चौराहे से उठेगा और किसान पथ से कनेक्ट होगा। इससे अयोध्या जाने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को पालीटेक्निक चौराहे से इंदिरा नहर तक जाम में फंसकर अपना समय नहीं खराब करना पड़ेगा। यही नहीं अयोध्या के अलावा, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, सीतापुर जाने वाले हल्के व भारी वाहनों की गति बढ़ेगी और ईंधन कम खर्च होगा। एलीवेटेड रोड को पालीटेक्निक फ्लाईओवर से जोड़ा जाएगा और ऊपर से किसान पथ से जोड़ दिया जाएगा। अगर किसी को आउटर रिंग रोड पर जाना हो, वह इसका प्रयोग करके सीधे शहर के बाहर जा सकता है।

यही नहीं आगरा एक्सप्रेस वे, शहीद पथ के साथ ही सुलतानपुर, हरदोई, कानपुर, रायबरेली हाईवे से सीधे जुड़ेगा। इसके अलावा एलडीए द्वारा बनाए जा रहे ग्रीन कारिडोर से भी कनेक्ट हो सकेगा। कुल मिलाकर पुराने लखनऊ के साथ ही इंदिरा नगर, मुंशी पुलिया, आइआइएम रोड, इस्माइलगंज, गोमती नगर, खुर्रमनगर, एचएएल सहित 30 लाख की आबादी एलीवेटेड रोड से होकर अपने गंतव्य को सीधे जा सकेगी।

### हाईकोर्ट के पास जाम में नहीं फंसेगा ट्रैफिक

**अमृत विचार :** पूर्वांचल से आने वाला ट्रैफिक हाई कोर्ट के पास जाम में नहीं फंसेगा। वर्तमान में यहां सुबह व शाम पूरा नौ किमी. का पैच जाम से जूझता रहता है। लोग सीधे एलीवेटेड रोड का प्रयोग करते हुए पालीटेक्निक फ्लाईओवर, मुंशी पुलिया फ्लाईओवर होते हुए खुर्रमनगर, टेढ़ी पुलिया फ्लाईओवर, प्रस्तावित इंजीनियरिंग कालेज फ्लाईओवर, मडियांव फ्लाईओवर, आइआइएम फ्लाईओवर होते हुए सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ जाएगा। जो सवा घंटे इस 25 किमी. की दूरी तय करने में लगते हैं, अब 25 मिनट में दूरी तय हो सकेगी। एलीवेटेड रोड के नीचे भी जाम पूरी तरह से खत्म हो जाएग। हाईकोर्ट आने वाले लोगों को जहां राहत मिलेगी, वहीं लोहिया अस्पताल के साथ ही निजी अस्पताल जाने वाले लोगों को सहूलियत होगी।


## वर्ग पहेली-8

**बाएं से दाएं**

3. 1. सुरमा ,काजल 2. रसांजन।
4. 1. जिसकी आवश्यकता हो 2. जिसकी तलाश हो।
5. 1. नया उपजता हुआ पौधा, एक स्थान से दूसरे स्थान पर रोपने लायक छोटा पौधा
6. 1. रक्त का संचरण करने वाली मोटी नाड़ी 2. महास्नायु 3. मांस तंतुओं के गुच्छे जो मांसपेशियों को हड्डी से जोड़ते हैं।
9. 1. धागे से कपड़ा बनाना 2. सिलाई आदि के द्वारा कपड़े का रूप देना

**ऊपर से नीचे**

1. 1. जानकार होने की अवस्था, गुण या भाव, भिज्ञता 2. ज्ञान, बोध, समझ 3. सूचना।
2. उल्लू।
3. 1. बेकार, निरर्थक, सारहीन, ऊटपटांग, भद्दा 2. अप्रासंगिक 3. बेतहाशा।
6. 1. कंगाल होने का भाव, दरिद्रता 2. गरीबी, निर्धनता, मुफ़लिसी।
7. सुंदर लगना, सुशोभित होना, अच्छा-भला मालूम होना, उचित लगना।
8. 1. चावल को भूनकर बनाया गया कुरकुरा खाद्य 2. अरवा, मुरमुरा, फरवी।





### वर्ग पहेली -7 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | स | | 2 कु | | | |
| | | 3 प | ल | टा | ना | |
| 4 चा | | | बु | | | 5 नि |
| 6 क | ल | क | ला | ना | | रु |
| चौ | | | ह | | | पा |
| बं | | 7 झों | ट | | | धि |
| द | | की | | 8 गां | धि | क |

## सुडोकू -15

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 7 | | 1 | | | |
| 5 | | 2 | | 8 | | | | |
| | 7 | | | 2 | | | 6 | 3 |
| | 4 | | 3 | | | 9 | | 6 |
| | | 8 | 1 | | 6 | 5 | | |
| 6 | | 3 | | | 2 | | 1 | |
| 9 | 1 | | | 4 | | | 5 | |
| | | | | 6 | | 1 | | 8 |
| | | | 5 | | 3 | | 7 | |

### सुडोकू - 14 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 |
| 2 | 9 | 7 | 6 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 8 | 6 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 |
| 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :21 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी-07.18 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 07.50 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ायेगा। व्यापार में आपको धन लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा लोग नई जॉब की शुरुआत कर पायेंगे। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बना सकते हैं।

**वृष** — आज अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराने कर्जों को चुकाने का दबाव रहेगा। एकांत में आपको समय नहीं बिताना चाहिए। सोचे हुए कार्य देरी से पूर्ण होंगे। सड़क पर चलते समय आपको सावधानी रखनी चाहिये। जो भी काम करें वो सोच-समझकर करें।

**मिथुन** — आज अपनी क्षमताओं का भरपूर प्रयोग करें। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का वातावरण सकारात्मक रखने का प्रयास करें। व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। वैवाहिक जीवन अत्यन्त सुखमय रहेगा।

**कर्क** — आज आप महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। पति-पत्नी के बीच सहयोगात्मक संबंध रहेंगे। पुराने लोन को चुकाने का अवसर मिलेगा। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

**सिंह** — आज आपको गैरकानूनी कार्यों से बचना चाहिए। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। मन में विकृत विचारों का प्रभाव रहेगा। अजनबियों पर अधिक विश्वास न करें।

**कन्या** — आज व्यक्तिगत समस्याओं को दूसरों से अधिक शेयर न करें। कार्यक्षेत्र में लोग आपको काफी महत्व देंगे। अनावश्यक चिंता के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। संतान के करियर को लेकर कुछ चिंता रहेगी। प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं।

**तुला** — आज व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। जीवनसाथी के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। सभी काम योजना बनाकर करेंगे तो आपको लाभ मिलेगा। जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे।

**वृश्चिक** — आज अपनी कार्यशैली में परिवर्तन करना उत्तम होगा। पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले लोगों के स्थानांतरण की चर्चा चल सकती है। दुश्मन आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाये रखें।

**धनु** — आज विवाहेतर संबंधों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। रिश्तेदारों पर आपको अधिक विश्वास नहीं करना चाहिए। पैतृक व्यवसाय में आप काफी ध्यान देने वाले हैं। सेहत को लेकर आप थोड़ा सतर्क रहें। किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ आपका वैचारिक मतभेद हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अचानक ऑर्डर मिल सकते हैं। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा। रोजगार में आप बदलाव कर सकते हैं। विचारों में सकारात्मकता बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार मिल सकता है।

**मीन** — आज नौकरीपेशा लोगों को सम्मान मिल सकता है। क्रोध और आडम्बर से आपको बचना चाहिए। लवमेट्स के साथ आप घूमने जा सकते हैं। आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। प्रेम संबंधों को लेकर समस्या होगी। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें।

# जीएसटी पंजीकरण आसान बनाए सीबीआईसी

## सीतारमण ने प्रौद्योगिकी एवं जोखिम-आधारित मापदंडों का उपयोग कर अधिक पारदर्शी बनाने को कहा

- सीबीआईसी प्रधान मुख्य आयुक्तों मुख्य आयुक्तों और महानिदेशकों के सम्मेलन की अध्यक्षता की



**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) से प्रौद्योगिकी एवं जोखिम-आधारित मापदंडों का उपयोग कर करदाताओं के लिए जीएसटी पंजीकरण को आसान, निर्बाध और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए कहा। सीतारमण ने सीबीआईसी के प्रधान मुख्य आयुक्तों, मुख्य आयुक्तों और क्षेत्रीय महानिदेशकों के एक सम्मेलन की अध्यक्षता की।

इस दौरान उन्होंने प्रमुख संकेतकों पर सीमा शुल्क और सीजीएसटी क्षेत्रों के प्रदर्शन की समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्रीय इकाइयों को जीएसटी पंजीकरण, रिफंड की प्रक्रिया और करदाताओं की शिकायतों से निपटने जैसे विभिन्न मापदंडों में सुधार के लिए एक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश भी दिया। वित्त मंत्रालय ने कहा कि वित्त मंत्री ने सीजीएसटी संरचनाओं को जीएसटी पंजीकरण के लिए जरूरी अनिवार्य दस्तावेजीकरण के बारे में करदाताओं, व्यापार संगठनों और उद्योग निकायों के बीच लक्षित जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि इससे पंजीकरण में अस्वीकृति एवं देरी को कम करने और आवेदनों के तेजी से प्रसंस्करण को सक्षम बनाने में मदद मिलेगी। सीतारमण ने सीजीएसटी जोनल प्रमुखों को आवेदन प्रक्रिया में करदाताओं की सुविधा के लिए जीएसटी पंजीकरण के लिए एक अलग से हेल्पडेस्क बनाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की जरूरत बतायी कि जीएसटी सेवा केंद्रों और सीमा-शुल्क तुरंत सुविधा केंद्रों में पर्याप्त कर्मचारी हों, सुलभ हों और उनका उचित रखरखाव हो ताकि करदाताओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण मदद मिल सके। उन्होंने करदाताओं के विश्वास पर जोर देते हुए शिकायत निवारण पर लक्षित और निरंतर ध्यान देने का आह्वान किया।

### आईटीसी दावों को रोकने की जरूरत पर दिया जोर

सीतारमण ने कर चोरी एवं गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दावों को रोकने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने सीबीआईसी को समय पर शिकायतों के निवारण और खासकर एमएसएमई एवं निर्यातकों के लिए कारोबारी सुगमता सुनिश्चित करने के लिए जीएसटी और सीमा शुल्क रिफंड की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए भी कहा। वित्त मंत्री ने सुझाव दिया कि सीजीएसटी और सीमा-शुल्क क्षेत्र शिकायतों के समाधान में और तेजी लाने के लिए अलग टीम बना सकते हैं। उन्होंने सीमा शुल्क विभाग से आयात और निर्यात दोनों के लिए बंदरगाहों, हवाई अड्डों और अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) पर रुकने का समय कम करने को कहा। इस बैठक में राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव और सीबीआईसी के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल एवं राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

## क्रेडिट रिस्क : समझ और सावधानियां



शेयर बाजार में निवेश करते समय कई प्रकार के जोखिम सामने आते हैं, जिनमें से एक प्रमुख जोखिम क्रेडिट रिस्क है। क्रेडिट रिस्क का तात्पर्य उस संभावना से है जब कोई कंपनी या संस्था, जिसके सिक्योरिटीज में आपने निवेश किया है, समय पर ब्याज या मूलधन लौटाने में असफल हो जाती है। यह जोखिम खासकर डिबेंचर, बॉण्ड या अन्य डेट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश के समय सामने आता है। कंपनियों की वित्तीय स्थिति, बाजार की अनिश्चितता और नियामक नीतियों के बदलाव इस जोखिम को प्रभावित कर सकते हैं।

### क्या है क्रेडिट रिस्क

- क्रेडिट रिस्क वह जोखिम है, जिसमें उधार लेने वाली कंपनी या संस्था अपने ऋण दायित्वों को समय पर पूरा नहीं कर पाती। जब कोई निवेशक किसी कंपनी के बॉण्ड या डिबेंचर में पैसा लगाता है, तो उसे उम्मीद होती है कि उसे समय पर ब्याज और मूलधन मिलेगा, लेकिन यदि कंपनी दिवालिया हो जाए या वित्तीय संकट में आ जाए, तो भुगतान में चूक हो सकती है।

### निवेशकों के लिए संभावित लाभ

- **उच्च रिटर्न की संभावना :** उच्च क्रेडिट रिस्क वाले बॉन्ड्स आमतौर पर अधिक ब्याज दर (कूपन रेट) प्रदान करते हैं।
- **डायवर्सिफिकेशन :** जोखिम समझकर निवेश करने से पोर्टफोलियो में विविधता आती है, जिससे संभावित रिटर्न बढ़ सकते हैं।
- **कम कीमत पर प्रवेश :** बाजार में अस्थिरता के समय कम रेटिंग वाली सिक्योरिटीज सस्ते में मिलती हैं, जिनमें सुधार की संभावना हो सकती है।

### मुख्य जोखिम

- **पूंजी हानि :** अगर कंपनी डिफॉल्ट कर जाए तो मूलधन डूब सकता है।
- **रेटिंग में गिरावट :** रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेटिंग कम करने से सिक्योरिटी का बाजार मूल्य गिर सकता है।
- **तरलता संकट :** कम रेटिंग वाले बॉन्ड्स को बाजार में बेचना मुश्किल हो सकता है।

# अनिश्चितता को कम करेगा मौद्रिक उपायों का पैकेज, वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की हाल की बैठक में कहा था कि मौद्रिक नीति के रुख को तटस्थ करने से उभरती घरेलू और वैश्विक आर्थिक स्थितियों के जवाब में नीति दर में कटौती, रोक या वृद्धि के लिए जरूरी लचीलापन मिलेगा।

चार-छह जून को हुई एमपीसी की बैठक के शुक्रवार को जारी ब्योरे से यह जानकारी सामने आई है। एमपीसी ने इस बैठक में नीतिगत ब्याज दर रेपो में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती करने का फैसला किया था। इस तरह रेपो दर में इस साल फरवरी से लेकर अबतक कुल कटौती बढ़कर एक प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली एमपीसी ने मौद्रिक नीति के रुख को भी उदार से संशोधित कर तटस्थ करने का फैसला किया था। बैठक के ब्योरे के मुताबिक, छह-सदस्यीय एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक में मल्होत्रा ने कहा, मौद्रिक उपायों का यह पैकेज अनिश्चितता के समय में कुछ निश्चितता प्रदान करेगा और इससे वृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। समिति के 6 में से 5 सदस्यों ने रेपो दर में 0.50% की कटौती के पक्ष में मत दिया जबकि बाहरी सदस्य सौगत भट्टाचार्य ने 0.25% की कटौती का सुझाव दिया था।

## 8 बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 0.7 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** देश के 8 प्रमुख बुनियादी उद्योग की वृद्धि दर मई 2025 में घटकर 0.7% रह गई, जो पिछले नौ महीनों में सबसे कम है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछली सबसे कम वृद्धि दर अगस्त, 2024 में थी, जब इन ढांचागत क्षेत्रों के उत्पादन में 1.5% की गिरावट आई थी।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल मई में इन क्षेत्रों की वृद्धि दर 6.9% थी। अप्रैल में इन प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के उत्पादन में 1% की वृद्धि दर्ज की गई थी। इन आंकड़ों से पता चलता है कि चार प्रमुख क्षेत्रों- कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक एवं बिजली के उत्पादन में मई के दौरान गिरावट दर्ज की गई। रिफाइनरी उत्पादों और सीमेंट उत्पादन की वृद्धि दर सकारात्मक रही। साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में 8 प्रमुख क्षेत्रों में कुल 0.8% की वृद्धि दर्ज की गई है।

# गिरावट थमी, तीन दिन बाद बाजार में रौनक

**मुंबई, एजेंसी**



- सेंसेक्स 1,046 अंक उछला, निफ्टी ने फिर किया 25,000 के अंक को पार

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1,046 अंकों का उछाल आया। वहीं एनएसई निफ्टी फिर से 25,000 के पार पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच वित्तीय, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी से शुक्रवार को बाजार में तेजी आई।

कारोबारियों ने कहा कि प. एशिया में तनाव कम होने के बीच विदेश से सकारात्मक रुझान और विदेशी पूंजी की लिवाली से घरेलू बाजारों को समर्थन मिला। सेंसेक्स 1,046.30 अंक उछलकर 82,408.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,132.62 अंक बढ़ा था। वहीं निफ्टी 319.15 अंक चढ़कर 25,112.40 पर बंद हुआ। बीएसई पर 2,463 शेयरों में तेजी रही, जबकि 1,484 शेयरों में गिरावट आई और 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस सप्ताह सेंसेक्स में 1,289.57 अंक यानी 1.58% की तेजी आई और निफ्टी 393.8 अंक यानी 0.59% चढ़ा।

### मिडकैप 1.20 तो स्मॉलकैप 0.55 प्रतिशत चढ़ा

सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, इटरनल (पूर्व में जोमैटो) और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर मारुति का शेयर गिरकर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 1.20 और स्मॉलकैप 0.55% चढ़ा। क्षेत्रवार देखा जाए तो सभी सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान दूरसंचार में 2.73, रियल्टी में 2.22, प्रौद्योगिकी में 1.42, पूंजीगत सामान में 1.17, बैंक में 1.15, सोच-विचार कर खरीदी जाने वाली वस्तुओं में 1.12 और धातु में 1.10% की तेजी आई।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### उपमुख्यमंत्री और विधायक को मारने की मिली धमकी

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश पुलिस ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कांग्रेस विधायक राकेश कालिया को सोशल मीडिया पर अप्रत्यक्ष रूप से दी गई जान से मारने की धमकी की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने कुख्यात गैंगस्टर अमरीश राणा की गिरफ्तारी पर फेसबुक पर पोस्ट साझा की थी। उसने लिखा, लोग फिर से तलवार मांग रहे हैं। अन्य व्यक्ति ने जवाब दिया, इसका इस्तेमाल एक राजनेता पर होगा। पूछे जाने पर कि किस अपराध के लिए? तो व्यक्ति ने कहा, केवल उपमुख्यमंत्री और विधायक राकेश कालिया ही जानेंगे। शिकायतकर्ता अरुण ने हरोली थाने में मामला दर्ज कराया है।

#### सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक महिला नक्सली ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमाटोला और कलपर गांव के मध्य जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। छोटेबेठिया क्षेत्र के कोटरी नदी के किनारे आमाटोला और कलपर गांव के जंगल में नक्सलियों की सूचना पर अभियान चलाया गया था।

#### मणिपुर में सात उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सभी गिरफ्तारियां इंफाल पश्चिम, टेंग्नौपाल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों से की गईं।

# सरकार ने स्वास्थ्य समस्याओं पर दिया ध्यान

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एसीयू के बेंगलुरु परिसर के उद्घाटन के दौरान की सरकार की सराहना

**बेंगलुरु, एजेंसी**




बेंगलुरु के कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व अन्य।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जनता के सामने आने वाले स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान देने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार के समग्र दृष्टिकोण के लिए उनकी सराहना की।

शाह ने अदिचुन्चानागिरी विवि (एसीयू) के बेंगलुरु परिसर का उद्घाटन करने के बाद कहा, प्रधानमंत्री ने गुजरात में कहा था कि गरीबी का सबसे बड़ा मुद्दा बीमारी और इलाज का खर्च है, प्रशासन को गरीबों की बीमारी के इलाज का इंतजाम करना होता है। मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराकर इस सपने को पूरा किया है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने फिट इंडिया मूवमेंट, योग दिवस, मिशन इंद्रधनुष और पोषण अभियान, आयुष्मान भारत, भारतीय जन औषधि परियोजना तथा 12 करोड़ घरों में शौचालय बनाने जैसी पहल की। शाह ने कहा कि देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के प्रयास हुए हैं। 2014 में देश में 7 एम्स थे, आज 23 हैं, वहीं मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 780 हो गई है। 2014 में 51,000 एमबीबीएस सीट थीं, आज 1,18,000 है, पीजी सीट की संख्या पहले 31,000 थी, जो आज 74,000 है। केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी तथा रेल राज्य मंत्री मंत्री वी सोमन्ना तथा अदिचुन्चानागिरी मठ के निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी मौजूद थे।

### सहकारिता की असमान वृद्धि को समान रूप देने की मंशा

**मुंबई।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री शाह ने कहा कि देश में सहकारिता क्षेत्र में वृद्धि असमान रही है और सरकार का इरादा इसे समान रूप देने का है। शाह ने भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नैफेड) के सम्मेलन में कहा कि सहकारिता क्षेत्र केवल देश के पश्चिमी भागों में ही स्थिर रहा जबकि उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में यह कमजोर रहा। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद इस क्षेत्र की वृद्धि को एकसमान रूप देना है। सहकारी क्षेत्र सीमित पूंजी के साथ अधिक लाभ प्रदान करके अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है। शाह ने कहा कि हम देश में सभी स्तरों पर सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करके इसकी प्रगति करेंगे। शाह ने कहा कि जीडीपी देश की वृद्धि का एकमात्र मापदंड नहीं है। सहकारी क्षेत्र कम पूंजी में अधिक लाभ और रोजगार के अवसर प्रदान करके वृद्धि एवं अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है।

# चुनौती न मिलने पर चुनावी वीडियो कर दें नष्ट : ईसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आयोग ने राज्य निर्वाचन अधिकारियों को दिया निर्देश
- डेटा का उपयोग दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने की आशंका जताई

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने अपने इलेक्ट्रॉनिक डेटा का उपयोग दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने के लिए किए जाने की आशंका पर अपने राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि यदि 45 दिन में चुनाव को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती तो वे सीसीटीवी कैमरा, वेबकास्टिंग और चुनाव प्रक्रिया के वीडियो फुटेज को नष्ट कर दें।

30 मई को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि उसने चुनाव प्रक्रिया के दौरान कई रिकॉर्डिंग उपकरणों के साथ ही फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी और वेबकास्टिंग के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को रिकॉर्ड करने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने कहा कि हालांकि चुनावी कानून के तहत इस तरह की रिकॉर्डिंग अनिवार्य नहीं होती, लेकिन आयोग चुनावी प्रक्रिया के कई चरणों के दौरान आंतरिक प्रबंधन उपकरण के रूप में उनका उपयोग करता है। आयोग ने कहा, सोशल मीडिया पर गलत सूचना और दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने के लिए इस रिकॉर्डिंग का हाल ही में दुरुपयोग किया गया है। ऐसी सामग्री का चुनिंदा तरीके से और संदर्भ से परे उपयोग किया गया है। सभी प्रक्रियाओं की फोटोग्राफी 45 दिन के लिए संरक्षित की जाएगी।

# वकील को समन भेजकर ईडी ने पूछा अपने मुवक्किल को क्या सलाह दी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एससीएओआरए ने सीजेआई से किया स्वत: संज्ञान लेने का आग्रह

सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) ने सीजेआई बीआर गवई से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप वेणुगोपाल को ईडी के समन पर स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया है। वेणुगोपाल को यह समन एक मुवक्किल को दी गई कानूनी सलाह के संबंध में जारी किया गया है।

एसोसिएशन ने चिंता जताई है कि इस तरह की कार्रवाई से कानूनी पेशे की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। मुवक्किलों को दी गई पेशेवर राय के लिए अधिवक्ताओं को समन भेजना कानूनी प्रणाली के मूलभूत सिद्धांतों को कमजोर करता है। ईडी ने 18 जून को वेणुगोपाल को समन जारी किया था, जिसमें रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की पूर्व चेयरपर्सन डॉ. रश्मि सलूजा को दिए गए कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजनाओं के संबंध में मेसर्स केयर हेल्थ इंश्योरेंस को उनकी कानूनी सलाह से संबंधित दस्तावेज की जानकारी मांगी गई थी। समन में सीएचआईएल, रेलिगेयर एंटरप्राइजेज या उनकी संबद्ध संस्थाओं की ओर से कानूनी सेवाओं के लिए किए भुगतान का विवरण मांगा गया है। वेणुगोपाल को 27 जून को मुंबई में ईडी के सहायक निदेशक के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है।

## भाजपा-आरएसएस नहीं चाहते गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे, क्योंकि वो नहीं चाहते कि लोग सवाल पूछें, आगे बढ़ें, बराबरी करें। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह टिप्पणी गृह मंत्री अमित शाह के एक कथित बयान के एक दिन बाद की। राहुल गांधी ने यह टिप्पणी एक्स पर पोस्ट कर की है। राहुल गांधी ने कहा, आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी आपकी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी। देश की हर भाषा में आत्मा, संस्कृति, ज्ञान है। हमें हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है।



### बारिश बनी मुसीबत




झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में भारी बारिश के बाद जलभराव होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस दौरान हुए जलभराव के बीच लोगों को नाव के जरिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। एजेंसी

# एअर इंडिया ने 4 अंतर्राष्ट्रीय समेत 8 उड़ानें कीं रद्द

**मुंबई, एजेंसी**



एअर इंडिया ने रखरखाव और परिचालन संबंधी कारणों से चार अंतरराष्ट्रीय उड़ानों सहित आठ उड़ान शुक्रवार को रद्द कर दीं। एअर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाने के लिए उसकी टीम वैकल्पिक व्यवस्था कर रही हैं।

विमानन कंपनी ने कहा कि उसने यात्रियों को टिकट रद्द कराने पर पूरा पैसा लौटाने या पूरक व्यवस्था की पेशकश भी की है। जिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द किया गया है, उनमें दुबई से चेन्नई के लिए एआई906, दिल्ली से मेलबर्न के लिए एआई308, मेलबर्न से दिल्ली के लिए एआई309 और दुबई से हैदराबाद के लिए एआई2204 शामिल हैं। एअर इंडिया ने कहा कि चार घरेलू उड़ानें - पुणे से दिल्ली के लिए एआई874, अहमदाबाद से दिल्ली के लिए एआई456, हैदराबाद से मुंबई के लिए एआई-2872 और चेन्नई से मुंबई के लिए एआई571 - रद्द कर दी गई हैं।

**विमान हादसा**

### 220 की शिनाख्त, 202 शव परिजनों को सौंपे गए

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के एक सप्ताह से अधिक समय बाद अब तक डीएनए मिलान के जरिये 220 मृतकों की पहचान कर ली गई है और 202 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए हैं। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री और राज्य सरकार के प्रवक्ता ऋषिकेश पटेल ने एक्स पर कहा कि इन 202 लोगों में 160 भारतीय, 7 पुर्तगाली, 34 ब्रिटिश और एक कनाडाई नागरिक के शव हैं। 15 मृतकों के शवों को हवाई मार्ग से उनके मूल स्थानों को भेज दिया गया है, वहीं 187 लोगों की पार्थिव देह को सड़क मार्ग से भेजा गया।

### गड़बड़ी का पता लगने पर मदुरै जा रहा विमान चेन्नई लौटा

**चेन्नई।** मदुरै जा रहे निजी विमानन कंपनी के विमान में शुक्रवार को उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद उसे वापस यहां लाया गया। हवाई अड्डा अधिकारियों और कंपनी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आधे घंटे की उड़ान के बाद पायलट को गड़बड़ी का पता चला और उसने चेन्नई वापस आने की अनुमति मांगी। विमान में 68 यात्री थे। विमान यहां सुरक्षित उतरा और सभी यात्रियों को उचित सुरक्षा उपायों के साथ विमान से उतार लिया गया।

## पश्चिम बंगाल में कार-ट्रक की टक्कर में नौ लोगों की मौत

**पुरुलिया (बंगाल)।** प. बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार सुबह ट्रक और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के बलरामपुर पुलिस थाने के अंतर्गत नामशोल गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई।

बलरामपुर पुलिस थाने के प्रभारी सौम्यदीप मलिक ने बताया, राजमार्ग पर एसयूवी और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चार पहिया वाहन में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गयी। हादसे में जान गंवाने वाले लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। वे पुरुलिया में बड़ाबाजार पुलिस थाना क्षेत्र के तहत अदाबना गांव से पड़ोसी झारखंड राज्य के नीमडीह पुलिस थाना क्षेत्र के तिलेटांड में जा रहे थे तभी यह दुर्घटना हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एसयूवी के परखच्चे उड़ गए। लोग और आपात कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे।


# द्रमुक नेता दयानिधि ने भाई कलानिधि पर लगाया वित्तीय अपराध का आरोप

**चेन्नई, एजेंसी**

- दयानिधि ने कहा- सन टीवी एवं कंपनियों की शेयरधारिता को बहाल करें या कानूनी कार्रवाई को तैयार रहें

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता एवं लोकसभा सदस्य दयानिधि मारन ने अपने भाई कलानिधि मारन पर वित्तीय अपराध करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह सन टीवी एवं संबंधित कंपनियों की पूरी शेयरधारिता को उनकी मूल स्थिति में बहाल करें या कानूनी एवं नियामक की कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें।

दयानिधि मारन ने कानूनी नोटिस में आरोप लगाया है, कलानिधि और आपके सहयोगियों ने अपने पेशेवर दायित्वों का जानबूझकर दुरुपयोग कर कई सुनियोजित और समन्वित वित्तीय अपराध किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के कृत्य उच्चतम स्तर के सफेदपोश अपराध हैं और इनसे संबंधित कंपनियों के वैध हितधारकों को अपूरणीय नुकसान हुआ है। यह कानूनी नोटिस कलानिधि मारन एवं उनकी पत्नी कावेरी कलानिधि और छह अन्य लोगों को भेजा गया। नोटिस के अनुसार, ये लोग कलानिधि और उनकी पत्नी के करीबी हैं। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा, लेखों में दिए बयान गलत, भ्रामक, अटकलबाजी वाले, मानहानिकारक हैं और तथ्यों या कानून द्वारा समर्थित नहीं हैं।



शुभमन गिल।

# जायसवाल का शतक, चाय तक भारत के 2 विकेट पर 215 रन

## पहले टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार शुरुआत, कप्तान शुभमन गिल 93 रन बनाकर क्रीज पर डटे

**एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी**

लीड्स, एजेंसी

भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के शानदार शतक और कप्तान शुभमन गिल के अर्धशतक से शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के पहले दिन चाय ब्रेक तक दो विकेट पर 215 रन बना लिए। दोनों बल्लेबाज एक दूसरे से अलग अंदाज में खेले लेकिन दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए नाबाद 123 रन की साझेदारी निभा ली है। जायसवाल (101 रन) ने अपना पांचवां शतक पूरा करने के लिए 144 गेंद में 16 चौके और एक छक्का जड़ा जबकि गिल 74 गेंद में 58 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। गिल ने 56 गेंद में अपना आठवां अर्धशतक बनाया। यह भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का पहला अर्धशतक है। भारत ने दूसरे सत्र में एक भी विकेट नहीं गंवाया। लंच से तुंरत पहले केएल राहुल (42 रन) और पदार्पण करने वाले बी साई सुदर्शन के विकेट गिरे। सुदर्शन खाता भी नहीं खोल सके। जायसवाल ने संयमित होकर बल्लेबाजी की, विशेषकर ऑफ स्टंप के बाहर जबकि वह सामान्यतः गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं। हाल में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए खेलते बाएं हाथ के इस 23 वर्षीय बल्लेबाज ने जो गलतियां की थीं, उन्हें इस पारी में नहीं दोहराया। हालांकि कुछ मदद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भी की जो सही लाइन और लेंथ पाने में संघर्ष करते रहे जिससे भारतीय बल्लेबाजों को रन बनाने के पूरे मौके मिले। इस सयंमित पारी के दौरान भी जायसवाल ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाए। उन्होंने तेज गेंदबाज जोश टंग की गेंद पर एक बेहतरीन ऑफ-ड्राइव शॉट लगाया और इसी गेंदबाज की गेंद पर एक शानदार छक्का जड़ा। वहीं गिल बल्लेबाजी की सामान्य रणनीति पर अडिग रहे, उन्होंने ऑन-साइड पर और ऑफ-साइड पर शानदार शॉट लगाए। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने क्रिस वोक्स की गेंद पर ऑफ-ड्राइव के बाद एक और शॉट लगाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जायसवाल ने जल्द ही ब्रायडन कार्स की गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया और हवा में उछलकर इसका जश्न मनाया। इससे पहले उन्होंने इस गेंदबाज पर प्वाइंट और कवर पर लगातार चौके लगाए। सुबह के सत्र में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (42 रन) और जायसवाल ने इंग्लैंड के आक्रमण का डटकर सामना करते हुए पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत कराई। पर पहले सत्र के अंतिम क्षण में राहुल के आउट होने के बाद पदार्पण कर रहे सुदर्शन खाता भी नहीं खोल सके।



### इंग्लैंड ने पिच को देखकर गेंदबाजी का किया फैसला

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने हेंडिग्ले की पिच को देखकर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यह पिच पिछले एक दशक में बल्लेबाजों के लिए मददगार बन गई है और इसकी झलक पहले ही सत्र में दिखी। तेज गेंदबाजों के लिए पिच में 'मूवमेंट' और स्विंग दिख रहा था। लेकिन भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने सुबह अच्छी बल्लेबाजी की। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण में जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की कमी दिख रही थी जिससे वे भारतीय बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर सके। इंग्लैंड के गेंदबाज स्टोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और क्रिस वोक्स ने राहुल और जायसवाल को बहुत ज्यादा फुल लेंथ गेंदबाजी की जिससे उन्होंने कुछ आसान 'सिंगल' रन चुराए।

**209** कैच लेकर जो रूट अब पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ के टेस्ट क्रिकेट में 210 कैच के रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक कैच दूर हैं।

**101** रन
**159** गेंद
**16** चौके
**01** छक्का
यशस्वी जायसवाल।

### विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की याद में भारत और इंग्लैंड के क्रिकेटरों ने मौन रखा

**लीड्स :** भारत और इंग्लैंड के क्रिकेटरों और मैदानी अंपायरों ने यहां पहले टेस्ट से पूर्व अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा। 14 जून को एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 241 यात्री और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई थी। भारत के उपकप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को मीडिया से कहा था विमान (दुर्घटना) में जो कुछ हुआ, उससे पूरा भारत निराश है, लेकिन हम अपनी तरफ से सिर्फ यही कर सकते हैं कि हम भारत को फिर से कैसे खुश कर सकते हैं।



**एक नजर**



नॉटिंघम ओपन के पांचवें दिन मैग्डा लिनेट के खिलाफ एक्शन में क्लारा टॉसन। ● एजेंसी

### बुब्लिक ने सिनर को हराकर हाले ओपन में किया उलटफेर

**बर्लिन :** कजाकिस्तान के टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक ने हाले ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर को हराकर टूर्नामेंट अगले दौर में जगह बना ली है। गत चैंपियन सिनर गुरुवार को कजाकिस्तान के बुब्लिक से 3-6, 6-3, 6-4 से हार गए। अगस्त 2023 के बाद रैंकिंग के हिसाब से सिनर की यह बहुत बड़ी हार है। अगस्त 2024 के बाद से यह पहली बार है जब सिनर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के अलावा किसी अन्य खिलाड़ी से हारे हैं। फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ को भी ग्रास-कोर्ट सीजन के अपने पहले मैच में आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा, बर्लिन ओपन में उन्हें चीन की वांग जिन्यू से 6-3, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा।

### होटल प्लानर टूर पर सप्तक तलवार 18वें स्थान पर

**प्लेन्यूफ वैल आंद्रे (फ्रांस) :** भारत के सप्तक तलवार ने होटल प्लानर टूर के गोल्फ टूर्नामेंट के पहले राउंड में अंडर 69 का कार्ड खेला और पहले दिन के बाद वह संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। तलवार ने अपना राउंड पहले नौ होल से शुरू किया जिसमें उन्होंने एक बर्डी के मुकाबले दो बोगी कीं। बैक नाइन में उन्होंने 11वें तथा 14वें होल पर शॉट लगाकर दिन का अंत एक अंडर पर किया। मैक्स कैनेडी ने 10 अंडर 60 का स्कोर बनाकर कोर्स रिकार्ड बनाया।

### अजितेष संधू मोरक्को राइजिंग स्टार्स गोल्फ में 13वें स्थान पर

**मराकेश :** भारत के अजितेष संधू मोरक्को राइजिंग स्टार्स गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन बोगीरहित प्रदर्शन करके चार अंडर 68 के स्कोर के साथ संयुक्त 13वें स्थान पर हैं। संधू ने पहले नौ होल में सिर्फ एक बर्डी लगाया लेकिन इसके बाद चार बर्डी लगाए। भारत के आठ गोल्फर इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं जिनमे से करणदीप कोचर संयुक्त 26वें, खालिन जोशी संयुक्त 32वें और अर्जुन शर्मा संयुक्त 63वें स्थान पर हैं । राहिल गंगजी संयुक्त 78वें, एस चिक्कारंगप्पा और अमन राज संयुक्त 93वें और पुखराज सिंह गिल संयुक्त 106वें स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद थाईलैंड के वारान्यु रत्तनाफिबूंकिज ने बढत बना ली है।

### बोटाफोगो ने यूरोपीय चैंपियन पीएसजी को हराया

**पासाडेना (अमेरिका) :** बोटाफोगो ने क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अपने दूसरे मैच में चैंपियंस लीग विजेता पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) को 1-0 से हराकर उलटफेर किया। पीएसजी की टीम पहली बार चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने के बाद उत्साह से भरी थी और उसने क्लब विश्व कप के अपने पहले मैच में यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से पराजित करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। लेकिन गुरुवार की रात को खेले गए मैच में दक्षिण अमेरिकी चैंपियन बोटाफोगो के सामने उसकी एक नहीं चली।

## राहुल के साथ खेलना बहुत सुकून देने वाला है : नायर

लीड्स, एजेंसी



लंबे समय बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में बचपन के साथी केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा की मौजूदगी से उन्हें सहज रहने में मदद मिली और वह आठ साल बाद मिले मौके का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला करुण के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करने का मौका है। वह कई साल पहले टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने थे।

नायर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वेबसाइट पर जारी किए गए वीडियो में कहा मैं चीजों को बहुत सरल बनाए रखने की कोशिश करता हूं, हमेशा सकारात्मक चीजों के बारे में सोचता हूं, मन में कुछ लक्ष्य रखता हूं, चीजों की कल्पना करता हूं और जो कल्पना करता हूं उस पर पूरा विश्वास रखता हूं। उन्होंने कहा राहुल और प्रसिद्ध के साथ खेलना भी बहुत सुकून देने वाला है। हम बचपन से एक दूसरे के साथ खेलते रहे हैं। करुण और राहुल दोनों की उम्र 33 साल है। वे एक साथ आयु वर्ग क्रिकेट खेल चुके हैं और तब से घनिष्ठ मित्र हैं। उन्होंने कहा जीवन अपना एक चक्र पूरा कर चुका है, क्योंकि मैं इंग्लैंड में टीम से बाहर हो गया था और अब मैं इंग्लैंड में टीम में वापसी कर रहा हूं। मैं लंबे समय तक टीम से बाहर रहा और इसे मैं आत्मसात करता हूं। उन्हें 2017 में भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। नायर ने कहा टीम से बाहर होने के बाद जब मैं अगली सुबह उठा तो मेरे मन में पहला विचार यही आया कि मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं फिर से भारत के लिए खेलना चाहता हूं। शायद यही बात मुझे प्रेरित करती रही।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण

**नयी दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अभिनेत्री सांसद कंगना रनौत ने शुक्रवार को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया। आज यहां आयोजित एक समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड एंबेसडर कंगना रनौत ने 27 सितंबर से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया गया।

इस अवसर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल भारत की खेल शक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि पैरा खिलाड़ियों के अदम्य साहस, जज़्बे और जुझारूपन का महोत्सव है।

## भारी पड़ सकती है अनुभवहीनता

लीड्स, एजेंसी

अपने जमाने के दिग्गज क्रिकेटर मैथ्यू हेडन और ग्रीम स्मिथ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के हाल में संन्यास लेने से भारतीय टीम काफी अनुभवहीन हो गई है और उसे इंग्लैंड की तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा। हेडन ने आईसीसी से कहा मुझे लगता है कि भारत को वास्तव में संघर्ष करना पड़ेगा।

शुभमन गिल युवा कप्तान हैं, जो पूरी तरह से प्रतिकूल माहौल तथा तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल और उछाल वाली परिस्थितियों में खेल रहे हैं। यह एक वास्तविक चुनौती होगी। भारतीय टीम के लिए यह दौरा कड़ी अग्नि परीक्षा होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा जब भी कोई टीम इंग्लैंड के दौरे पर आती है तो उसके लिए यहां की परिस्थितियां पूरी तरह से विपरीत होती हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड परिस्थितियों से अच्छी तरह से अवगत है और ऐसे में जसप्रीत बुमराह पर अधिक बोझ पड़ेगा। स्मिथ ने कहा इंग्लैंड अपने घरेलू मैदानों पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करता है।



मैथ्यू हेडन।

**● मैथ्यू हेडन और ग्रीम स्मिथ ने कहा भारतीय टीम को इंग्लैंड की पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा**

### लाबुशेन टीम से और स्मिथ पहले टेस्ट से बाहर

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) :** पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टेस्ट टीम से बाहर कर दिया है जबकि स्टीव स्मिथ भी चोटिन होने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले सप्ताह से होने वाली श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि स्मिथ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से बाहर रहेंगे, क्योंकि पिछले सप्ताहांत लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्हें उंगली में चोट लगी थी। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए फिट होने की उम्मीद है। बल्लेबाज सैम कोंस्टास और विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस को स्मिथ और मार्नस लाबुशेन की जगह टीम में शामिल किया गया है।

## भारतीय तीरंदाजों ने नौ पदक जीते

सिंगापुर, एजेंसी



**● जूनियर तीरंदाजी के एशिया कप में भारतीय टीम को रजत पदक से करना पड़ा संतोष**

भारत के जूनियर तीरंदाजों के पास एशिया कप के दूसरे चरण में सात स्वर्ण पदक जीतने का मौका था, लेकिन पांच फाइनल में हारने के कारण उन्हें अधिकतर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस तरह से भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया। रिकर्व और कम्पाउंड स्पर्धाओं के 10 में से सात फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय तीरंदाज केवल दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे।

भारतीय खिलाड़ी जिस तरह से अपने से कम रैंकिंग वाले खिलाड़ियों से हारे वह वास्तव में चिंताजनक है। हमेशा की तरह ओलंपिक स्पर्धा के रिकर्व वर्ग में नतीजे विशेष रूप से चिंताजनक रहे जिसमें भारत एक भी स्वर्ण जीतने में असफल रहा। असल में टीम स्पर्धाओं में दो रजत पदकों के अलावा रिकर्व तीरंदाज खाली हाथ लौटे। क्वालिफिकेशन राउंड के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष टीम फाइनल में जापान के खिलाफ आसानी से हार गई। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार तीन में से दो सेटों में 50 का आंकड़ा छूने में असफल रहे और सीधे सेटों में 6-0 से हार गए। रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में भी यही कहानी रही। चौधरी और वैष्णवी पवार की चौथी वरीयता प्राप्त टीम इंडोनेशिया के खिलाफ पूरे मुकाबले में गलतियां करती रही। यदि रिकर्व वर्ग के परिणाम निराशाजनक थे, तो कम्पाउंड वर्ग ने कुछ राहत प्रदान की।

## मेसी ने फ्री किक पर गोल करके इंटर मियामी को जीत दिलाई

**अटलांटा (अमेरिका) :** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया, जिससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की।

इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1-0 से पीछे थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के 37 वर्ष के खिलाड़ी मेस्सी का जादू देखने को मिला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर से यह साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया के सबसे महानतम खिलाड़ियों में क्यों गिना जाता है।

इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।



इंटर मियामी के लियोनेल मेस्सी (दाएं) अटलांटा में इंटर मियामी और एफसी पोर्टो के बीच क्लब विश्व कप ग्रुप ए फुटबॉल मैच में दूसरा गोल करने के बाद जश्न मनाते हुए।

## डोपिंग में भारत में पॉजीटिव मामलों की दर सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली :** भारत में डोपिंग की समस्या एक बार फिर सामने आ गई, जब विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के 2023 के परीक्षण आंकड़ों में भारत 5,000 या इससे अधिक नमूनों का विश्लेषण करने वाले देशों में शीर्ष पर रहा। हालांकि खेल मंत्रालय ने युद्धस्तर पर इससे निपटने और वाडा की आपत्तियों के समाधान के बाद संशोधित डोपिंग रोधी अधिनियम जल्दी लाने का वादा किया है।

प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन में पॉजीटिव पाए जाने की भारत की दर 3.8 प्रतिशत रही और 5606 नमूनों से 214 प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष (एएएफ) मिले। नमूनों की संख्या 2022 से काफी अधिक थी जब 3865 परीक्षणों की 3.2 प्रतिशत एएएफ दर थी। इन 5606 टेस्ट में से 2748 प्रतिस्पर्धा के दौरान किये गए। भारत के पॉजीटिव नतीजों की दर चीन (28197 नमूने, 0.2 प्रतिशत एएएफ दर), अमेरिका (6798 नमूने, 1.0 प्रतिशत एएएफ दर), फ्रांस (11368 नमूने, 0.9 प्रतिशत एएएफ दर) और रूस (10395 नमूने, 1.0 एएएफ दर) से अधिक है। भारत के 214 के मुकाबले एएएफ में फ्रांस (105), रूस (99), अमेरिका (66), चीन (60) और जर्मनी (57) पीछे रहे। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा डोपिंग किसी भी स्तर पर अस्वीकार्य है।

## जीत के साथ विदा लेना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

**प्रो लीग**

**● विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का टूट चुका है सपना**

**● शनिवार और रविवार को तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से आखिरी दो मैच खेलेगी**

एंटवर्प, एजेंसी

एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार छह हार के बाद अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का सपना टूट ही चुका है लिहाजा भारतीय हॉकी टीम अब बेल्जियम के खिलाफ बाकी दो मैचों में जीत दर्ज करके प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश में होगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार और रविवार को दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से आखिरी दो मैच खेलेगी।

इस साल की शुरुआत में भुवनेश्वर चरण में अच्छे प्रदर्शन के बाद भारतीय पुरुष टीम काफी उम्मीदों के साथ यूरोप गई थी, लेकिन अभी तक एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है। इन पराजयों के बाद टीम तीसरे से आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि कुल नौ टीमें ही तालिका में हैं। प्रो लीग के विजेता को अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। नीदरलैंड के खिलाफ भारत को 1.2 और 2.3 से पराजय मिली जबकि अर्जेंटीना ने उसे 3.2 और 2.1 से और आस्ट्रेलिया ने 3.2 और 3.2 से हराया। ऐसा नहीं है कि भारतीय टीम ने यूरोप में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन आखिरी क्षणों में गोल गंवाने की आदत का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा है।



भारतीय हॉकी टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

### महिला टीम भी लगातार चार मैच हारी

**एंटवर्प :** भारतीय महिला टीम को भी लंदन में लगातार चार मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा है। उसे आस्ट्रेलिया ने 3.2 और 2.1 से जबकि अर्जेंटीना ने 4.1 और 2.0 से हराया। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में हालांकि टीम ने तेज रफ्तार आक्रामक हॉकी खेली लेकिन पेनल्टी कॉर्नर कमजोर रहा। महिला टीम भी शनिवार और रविवार को बेल्जियम से खेलेगी तो उसकी नजरें यूरोप चरण में पहली जीत दर्ज करने पर लगी होंगी। भारतीय महिला टीम इस समय नौ टीमों में सातवें स्थान पर है।

### खिलाड़ियों को प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता

**नई दिल्ली :** भारतीय हॉकी को आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले प्रोत्साहन देने की कवायद में खेल मंत्रालय ने पहली बार हॉकी खिलाड़ियों को भी 25,000 रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता (आउट आफ पॉकेट अलाउंस) देने को मंजूरी दी है। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बृहस्पतिवार को हुई 156वीं बैठक में 'टारगेट ओलंपिक पोडियम' (टॉप्स) योजना के तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों को यह भत्ता देने का फैसला लिया गया। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा हॉकी इंडिया की ओर से बार बार यह अनुरोध आ रहा था जिसे मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों (40 पुरूष और 40 महिला) को प्रतिमाह 25000 रूपये 'आउट आफ पॉकेट' भत्ता (ओपीए) दिया जाएगा।

## योग का अनूठा संगम



भारत के साथ-साथ दुनियाभर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। आगरा में शुक्रवार को ताजमहल के पीछे दशहरा घाट पर योग करती महिलाएं। एजेंसी

## तकनीक बढ़ी तो बढ़ा साइबर क्राइम

कुछ हट के

साइबर अपराध एक सामान्य शब्द है जो कंप्यूटर, नेटवर्क या डिजिटल उपकरणों के माध्यम से आपराधिक गतिविधियों का वर्णन करता है। साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली अवैध गतिविधियों की विशाल श्रृंखला के अंतर्गत माना जाता है। इनमें हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी, रैनसमवेयर और मैलवेयर हमले, कई अन्य शामिल हैं। अपराधी, पीड़ित और तकनीकी अवसंरचना दुनिया भर में फैली हुई है। व्यक्तिगत और उद्यम स्तर पर सुरक्षा कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ, साइबर अपराध कई रूप लेता है और लगातार विकसित होता रहता है। साइबर अपराध व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारी संस्थाओं के लिए एक गंभीर खतरा है और इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान, प्रतिष्ठा को नुकसान और रिकॉर्ड से समझौता हो सकता है। आगे बढ़ती तकनीक से अधिक लोग मानक संचालन के लिए डिजिटल उपकरणों और नेटवर्क पर निर्भर होते हैं। ऐसे में साइबर अपराध का खतरा भी बढ़ता है, जिससे इससे बचाव के लिए कदम उठाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।



### ऐसे करें साइबर अपराधों से बचाव

- **ईमेल सुरक्षा समाधान :** ईमेल खाते साइबर हमलावरों के लिए सॉफ्ट टार्गेट होते हैं , इसलिए ईमेल एन्क्रिप्शन, स्पैम फिल्टर और एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करना चाहिए, जो ईमेल सामग्री को अवरोधन से बचाती है।
- **पासवर्ड प्रबंधक :** साइबर अपराधी अक्सर पासवर्ड पर हमला करते हैं। इसलिए मजबूत पासवर्ड जरूरी है जो अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है।

**सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण :** सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण उपयोगकर्ताओं को साइबर हमलों के खतरे को बेहतर ढंग से पहचानने, उनसे बचने और उन्हें कम करने के तरीके के बारे में शिक्षित करने में मदद करना है।

### अपराध के प्रकार और उदाहरण

- **सोशल मीडिया धोखाधड़ी :** काल्पनिक ऑनलाइन स्टोर, कैटफिशिंग, सोशल इंजीनियरिंग हमले या प्रतिरूपण घोटाले शामिल हैं। सोशल मीडिया धोखाधड़ी अक्सर उपयोगकर्ता के भरोसे, भोलेपन और व्यक्तिगत जानकारी को ऑनलाइन साझा करने की प्रवृत्ति का फायदा उठाती है।
- **ईमेल घोटाले :** भ्रामक योजनाएं जो कई रूप लेती हैं। नकली ईमेल प्राप्तकर्ताओं को गुमराह करते हैं, जबकि सोशल इंजीनियरिंग तकनीकें लोगों को क्रेडिट कार्ड नंबर जैसी जानकारी का खुलासा करने या हमलावर को पैसे ट्रांसफर करने के लिए धोखा देती हैं।
- **बैंकिंग धोखाधड़ी :** धोखाधड़ी वाली गतिविधियां जो वित्तीय संस्थानों या उनके ग्राहकों और हितधारकों को लक्षित करती हैं। उदाहरणों में क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, एटीएम स्किमिंग और ऑनलाइन बैंकिंग घोटाले शामिल हैं।
- **ई-कॉमर्स धोखाधड़ी :** ऑनलाइन शॉपिंग तकनीक की कमजोरियों और नुकसानों का फायदा उठाने वाले विस्तृत उपभोक्ता घोटाले, जैसे कि कृत्रिम या मनगढ़ंत ऑनलाइन स्टोर, नकली विक्रेता खाते या क्रेडिट कार्ड की जानकारी की चोरी। ईकॉमर्स धोखाधड़ी के मामलों में उपभोक्ताओं और ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं दोनों को वित्तीय नुकसान होता है।

## एक नजर

### असाध्य रोगियों को जीवन समाप्त करने की अनुमति संबंधी विधेयक का समर्थन

**लंदन।** ब्रिटेन के सांसदों ने शुक्रवार को संसद में ऐतिहासिक मतदान के माध्यम से एक विधेयक का समर्थन किया, जिसके तहत इंग्लैंड और वेल्स में असाध्य रूप से बीमार वयस्कों को अपना जीवन समाप्त करने का विकल्प चुनने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही यह विधेयक अब कानून बनने के और करीब पहुंच गया है। संसद सदस्यों ने बहस के बाद असाध्य रूप से बीमार वयस्कों (जीवन का अंत) विधेयक पर मतदान किया। इसके पक्ष में 314 और विपक्ष में 291 मत पड़े। यह विधेयक अब 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' के पास जाएगा, जो नीति में संशोधन कर सकता है या विलंब कर सकता है, हालांकि वह निचले सदन के फैसले को पलट नहीं सकता।

### नाइजर में 34 सैनिकों की हत्या की, 14 घायल

**डकार (सेनेगल)।** माली और बुर्किना फासो से लगी सीमा के पास पश्चिमी नाइजर में सशस्त्र लोगों ने 34 सैनिकों की हत्या कर दी और 14 अन्य को घायल कर दिया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह हमला बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे बानीबांगौ में हुआ। हमलावर आठ वाहनों और 200 से अधिक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। सरकार ने कहा कि सुरक्षाबलों ने दर्जनों हमलावरों को मार गिराया है। अन्य हमलावरों को खोजने के लिए जमीन और हवा से तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं।

### एर्दोआन ने मिसाइल उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया

**अंकारा।** इजराइल-ईरान युद्ध के और भीषण होने के बीच तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा है कि वह देश की प्रतिरोधक क्षमताओं को मजबूत करने की योजना बना रहे हैं ताकि कोई भी देश हमला करने की हिम्मत न कर सके। एर्दोआन ने इस सप्ताह मध्यम और लंबी दूरी की मिसाइलों के उत्पादन को बढ़ाने की योजना की घोषणा की। तुर्किये के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, एर्दोआन ने शुक्रवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से टेलीफोन पर हुई बातचीत में ईरान-इजराइल युद्ध पर चर्चा की। उन्होंने मर्ज से कहा कि ईरान से संबंधित परमाणु मुद्दे का समाधान केवल बातचीत के जरिए हो सकता है।

# हमलों के बीच इजराइल और ईरान संघर्ष रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास शुरू


## ईरान के फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर हमला करने का विचार कर रहा अमेरिका

- दोनों देशों ने एक दूसरे पर बरसाए बम

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के एक सप्ताह बाद शुक्रवार को भी दोनों देशों के एक-दूसरे पर हमले जारी हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप एक ओर युद्ध में सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे हैं जबकि दूसरी ओर संघर्ष रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास शुरू होते दिख रहे हैं। ट्रंप इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या ईरान के फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर हमला किया जाए जो एक पहाड़ के नीचे स्थित है और इसे व्यापक रूप से पहुंच से बाहर बताया जाता है लेकिन अमेरिका के बंकर बस्टर बम उसे नष्ट कर सकते हैं।

ट्रंप ने कहा कि वह अगले दो सप्ताह के भीतर यह निर्णय लेंगे कि ईरान पर हमला करना है या नहीं। उन्हें अब भी इस बात की 'पर्याप्त' संभावना दिखती है कि वार्ता के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका और इजराइल की मांगें पूरी हो सकती हैं। ईरान के विदेश मंत्री ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अपने समकक्षों तथा यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक के साथ बैठक के लिए जिनेवा जा रहे हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी विदेशमंत्री रुबियो व दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की और ऐसे समझौते की संभावना पर चर्चा की जिससे संघर्ष कम हो सकता है। इजराइल ने कहा कि उसने ईरान में हवाई हमले किए, जिसमें 60 से अधिक विमानों ने मिसाइलों के निर्माण से जुड़े औद्योगिक स्थलों को निशाना बनाया।



इजराइल के बीरशेबा में ईरान से दागी गई मिसाइल की चपेट में आने के बाद एक इमारत से उठता धुआं।

### इजराइल के प्रमुख वैज्ञानिक शोध संस्थान पर भी हमला

**रेहोवोत (इजराइल)।** इजराइल वर्षों से ईरान के परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाता रहा है ताकि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ने से रोका जा सके लेकिन अब दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष में इजराइल के वैज्ञानिक भी निशाने पर आ गए हैं। दोनों ओर से जारी हमलों के बीच ईरान की मिसाइल ने इजराइल के ऐसे प्रमुख शोध संस्थान पर हमला किया है जो जीवन विज्ञान और भौतिकी समेत विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अपने काम के लिए जाना जाता है। वीजमैन विज्ञान संस्थान पर रविवार तड़के हुए हमले में हालांकि किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन इससे परिसर में स्थित कई प्रयोगशालाओं को भारी क्षति पहुंची है जिससे वर्षों से जारी शोध कार्य प्रभावित हुए हैं और इजराइली वैज्ञानिकों को यह भयावह संदेश गया है कि ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष में अब वे एवं उनके शोध कार्य भी निशाने पर आ गए हैं।

### हवाई, जमीनी व समुद्री मार्ग से अपने-अपने देश लौट रहे हैं विदेशी

**इस्लामाबाद।** दुनियाभर के देश इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने पर दोनों देशों से हवाई, जमीनी और समुद्री मार्ग से अपने नागरिकों को निकाल रहे हैं। दोनों देशों के कई दिनों से किए जा रहे हमलों और बदले की कार्रवाई के कारण पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है जिससे वाणिज्यिक उड़ानें बुरी तरह बाधित हुई हैं और लोग इस क्षेत्र से आसानी से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। कुछ सरकारें अपने नागरिकों को सड़क मार्ग से उन देशों तक पहुंचाने के लिए भूमि सीमाओं का इस्तेमाल कर रही हैं, जहां हवाई अड्डे खुले हैं। पिछले हफ्ते संघर्ष शुरू होने के बाद से हजारों विदेशी पहले ही अपने-अपने देश लौट चुके हैं। बुल्गारिया ने तेहरान से अपने सभी राजनयिकों को अजरबैजान की राजधानी बाकू भेज दिया है। बुल्गारिया के प्रधानमंत्री रोजन झेलयाझकोव ने कहा, हम दूतावास बंद नहीं कर रहे हैं लेकिन खतरा टलने तक इसे बाकू स्थानांतरित कर रहे हैं।

## सीमा पार कर ताइवान में घुसे चीन के लड़ाकू विमान

- चीन के 74 लड़ाकू विमानों में से 61 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया

**ताइपे (ताइवान), एजेंसी**



चीन ने गुरुवार देर रात और शुक्रवार सुबह ताइवान की ओर 74 लड़ाकू विमान भेजे, जिनमें से 61 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य में मध्य रेखा को पार किया। यह चीन और ताइवान के बीच अनौपचारिक विभाजन रेखा है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह के बीच इतने सारे विमान क्यों भेजे गए। उसने बताया कि विमानों को दो अलग-अलग किस्तों में भेजा गया।

चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और वह इस तरह की तैनाती का इस्तेमाल स्वशासित द्वीप को घेरने और संभवतः उस पर हमले की धमकी देने के लिए करता है। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को ब्रिटिश रॉयल नेवी के अपतटीय गश्ती जहाज 'एचएमएस स्पी' के एकदिन पहले ताइवान जलडमरूमध्य से गुजरने की पुष्टि करते हुए उसका स्वागत किया था। मंत्रालय ने कहा, एक बार फिर यह जलडमरूमध्य के अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र के दर्जे की पुष्टि करता है। ताइपे में ब्रिटेन के प्रतिनिधित्व कार्यालय ने एक बयान में कहा कि स्पी ने अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के तहत प्रदत्त अधिकारों के अनुसार ताइवान जलडमरूमध्य में नौवहन किया था।

चीन ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जन मुक्ति सेना (पीएलए) की पूर्वी थियेटर कमान ने पूरी प्रक्रिया की निगरानी की और सुरक्षा तथा प्रभावी ढंग से इसका जवाब देने के लिए सैनिकों को संगठित किया। पूर्वी थियेटर कमान ने एक बयान में कहा कि ब्रिटिश जहाज की कार्रवाई ने जानबूझकर स्थिति को बिगाड़ा और ताइवान जलडमरूमध्य की शांति एवं स्थिरता को कमजोर किया है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि चीन द्वारा ताइवान में बड़ी संख्या में भेजे गए इन विमानों का संबंध ब्रिटिश जहाज के ताइवान जलडमरूमध्य में नौवहन से है या नहीं।

## तीन वर्षों में ही समाप्त हो जाएगा कार्बन बजट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री से. तक सीमित रखने का लक्ष्य, वैज्ञानिकों के अंतर्राष्ट्रीय समूह ने जताई चिंता

वैज्ञानिकों के एक अंतर्राष्ट्रीय समूह के अनुसार, अगर दुनिया में वर्तमान दर से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन होता रहा, तो वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का कार्बन बजट तीन वर्षों में ही समाप्त हो जाएगा। कार्बन बजट से तात्पर्य कार्बन डाइऑक्साइड की कुल मात्रा से है जिसे ग्रह उत्सर्जित कर सकता है। फिलहाल तापमान एक निश्चित सीमा से नीचे रहने की अच्छी संभावना है।

2015 में हुए पेरिस जलवायु सम्मेलन में कार्बन उत्सर्जन की सीमा 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने पर सहमति व्यक्त की गई थी। कार्बन बजट पार करने का मतलब यह नहीं है कि 1.5 डिग्री की सीमा तुरंत पार हो जाएगी। इसका मतलब है कि अगर उत्सर्जन में भारी कटौती नहीं की गई तो दुनिया बहुत जल्द कार्बन बजट पार कर जाएगी। अर्थ सिस्टम साइंस डेटा पत्रिका में प्रकाशित नवीनतम वैश्विक जलवायु परिवर्तन संकेतक अध्ययन में यह भी पाया कि यदि कार्बन उत्सर्जन वर्तमान स्तर पर रहा तो 2048 तक 2 डिग्री सेल्सियस का कार्बन बजट पार हो सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि मानवीय गतिविधियों के कारण पिछले एक दशक में हर साल लगभग 53 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में छोड़ा गया है।

## साइबर अपराध में दोषी 85 चीनी नागरिकों को किया निर्वासित

**कोलंबो।** श्रीलंका में साइबर अपराध के मामले में दोषी पाए गए 85 चीनी नागरिकों को देश से निर्वासित कर दिया गया है। कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मध्य प्रांत के कुंदसाले कस्बे में साइबर अपराध गतिविधियों में लिप्त 22 महिलाओं समेत 130 चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। इन सभी को टेलडेनिया की मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से 200 से अधिक मोबाइल फोन, 100 से ज्यादा लैपटॉप और अन्य सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण जब्त किए गए। अदालत के आदेशानुसार, जब्त उपकरणों को कोलंबो स्थित चीनी दूतावास को सौंपा जाएगा। कुल 130 आरोपियों में से 122 को अदालत के आदेश के बाद आव्रजन हिरासत केंद्र में भेजा गया था।

## कीव पर मिसाइल हमले के बाद रूस पर अधिक दबाव बनाने की अपील

- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा- इस वर्ष राजधानी पर हुआ सबसे घातक हमला

**कीव, एजेंसी**



यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि कीव के नौ मंजिला अपार्टमेंट पर रूसी मिसाइल हमला इस बात का संकेत है कि युद्धविराम के लिए मास्को पर अधिक दबाव डाले जाने की जरूरत है। कीव सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मंगलवार सुबह कीव पर ड्रोन और मिसाइल से किया गया हमला इस वर्ष राजधानी पर हुआ सबसे घातक हमला है।

इस हमले में 28 लोग मारे गए और 142 अन्य घायल हो गए। जेलेंस्की ने राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख आंद्रेई यरमक और आंतरिक मंत्री इगोर के साथ गुरुवार सुबह कीव के सोलोमिंस्की जिले में स्थित इमारत का दौरा किया और वहां हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जेलेंस्की ने कहा यह हमला दुनिया को यह दिखाता है कि कि रूस युद्धविराम को स्वीकार नहीं करता और हत्या का विकल्प चुनता है। उन्होंने साथ ही रूस पर दबाव डालने के लिए तैयार यूक्रेन के सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने 440 से अधिक ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं जो 24 फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे बड़ा हमला है।

### यूक्रेन के दो शहरों में ड्रोन हमले, एक व्यक्ति की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के दो शहरों पर ड्रोन हमले किये, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रूस ने रात में ड्रोन से हमले किये, जिसमें दक्षिणी यूक्रेन के बंदरगाह शहर ओडेसा और उत्तरपूर्वी शहर खारकीव को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि 20 से अधिक ड्रोन हमलों में 17 और 12 वर्ष की दो लड़कियों सहित कम से कम 24 नागरिक घायल हो गए।

## ट्रंप को लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड सैनिकों पर नियंत्रण की अनुमति

**एंजिलिस।** अमेरिका की एक अपीलीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति ट्रंप को आव्रजन संबंधी मामलों में छापेमारी को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद लॉस एंजिलिस में तैनात किए गए नेशनल गार्ड के सैनिकों पर नियंत्रण बनाए रखने की अनुमति दे दी। इस निर्णय ने अधीनस्थ अदालत के न्यायाधीश के इस फैसले पर रोक लगा दी है कि कैलिफोर्निया के गवर्नर के विरोध के बावजूद सैनिकों को सक्रिय करके ट्रंप ने गैर कानूनी कार्य किया था। यह 1965 के बाद से पहली बार है जब गवर्नर की अनुमति के बिना किसी राष्ट्रपति ने नेशनल गार्ड को तैनात किया है। नाइंथ यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने सर्वसम्मति से निष्कर्ष निकाला कि ट्रंप ने गार्ड पर नियंत्रण को संघीय मामला बनाकर अधिकार का संभवतः विधिसम्मत इस्तेमाल किया था।

## पाकिस्तान में धर्मांतरण के विरोध के बाद तीन हिंदू बहनों को कराया मुक्त

**कराची, एजेंसी**

- पुलिस ने चारों को सिंध प्रांत के हैदराबाद से कराया मुक्त

पाकिस्तान पुलिस ने सिंध प्रांत में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की तीन लड़कियों और उनके चचेरे भाई को मुक्त करा लिया है। तीनों लड़कियों और उनके भाई का जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा था जिसका हिंदू समुदाय की ओर से विरोध किए जाने पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। हिंदू समुदाय ने 16, 19 और 22 वर्ष की तीन बहनों तथा उनके 13 वर्षीय चचेरे भाई की माताओं की अपील पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिन्होंने दावा किया कि उन्हें जबरन इस्लाम कबूल करवाया गया।

पुलिस ने चारों को हैदराबाद से मुक्त कराया। एसएसपी गुलाम नबी कीरियो ने कहा, हमने उनका धर्मांतरण कराने वाले संदिग्ध को भी गिरफ्तार कर लिया है। कीरियो ने बताया कि तीनों बहनें और उनका चचेरा भाई बुधवार सुबह बिना किसी को बताए घर से चले गए थे। कुछ घंटों बाद उनके वीडियो सामने आए, जिसमें चारों यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि उन्होंने अपनी मर्जी से इस्लाम धर्म अपनाया है। कीरियों के मुताबिक वीडियो में तीनों बहनें और चचेरा भाई अपने परिवार पर उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने का आरोप लगाते सुनाई दे रहे थे। इस घटना के बाद उनकी माताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की और कहा कि लड़का सिर्फ 13 साल का है और उसे धर्म की भी समझ नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद हिंदू पंचायत और कुछ निर्वाचित नेताओं ने पुलिस से कार्रवाई करने का आग्रह किया।

## मुनीर ने अमेरिका में क्षेत्रीय शांति के प्रति प्रतिबद्धता जताई

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने अमेरिका में हुईं मुलाकातों के दौरान क्षेत्रीय शांति व स्थिरता और नियमों पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता जताई। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि मुनीर ने ट्रंप से मुलाकात के बाद वाशिंगटन डीसी में वरिष्ठ स्कॉलर, विश्लेषकों, नीति विशेषज्ञों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक वार्ता की। मुनीर अमेरिकी वैचारिक समूहों और सामरिक मामलों के संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत से प्रमुख क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर पाकिस्तान के सैद्धांतिक रुख को स्पष्ट करने व पाकिस्तान के सामरिक दृष्टिकोण की समझ को बढ़ाने का अवसर मिला।

**चिंताजनक** चिल्ड्रन इन आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट की वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा, 18 साल से कम उम्र के बच्चों के खिलाफ घोर अपराध 25 % बढ़े

## 2024 के संघर्षों में बच्चों के खिलाफ अभूतपूर्व स्तर पर पहुंची हिंसा

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल विभिन्न जगहों पर संघर्षों के दौरान बच्चों के खिलाफ हिंसा अभूतपूर्व स्तरों पर पहुंच गई। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा अपराध गाजा और वेस्ट बैंक, कांगो, सोमालिया, नाइजीरिया और हैती में हुए हैं। गुरुवार देर रात जारी चिल्ड्रन इन आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट नामक वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की तुलना में 2024 में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के खिलाफ घोर अपराध 25 प्रतिशत बढ़े हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की इस रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में अपराधों में 21 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि 2024 में बच्चों को निरंतर जारी रही शत्रुता व अंधाधुंध हमलों का खामियाजा भुगतना पड़ा। वे युद्ध विराम और शांति समझौतों की अवहेलना और गहराते मानवीय संकटों से प्रभावित हुए। उन्होंने युद्ध की रणनीतियों का जिक्र किया जिसमें बच्चों पर हमले, आबादी वाले क्षेत्रों में तेजी से विनाशकारी और विस्फोटक हथियारों की तैनाती, और लड़ाई के लिए बच्चों का व्यवस्थित शोषण शामिल है। संयुक्त राष्ट्र ने बच्चों के खिलाफ 41,370 घोर अपराधों की पुष्टि की है, इनमें से 36,221 अपराध 2024 में और 5,149 उससे पहले किए गए थे, लेकिन ये पिछले साल सत्यापित किए गए। इन अपराधों में बच्चों की हत्या, उन्हें अपंग बनाना, अपहरण, यौन हिंसा, स्कूलों और अस्पतालों पर हमला और युवाओं को मानवीय सहायता तक पहुंच से वंचित करना शामिल है। इजराइली सेना को दूसरे वर्ष भी बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाले देशों की काली सूची में रखा है।



### बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराध से स्तब्ध : गुतारेस

गुतारेस ने कहा कि वह कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों और इजराइल में बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराध से स्तब्ध हैं और अपराधों में वृद्धि, विशेष रूप से इजराइली बलों द्वारा मारे गए बच्चों की बड़ी संख्या बहुत चिंता की बात है। उन्होंने एक बार फिर इजराइल से अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने की अपील की। बच्चों के लिए विशेष सुरक्षा, स्कूलों और अस्पतालों की सुरक्षा, हमलों में लड़ाकों और नागरिकों के बीच अंतर करने तथा नागरिकों को अत्यधिक नुकसान से बचाने की आवश्यकता का अनुपालन करने की बात कही है। संरा ने कांगो में, पिछले साल 3,418 बच्चों के खिलाफ़ 4,043 सत्यापित गंभीर अपराधों की जानकारी दी है। सोमालिया में 1,992 बच्चों के खिलाफ 2,568, नाइजीरिया में 1,037 बच्चों के खिलाफ 2,436, हैती में 1,373 बच्चों के खिलाफ 2,269 सत्यापित गंभीर अपराधों की जानकारी दी गई है।